# हरिभूमि

जबलपुर
शुक्रवार, 14 जून 2024

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## अब मिलेगी समय पर सहायता...

सड़क, औद्योगिक दुर्घटना और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में **नि:शुल्क वायु परिवहन सेवा**




## पीएमश्री
## एयर एम्बुलेंस सेवा
### संचालन प्रारंभ



"हमारी सरकार प्रदेश की जनता को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराते हुए स्वस्थ मध्यप्रदेश के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित है। अब प्रदेश में गंभीर रोगियों को पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा के जरिए उचित समय पर बेहतर इलाज मिल सकेगा"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 9111777858

सशुल्क एयर एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध, सम्पर्क करें : 0755-4092530

- आयुष्मान कार्ड धारक को प्रदेश व देश में कहीं भी इलाज हेतु शासकीय और आयुष्मान सम्बद्ध अस्पताल में नि:शुल्क सुविधा
- आयुष्मान कार्ड धारक न होने पर प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क परिवहन सुविधा जबकि प्रदेश के बाहर निर्धारित शुल्क पर परिवहन सुविधा
- सड़कों या औद्योगिक स्थलों पर होने वाली दुर्घटना, हृदय रोगी या जहर से प्रभावित व्यक्ति को अब मिल सकेगा अच्छे चिकित्सा संस्थानों में समय पर इलाज
- अस्पताल द्वारा मरीज की स्थिति की गंभीरता की जांच के उपरांत मिल सकेगी एयर एम्बुलेंस की सुविधा

### एयर एम्बुलेंस सेवा की अनुमति

- दुर्घटना प्रकरण में संभाग के अंदर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अनुशंसा पर जिला कलेक्टर द्वारा
- दुर्घटना अथवा अन्य आपदा की स्थिति में संभाग के बाहर परिवहन हेतु स्वास्थ्य आयुक्त द्वारा
- दुर्घटना के अतिरिक्त अन्य गंभीर प्रकरणों में प्रदेश के अंदर संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता की अनुशंसा पर संभागीय आयुक्त द्वारा
- प्रदेश के बाहर गंभीर रोगी या दुर्घटना पीड़ित आयुष्मान कार्डधारी होने पर संचालक चिकित्सा शिक्षा द्वारा
- सशुल्क परिवहन हेतु एन.एच.एम. कार्यालय स्तर पर अनुमति मिलेगी

- रोगी/पीड़ित को एयर एम्बुलेंस तक पहुंचाने के लिए संजीवनी 108 एम्बुलेंस होगी उपलब्ध
- एयर एम्बुलेंस सेवा में हृदय रोग, श्वास और तंत्रिका संबंधी बीमारियों, नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य समस्याएं, उच्च जोखिम वाले गर्भधारण तथा आपदा की स्थिति को संभालने के लिये प्रशिक्षित चिकित्सक और पेरा मेडिकल स्टाफ रहेगा मौजूद
- हवाई परिवहन के दौरान रोगी/पीड़ित के लिए ₹ 50 लाख के दुर्घटना बीमा का प्रावधान

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

D-11013/24

# खांडू बने सीएम तो 20 साल बाद राज्य में पहली महिला कैबिनेट मंत्री बनीं दासंगलू

एजेंसी ▶▶ ईटानगर

भारतीय जनता पार्टी के नेता पेमा खांडू ने गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह ईटानगर के दोरजी खांडू सम्मेलन केन्द्र में हुआ। चौना मीन ने अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

भव्य शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, किरण रिजिजू और असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा समेत कई वीआईपी शामिल रहे। खांडू लगातार तीसरी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बने है। खांडू के साथ 11 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। भाजपा ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट पर जीत हासिल कर लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की सत्ता में वापसी की है।

## पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह भी रहे मौजूद, चौना मीन बने उपमुख्यमंत्री




### दासंगलू 2016 में बनी थीं विधायक



करीब 20 साल बाद पहली बार अरुणाचल प्रदेश में किसी महिला विधायक को कैबिनेट मंत्री बनाया गया। हयुलियांग विधानसभा सीट से भाजपा की महिला विधायक दासंगलू पुल को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। दासंगलू पुल 2016 में अरुणाचल प्रदेश विधान सभा चुनाव में हयुलियांग से पहली बार विधायक चुनी गई थी। दासंगलू पुल पेमा खांडू कैबिनेट में मंत्री के रूप में शामिल होने वाली पहली महिला बन गई हैं।

### हयुलियांग विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध चयनित

दासंगलू पुल अरुणाचल प्रदेश की दूसरी महिला कैबिनेट मंत्री हैं। कोमली मोसांग राज्य की पहली महिला मंत्री थीं। दासंगलू पुल अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कलिखो पुल की पत्नी हैं। इस चुनाव में दासंगलू पुल को हयुलियांग विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध चुना गया है। लोक जन शक्ति पार्टी के थाकजेलियम टिंड्या और कांग्रेस के बाफुत्सो क्रोंग ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिससे दासंगलू पुल की निर्विरोध जीत तय हो गई।

### विवादों में भी रहीं

26 अप्रैल 2023 को गुवाहाटी हाई कोर्ट ने 2019 पुल की चुनावी जीत को उनके चुनाव की जानकारी छुपाने के कारण अमान्य घोषित कर दिया। उनके प्रतिद्वंद्वी लुपालम क्रि द्वारा दायर याचिका पर अमान्य करने का फैसला सुनाया था।लुपालम क्रि ने आरोप लगाया था कि उन्होंने नामांकन फॉर्म में अपने दिवंगत पति की संपत्तियों का खुलासा नहीं किया था। हाई कोर्ट ने इस आधार पर आदेश दिया कि दासंगलू पुल का नामांकन नियम के अनुसार नहीं था। इसे खारिज किया जा सकता था। हालांकि 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया।

### मुख्यमंत्री खांडू सबसे अमीर मंत्री

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव 2024 में सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले शीर्ष तीन उम्मीदवारों में खुद मुख्यमंत्री पेमा खांडू शामिल थे। पेमा खांडू ने अपनी संपत्ति 332 करोड़ घोषित की है। नई सरकार के गठन के बाद पेमा खांडू सबसे अमीर मंत्री भी बन गए हैं । इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने भी अपनी संपत्ति का खुलासा किया है।

## खबर संक्षेप

### 22 को होगी नई सरकार की जीएसटी की मीटिंग

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून



को होगी। यह 53वीं बैठक है। अभी तक बैठक के एजेंडा की जानकारी काउंसिल के सदस्यों को नहीं दी गई है। आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद की यह पहली बैठक है। जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक 7 अक्टूबर, 2023 को आयोजित हुई थी।

### अपने घर पर मृत मिले साउथ अभिनेता प्रदीप

**पलवक्कम।** साउथ अभिनेता प्रदीप के विजयन 12 जून को अपने पलवक्कम स्थित घर में मृत पाए



गए थे। अभिनेता के दोस्त पिछले दो दिनों से उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे थे, जब उनका फोन नहीं उठा तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया, जिन्होंने उन्हें मृत पाया। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

### ग्रेटर नोएडा के फ्लैट में आग, सामान खाक

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिला के ग्रेटर नोएडा के ग्रेनो वेस्ट स्थित गौर सिटी एक की 6 एवेन्यू



सोसायटी में एसी ब्लास्ट के बाद फ्लैट में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया।गौर सोसायटी में फ्लैट संख्या 18 में आलवेज बी फिट के नाम से योगा सेंटर है। सोसायटी की रेखा सिंह महिलाओं को योगा सिखाती हैं।

### बचाओ-बचाओ करते-करते खामोश हो गईं 5 जिंदगियां

**गाजियाबाद।** यहां के लोनी के बेहटा हाजीपुर गांव में पार्किंग ठेकेदार सारिक के दो मंजिला



मकान में बुधवार रात भीषण आग लग जाने से दो मासूम बच्चे और दो महिलाओं समेत पांच लोग जिंदा जल गए। ये पांचों धुएं की वजह से बाहर नहीं निकल सके। रात 12 बजे शव निकाले गए। एक युवती और एक बच्चा झुलस गए हैं। आग की वजह शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### संदेशखाली मुद्दे पर पहला आरोप-पत्र दायर

**कोलकाता।** संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमले के मामले में सीबीआई ने



तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और पांच अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास और आपराधिक साजिश में आरोपपत्र दाखिल किया है। करोड़ों रुपए के राशन वितरण घोटाले में शेख के घर छापा मारने गई ईडी की टीम पर भीड़ ने हमला किया था।

## शीर्ष अदालत ने कहा -हमारे पास फॉर्मूला तय करने की विशेषज्ञता नहीं

# अपर यमुना रिवर बोर्ड से दिल्ली जल संकट को 'जल्द' सुलझाने को कहा

***दिल्ली जल संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल संकट विवाद से किनारा कर लिया है। कोर्ट ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल के बंटवारे से संबंधित मुद्दा एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट के पास फॉर्मूला तय करने की विशेषज्ञता नहीं है।

कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वे गुरुवार शाम पांच बजे तक अपर यमुना रिवर बोर्ड के समक्ष अपनी मांग रखे। बता दें कि दिल्ली जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के बीच हिमाचल प्रदेश सरकार ने कहा है कि उनके पास दिल्ली को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। दिल्ली सरकार ने आज (गुरुवार) सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने हलफनामे में कहा है कि वो टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती, क्योंकि टैंकर माफिया यमुना के दूसरे किनारे से पानी ले रहे हैं जो हरियाणा में पड़ता है।



### बोर्ड को दिया निर्देश

कोर्ट ने अपर यमुना रिवर बोर्ड को निर्देश दिया कि वो दिल्ली सरकार का आवेदन मिलने के बाद कल शाम बैठक कर इस मामले को जितना जल्द हो सके सुलझाएं। अगर जरूरत पड़ी तो अपर यमुना रिवर बोर्ड रोजाना बैठक कर सकती है।

### दिल्ली ने दायर किया हलफनामा

दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने हलफनामे में कहा है कि वो टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती, क्योंकि टैंकर माफिया यमुना के दूसरे किनारे से पानी ले रहे हैं जो हरियाणा में पड़ता है। दिल्ली सरकार ने कहा है कि अदालत इस मामले में हरियाणा से पूछे कि कार्रवाई क्यों नहीं की गई। दरअसल, कल 12 जून को सुप्रीम कोर्ट ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई थी।

### पानी की बर्बादी रोकने के लिए क्या कदम उठाए ?

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने दिल्ली सरकार से कहा था कि अगर टैंकर माफिया के खिलाफ आप कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो हम दिल्ली पुलिस को आदेश देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को हलफनामा दाखिल कर ये बताने को कहा है कि पानी की बर्बादी रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं।

### दिल्ली सरकार ने सीमावर्ती राज्य से अतिरिक्त पानी मांगा

दिल्ली सरकार की याचिका में दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी दिए जाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी का हवाला देते हुए कहा था कि दिल्ली की पानी की जरूरत बढ़ गई है। ऐसे में देश की राजधानी में पानी की जरूरत पूरा करना सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए सीमावर्ती राज्य अतिरिक्त पानी दिल्ली को दें।

### दिल्ली जल बोर्ड 1000 टैंकर चला रहाः आतिशी



राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के बीच, दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने एडीएम, एसडीएम और तहसीलदारों की टीम के साथ अक्षरधाम के पास जल वितरण नेटवर्क का निरीक्षण किया। अतिशी ने मीडिया से कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने टैंकर के विषय को उठाया था और हमने उसपर रिपोर्ट फाइल की है लेकिन आज के दिन में दिल्ली जल बोर्ड 1000 टैंकर चला रहा है, अवैध टैंकर रोकने की ज़रूरत है लेकिन उसे रोकने से भी 40 एमजीडी की पानी की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है।

### राजकोट हादसाः बड़ी मछलियों पर कार्रवाई कब?



**अहमदाबाद।** गुजरात हाइकोर्ट ने राजकोट अग्निकांड पर सरकार को फटकार लगाई है।एसआईटी के अलावा विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि 15 दिन में एक फैक्ट फाइडिंग रिपोर्ट दी जाए, जिसमें किसने लापरवाही की, किसकी क्या भूमिका रही, कौन जिम्मेदारी नहीं निभा रहा था, इन सभी प्रश्नों के जवाब शामिल होने चाहिए। मोरबी हादसे और हरिणी लेक हादसे का भी जिक्र किया और कहा कि बड़ी मछलियों पर कार्रवाई कब होगी?

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

# यौन उत्पीड़न में मर्द ही हमेशा गलत नहीं होता



एजेंसी ▶▶ इलाहाबाद

यौन उत्पीड़न के एक मामले की सुनवाई करते हुए, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि भले ही कानून महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए बने हैं, लेकिन मर्द ही हमेशा गलत नहीं होता।

कोर्ट ने शादी के झूठा वादा करके यौन उत्पीड़न करने के आरोपों की सुनवाई करते हुए यह बात कही। सारे तथ्यों के सामने आने के बाद अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में केस को साबित करने की जिम्मेदारी आरोपी और शिकायतकर्ता दोनों पर होती है। जस्टिस राहुल चतुर्वेदी और जस्टिस नंद प्रभा शुक्ला ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यौन उत्पीड़न से जुड़े कानून महिला केंद्रित हैं। इनका उद्देश्य महिलाओं की गरिमा-सम्मान की रक्षा करना है। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि हमेशा मर्द ही गलत नहीं होते।

### शादी के वादे पर यौन संबंध बनाता

अदालत ने आरोपी को बरी किए जाने के खिलाफ दायर अर्जी पर यह बात कही। आरोपी पर एससी-एसटी ऐक्ट के तहत भी केस दर्ज हुआ था। पीड़िता ने 2019 में केस दर्ज कराया था और कहा था कि आरोपी उसके साथ यौन संबंध बनाता रहा और वादा किया था कि शादी करेगा। लेकिन बाद में उसने शादी करने से इनकार कर दिया। महिला ने आरोप लगाया था कि उस शख्स ने जातिसूचक शब्द कहे थे।

### महिला पहले से ही शादीशुदा थी

आरोपी शख्स के खिलाफ 2020 में चार्जशीट दाखिल की गई थी। ट्रायल कोर्ट ने 2023 में आरोपी शख्स को रेप केस से बरी कर दिया था। आरोपी का कहना था कि दोनों के बीच सहमति से संबंध बने थे। उसने महिला से शादी करने से तब इनकार कर दिया था, जब उसे पता चला कि वह 'यादव' बिरादरी से नहीं है, जैसा कि उसने दावा किया था। यही नहीं पूरे मामले की पड़ताल के बाद अदालत ने पाया कि आरोप लगाने वाली महिला की पहले भी 2010 में किसी शख्स से शादी हुई थी, लेकिन दो साल बाद ही वह अलग रहने लगी थी।

## बिजनौर के हीमपुर दीपा की घटना

# बेटे को फावड़े से काटा... जलाया आखिरकार लकड़ियों पर जलाया

एजेंसी ▶▶ बिजनौर

चार साल के इकलौते बेटे को मां ने फावड़े से काटा, नहीं मरा तो उसे गैस के चूल्हे पर जलाया, नहीं जला तो फिर लकड़ियों में आग लगाकर जिंदा जलाने लगी..... ये कोई कहानी नहीं बल्कि बिजनौर में हुई एक ऐसी ही सच्ची घटना है।

ऐसी वारदात जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते।संतान की बात आती है तो मां मौत से भी लड़ जाती है। बिजनौर में भी ऐसा ही कुछ हुआ। यह वारदात है बिजनौर के हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र की है।



जलालपुर हसना में मां ने मासूम बेटे की हत्या कर दी। उसने बेटे को पहले फावड़े से काटने की कोशिश की, नहीं कटा तो उसको गैस के चूल्हे पर रख कर जलाने की कोशिश की। बच्चे की जान फिर भी नहीं निकली तो लकड़ियों का ढेर बनाया उसमें आग लगा दी।

## सफाईकर्मी भर्ती में ले रही थीं पैसा

# सड़कों पर झाड़ू लगाई, डिप्टी कलेक्टर बनीं, घूस लेते धरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान के जोधपुर में सड़कों पर झाड़ू लगाने वाली आशा कंडरा ने 2021 में डिप्टी कलेक्टर बनकर खूब सुर्खियां बटोरी थी। जयपुर में तैनात आशा को 12 जून को राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 1 लाख 75 हजार रुपए घूस लेते पकड़ा। एसीबी को जानकारी मिली थी कि वह सफाईकर्मी भर्ती के लिए लोगों से पैसे ले रही थीं।

## राजनाथ और नायडू ने कार्यभार संभाला





**नई दिल्ली।** राजनाथ सिंह ने रक्षा और किंजरापु राममोहन नायडू ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कार्यभार संभाला।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज किया

# सरकार ने नकारा, कांग्रेस बोली-सीबीआई जांच हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट- यूजी) में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इसका कोई प्रमाण नहीं है। वहीं, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि मोदी सरकार इस स्कैम पर कोई भी चर्चा नहीं कर रही है।

अब इस मामले में हम सीबीआई जांच की मांग करते हैं। सरकार इस जरूरी मामले से भाग रही है, वो चर्चा भी नहीं करना चाहती है। जिस एजेंसी के नेतृत्व में ये स्कैम हुआ, अब उसी को जांच की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को मेडिकल एंट्रेस एग्जाम नीट-यूजी में पेपर लीक के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इसका कोई सबूत नहीं है।

*नीट परीक्षा पर सियासत गरमाई, तकरार बढ़ी*

सरकार के कामकाज पर कांग्रेस का प्रश्नचिह्न?






**सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग**

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मानना है कि नीट परीक्षा की जांच की मांग के प्रति भाजपा सरकार का रवैया गैरजिम्मेदाराना और असंवेदनशील है। हम इस पूरे घोटाले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग करते हैं।

### गोगोई ने सरकार के रवैए पर उठाए सवाल

*गोगोई ने कहा कि कि कांग्रेस पार्टी का मानना है कि नीट परीक्षा की जांच की मांग के प्रति भाजपा सरकार का रवैया गैरजिम्मेदाराना और असंवेदनशील है। हम इस पूरे घोटाले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग करते हैं। इससे करीब 24 लाख छात्र प्रभावित हुए हैं। नीट घोटाले पर ध्यान देने के बजाए प्रधानमंत्री मोदी शपथ समारोहों में भाग लेने और विदेश यात्राओं पर जाने में व्यस्त हैं। इंडी गठबंधन इन छात्रों के मुद्दे को उठाएगा।*

## ओडिशा सरकार ने निभाया वादा

# पूजा कर जगन्नाथ पुरी मंदिर के चारों द्वार खोल दिए गए

एजेंसी ▶▶ पुरी

ओडिशा में समुद्र तट पर स्थित विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार गुरुवार सुबह प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में खोल दिए गए। बुधवार को ओडिशा कैबिनेट ने चारों द्वारों को खोलने का प्रस्ताव पारित किया था।

सीएम मोहन चरण माझी ने मंदिर में पूजा की। इस दौरान पुरी के सांसद संबित पात्रा, बालासोर के सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और अन्य उपस्थित रहे। माझी ने कहा कि कैबिनेट में जगन्नाथ मंदिर के 4 द्वारों को खोलने के लिए हमने प्रस्ताव



रखा था और वो प्रस्ताव पारित हुआ। आज सुबह प्रशासन की उपस्थिति में 4 द्वारों को खोला गया। माझी ने जगन्नाथ मंदिर में पूजा की। इस दौरान पुरी के सांसद संबित पात्रा, बालासोर के सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और पार्टी के अन्य नेता भी साथ रहे। अन्य उपस्थित लोग 'जय जगन्नाथ' का उद्घोष कर रहे थे।

जबलपुर
शुक्रवार, 14 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-13
वर्ष : 19, अंक : 45
पृष्ठ : 2+6+6=14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 39
न्यून. 28

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


10 जून से यह आदेश प्रभावी हो गया

## डोभाल तीसरी बार बने एनएसए मिश्रा भी बने रहेंगे प्रधान सचिव

डोभाल और मिश्रा का कार्यकाल प्रधानमंत्री मोदी के साथ ही पूरा होगा





एजेंसी ⏭नई दिल्ली

नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अजित डोभाल को फिर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है। डोभाल तीसरी बार भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाए गए हैं। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी पीके मिश्रा को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में फिर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यालय में की गई है।

### नियुक्ति की शर्तें और नियम अलग से अधिसूचित होंगे

दोनों की नियुक्ति की शर्तें और नियम अलग से अधिसूचित किए जाएंगे। मि 1972 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह पिछल एक दशक से पीएम मोदी के साथ बतौर प्रधान सचिव कार्यरत हैं। मिश्रा पीएमओ में नियुक्तियों और प्रशासनिक मामलों के काम काज को देखेंगे।

आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए

# डीजीपी बोले-एक-एक आतंकी को ढूंढ ढूंढकर मारेंगे, सेना को भी दी खुली 'छूट'

## एक्शन में मोदी, बोले- आतंकवादियों को पूरी क्षमता से दें जवाब, शाह से भी की बात

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



जम्मू में पिछले कुछ दिनों में एक के बाद एक आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही विभिन्न पक्षों से आतंकवादियों से पूरी क्षमता के साथ निपटने का स्पष्ट निर्देश दिया है। पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति ो लेकर गुरुवार को समीक्षा बैठक की।

पीएम मोदी को सुरक्षा सलाहकार डोभाल व उपराज्यपाल सिन्हा ने भी ब्रीफ किया

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को लेकर पीएम मोदी ने गुरुवार को समीक्षा बैठक की



### जम्मू संभाग में हाई अलर्ट

आतंकी हमलों के इनपुट मिलने के बाद जम्मू संभाग में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। डोडा के घने जंगलों और ऊंचे वाले इलाकों में भी एसओजी की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही है। बुधवार शाम को इसी इलाके में आतंकियों ने हमला किया था। हमले में एसओजी का एक जवान घायल हो गया था। जम्मू संभाग में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया हुआ है।

### 'ब्लैक शीप' की खोज और पहचान के लिए भी ऑपरेशन


संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी हो रहे हैं। ऑपरेशन से जुड़े विश्वस्त सूत्रों का कहना है, 100 घंटे में 4 हमले, ये एक सोची साजिश है। पाकिस्तान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ताजा घुसपैठ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। भले ही बॉर्डर पर सीजफायर लागू है, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के सदस्य जम्मू कश्मीर में प्रवेश कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन में आतंकियों को हर तरह की मदद पहुंचाने वाली 'ब्लैक शीप' (काली भेड़) मौजूद हैं। इनके चलते पड़ोसी मुल्क के दहशतगर्द, सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाते हैं। 'ब्लैक शीप' की खोज और पहचान के लिए अलग से ऑपरेशन शुरू किया गया है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### रायसेन में पकड़ा गया आदमखोर बाघ

**रायसेन।** वन विभाग आखिरकार आदमखोर बाघ को पकड़ने में सफल हो गया। बाघ पिछले 3 महीने से वन विभाग को परेशान कर रहा था। कुछ दिन पहले इसने एक किसान का शिकार भी किया था। सुरई के जंगलों से सतपुड़ा एवं कान्हा टाइगर रिजर्व से आई टीम ने बाघ को पकड़ लिया। पांच हाथियों के साथ फॉरेस्ट के जवानों ने इस टाइगर को पकड़ा है।




### येदियुरप्पा पर पॉक्सो का मामला, वारंट जारी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में बेंगलुरु की एक अदालत ने गुरुवार को गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। उनके खिलाफ एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामला 2 फरवरी को बेंगलुरु का है।



### आइसक्रीम में निकली इंसानी अंगुली

**मुंबई।** यम्मो कंपनी की आईसक्रीम में इंसानी अंगुली मिलने से हड़कंप मच गया है। मलाड के ब्रैंडन फेराओ ने बताया कि उसने यम्मो से ऑनलाइन इस आइसक्रीम को ऑर्डर किया था। उसने आधी से ज्यादा आइसक्रीम खा भी ली थी और तभी उसे लगा कि इसमें कुछ गड़बड़ है। फिर उसने अपने मुंह से वो टुकड़ा निकाला पता चला कि ये किसी की अंगुली है।



मप्र में पर्यटन को मिली एक 'नई उड़ान'...भोपाल एयरपोर्ट से पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ

# 30 जिलों में एयर स्ट्रिप का विकास कर पायलट ट्रेनिंग की व्यवस्था होगी

हेलीकॉप्टर से धार्मिक स्थलों के दर्शन की सुविधा शुरू होगी

प्रदेश के सभी क्षेत्रों में एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के शुभारंभ मौके पर भोपाल एयरपोर्ट स्थित सेवा का टिकट बुकिंग काउंटर शुरू किया तथा यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किए*



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मोहन सरकार ने गुरुवार को प्रदेश के लोगों खासकर पर्यटन व स्वास्थ्य के मद्देनजर एक बड़ी सौगात दी है। मप्र के 8 शहरों के लिए गुरूवार से हवाई सेवा की शुरूआत हो गई। इससे पर्यटन के साथ साथ उद्योग, व्यापार, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र को विशेष तौर पर लाभ होगा। यह सेवा गुरुवार से भोपाल से रीवा के लिए शुरू हुई है। जबकि 15 जून को ग्वालियर और 16 जून को उज्जैन से शुभारंभ होगा।

15 जून को ग्वालियर और 16 जून को उज्जैन से शुभारंभ होगा

मप्र के 8 शहरों के लिए गुरूवार से हवाई सेवा की शुरूआत हो गई। इससे पर्यटन के साथ साथ उद्योग, व्यापार, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र को विशेष तौर पर लाभ होगा।



### तीन तरह की सुविधाएं हर यात्री को मिलेंगी

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में हवाई यातायात के तहत तीन प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी प्रमुख स्थलों पर एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध है, जरूरत होने पर कलेक्टर से संपर्क कर एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ लिया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव अवधि में भी एयर एंबुलेंस ने अपनी सेवाएं दी हैं। चुनाव आयोग ने इसका पूरा उपयोग किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में केवल मप्र ही है, जहां इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। एयर एंबुलेंस सेवा समाज के लिए समर्पित है।

### मुख्यमंत्री ने यात्रियों को प्रदान किए बोर्डिंग पास

यादव ने भोपाल से जबलपुर रीवा सिंगरौली के लिए प्रस्थान कर रहे विमान के यात्रियों धर्मेंद्र दुबे, दिव्यराज सिंह, कुलदीप, नदीम खान तथा मनोज श्रीवास्तव को बोर्डिंग पास प्रदान किया। उन्होंने विमान सेवा की यात्रा का लाभ लेने वाले इन प्रथम यात्रियों का पुष्पहारों से स्वागत किया तथा उन्हें प्रतीक चिन्ह भी भेंट किए।

### स्थानीय लोगों को होगा फायदा रोजगार के नए अवसर होंगे सृजित

*संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्र पर्यटन के नक्शे में जुड़ जाएंगे। इसका फायदा स्थानीय लोगों को होगा और रोजगार के नए अवसर सर्जित होंगे। राज्य शासन प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं में विस्तार, पहुंच में सुगमता और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इच्छुक पर्यटक विमान कंपनी की वेबसाइट पर ऑफर, शेड्यूल और किराया संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते है। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का संचालन मप्र पर्यटन बोर्ड द्वारा लोक निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर मे. जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाइओला) की ओर से किया जा रहा है।*

## कुवैत में अग्निकांड : ग्राउंड जीरो पर पहुंचे भारत के मंत्री कीर्तिवर्धन



### मृतकों की 'पहचान' के लिए डीएनए टेस्ट वहां से शवों को 'लाएगी' भारतीय वायुसेना

हादसे में कुछ शव बुरी तरह से जल गए हैं। उनकी पहचान नहीं हो रही है। वहीं, कई शव बिल्डिंग की सीढ़ियों पर भी मिले



विदेश राज्य मंत्री ने अस्पताल में घायलों से की मुलाकात | केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज भी कुवैत पहुंची

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

कुवैत की इमारत में लगी आग में सबसे अधिक भारतीयों की मौत हुई। कुल 49 मृतकों में 42 भारतीय हैं। मृतकों के शवों की पहचान के लिए कुवैती अधिकारी डीएनए टेस्ट कर रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय मृतकों के शव को लाने के लिए भारतीय वायुसेना तैयार है । अधिकारियों ने बताया कि वायुसेना का एक विमान इसके लिए तैयार है। भारतीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों पर कुवैत के दौरे पर हैं। इसके अलावा केरल सरकार ने कहा कि कुवैत में जिन केरल के लोगों का निधन हुआ है, उनके परिजनों को पांच लाख रु. की आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी। गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में कैबिनेट की आपात बैठक हुई।

अग्निकांड में मरने वालों में केरल के 24 व तमिलनाडु के 5 लोग

### गैस लीक होने से लगी आग!

लेबर बिल्डिंग में आग क्यों लगी, इसका स्पष्ट करणों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, मामले की जांच जारी है। आशंका जताई गई है कि गैस लीक होने से यह हादसा हुआ। जानकारी ये भी है कि ग्रांउड फ्लोर पर करीब 2 दर्जन से अधिक गैस सिलेंडर रखे हुए थे। गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ ने बताया कि बिल्डिंग में कई लोग अवैध रूप से रह रहे थे। इसलिए आग लगने के समय भगदड़ भी मची। जिसमें कई लोगों को चोटें आईं। अफरा-तफरी के बीच कई लोग अंदर फंसे रह गए। धुएं में दम घुटने से उनकी जान चली गई।

### कुवैत की आबादी में 70% प्रवासी

कुवैत की कुल 48 लाख आबादी में सिर्फ 30% कुवैती और 70% प्रवासी हैं। अभी करीब 10 लाख भारतीय नागरिक वहां रह रहे हैं। धीरे-धीरे बड़ी संख्या में प्रवासियों को अपनी तरफ आकर्षित करते करते कुवैत एक प्रवासी-बहुल देश बन गया है। कुवैत सरकार ने लक्ष्य बनाया है कि आबादी में प्रवासियों की संख्या को 70% से कम कर के 30% पर लाना है।

## शहीद कबीर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



सीआरपीएफ जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

*छिंदवाड़ा। जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले में जवान शहीद कबीर दास उईके का गुरुवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। सीआरपीएफ जवानों ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद शहीद कबीर को उनके घर के पीछे खेत में दफनाया गया। यहां स्मारक बनाया जाएगा। सीआरपीएफ के जवानों ने शहीद कबीर दास को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।*

नागपुर में चामुंडा बारूद कंपनी में विस्फोट

## पांच की मौके पर ही मौत, 10 घायल, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी ⏭नागपुर

नागपुर की फैक्ट्री में गुरुवार दोपहर जोरदार धमाका हो गया। जिसमें पांच लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। बताया जा रहा है कि यह धमाका चामुंडा बारूद कंपनी में तब हुआ जब मजदूर विस्फोटक सामग्री को पैक कर रहे थे। अब किस वजह से धमाका हुआ, यह स्पष्ट नहीं, लेकिन स्थानीय लोगों के मुताबिक जोरदार आवाज आई थी, 10 मजदूर इसमें घायल हो गए। अभी तक पांच मजदूरों की मौत की खबर आ चुकी है। विस्फोट होने के बाद पुलिस से पहले शरद पवार गुट के नेता अनिल देशमुख मौके पर पहुंच गए थे।

■ विस्फोटक पैकिंग के समय हुआ धमाका



ग्रेस मार्क्स सिस्टम को खत्म किया गया, 23 जून को होगी परीक्षा

# सुप्रीम कोर्ट ने 1563 बच्चों की फिर से परीक्षा कराने का 'आदेश' दिया

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले- किसी छात्र का नुकसान नहीं होने देंगे

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



नीट मामले पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि नीट-यूजी 2024 की परीक्षा में जिन 1,563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए, उन्हें रद्द कर दिया गया है और उन्हें 23 जून को फिर से परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है। अगर कोई उम्मीदवार दोबारा परीक्षा नहीं देना चाहता है तो उनके ग्रेस मार्क्स काट लिए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। नीट की परीक्षा में 24 लाख छात्र बैठे।

### पेपर लीक का कोई सबूत नहीं मिला

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि मैं छात्रों और उनके परिजनों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत सरकार और एनटीए सभी प्रभावितों को न्याय दिलाएगी। कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। न ही इसका कोई सबूत मिला है। 1563 बच्चों की दोबारा परीक्षा के लिए कोर्ट ने जो तरीका सुझाया है, उसके मुताबिक ही काम होगा और हम कोर्ट के आदेश को स्वीकार करते हैं।

*महावत समेत 18 लोगों की टोली आई थी भोपाल*

*रात में आराम करते समय मादा हाथी ने पैर से कुचला*

भानपुर ब्रिज के पास हुआ हादसा

# मादा हाथी ने महावत की टोली के युवक को कुचलकर मारा, पुलिस हाथी को थाने ले गई

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर ब्रिज के पास बुधवार रात एक मादा हाथी ने महावत के साथ आई टोली के सदस्य को कुचल दिया। इस हादसे में सदस्य की मौके पर ही मौत हो गई। दरअसल, दिन भर टोली ने भिक्षा मांगी और वह भानपुर स्थित कांप्लेक्स के पास रुकी थी। रात करीब 9 बजे के आसपास महावत समेत टोली के सभी सदस्यों ने खाना खाया और सो रहे थे।



### चौकीदार ने डायल 100 को सूचना दी

पुलिस के अनुसार नरेंद्र कपाड़िया (36) मूलतः ग्राम सलैया, थाना नागौद, जिला सतना का था। वह मादा हाथी (ननकी) भूपेंद्र समेत अपनी टोली के साथ भोपाल आया था। महावत समेत 18 लोगी की टोली बुधवार को भोपाल पहुंची और इलाके में भ्रमण कर भिक्षा मांगी और शाम को भानपुर ब्रिज के पास पहुंची थी। यहां मल्टी और कांप्लेक्स के पास खुले स्थान में टोली रुक गई।

### दो साल में अब तक नहीं किया किसी को नुकसान

*भूपेंद्र ने बताया कि टोली में रहकर भिक्षा मांगना उनका पुस्तैनी काम है। उनकी टोली में दो साल से ननकी है। वह टोली के साथ ननकी को लेकर दो साल से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भिक्षा मांग रहें है। अभी तक ननकी ने किसी को चोट नहीं पहुंचाई। मृतक नरेंद्र के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटी और दो बेटे हैं।*



सेलिब्रेशन / अनुराग मनींद्र

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है, लेकिन वह इसे ना कह पाता है, ना जता पाता है। फादर्स-डे एक ऐसा मौका है, जब तुम अपने पापा के लिए दिल में जो फीलिंग्स रखते हो, उसे एक्सप्रेस कर सकते हो। इस खास दिन पर तुम्हारा प्यार और सम्मान पाकर पापा बहुत खुश होंगे। फादर्स-डे पर तुम अपने पापा के साथ अपनी फीलिंग्स कैसे शेयर करो, जानो।

# अपने पापा से बोलो यू आर द बेस्ट !

लेकिन जब मौका फादर्स-डे का हो तो हमें उन्हें कुछ स्पेशल जरूर फील करवाना चाहिए। बच्चों, यहां हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, इनमें से कोई आइडिया फादर्स-डे पर अपना कर अपने पापा को स्पेशल फील करा सकते हो।

बच्चों, हम सभी के लिए हमारे पापा किसी सुपर हीरो की तरह होते हैं। वह हमारी हर ख्वाहिश ही नहीं, हर छोटी-बड़ी जरूरतों का भी ध्यान रखते हैं, इन्हें पूरा भी करते हैं। हमारी हर फरमाइश को झट से पूरी कर देते हैं, लेकिन ऐसी कोई फरमाइश पूरी नहीं करते, जिससे हमारा नुकसान हो। हमारे पापा किसी तरह की प्रॉब्लम होने पर या किसी मुसीबत में घिरने पर हमें उससे उबारते भी हैं। इस तरह वह हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। वह हमारे सुरक्षित जीवन को लेकर चिंतित रहते हैं। साथ ही हमारे उज्ज्वल भविष्य के लिए भी प्रयासरत रहते हैं।

## हमारा भी है पापा के प्रति फर्ज

बच्चों, जब हमारे पापा हमारा इतना ध्यान रखते हैं तो हमारा भी उनके प्रति फर्ज है कि हम भी उनके लिए कुछ अच्छा करें। वैसे तो हमें हर दिन अपने पापा के प्रति प्यार और सम्मान प्रकट करना चाहिए।



## पापा से शेयर करो अपनी फीलिंग्स

फादर्स-डे पर अपने पापा को यह जरूर बताओ कि वे तुम्हारे लिए कितने इंपॉर्टेंट हैं। तुम उनसे बहुत प्यार करते हो, उनकी बहुत रेस्पेक्ट भी करते हो। वह 'दुनिया के बेस्ट पापा' हैं। यह बात तुम कुछ अलग ढंग से भी कह सकते हो, जैसे- उनके व्हाट्सएप पर वॉइस-मैसेज भेज सकते हो या फिर पापा के नाम प्यारा-सा लेटर भी लिख कर तुम उनके प्रति अपनी फीलिंग्स एक्सप्रेस कर सकते हो। पापा जब तुम्हारा वॉइस-मैसेज सुनेंगे या लेटर पढ़ेंगे, उन्हें बहुत ही अच्छा लगेगा, वह बहुत खुश होंगे।




## पापा को दो प्यारा-सा गिफ्ट

फादर्स-डे वाले दिन तुम अपने प्यारे पापा को कोई लवली गिफ्ट भी दे सकते हो। तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी, तुम उसी में सेव की हुई मनी या फिर मम्मी से पैसे लेकर अपने पापा के लिए कोई अच्छा-सा गिफ्ट खरीद कर उन्हें दे सकते हो। तुम अपने पापा को पेन, टाई, बेल्ट, वॉलेट, शर्ट, परफ्यूम या कॉफी मग जैसी कोई ऐसी चीज गिफ्ट में दे सकते हो, जो उनके काम की हो। जब उन्हें इस तरह का कोई गिफ्ट मिलेगा, वे बहुत खुश होंगे। उन्हें लगेगा कि तुम उनका कितना ख्याल रखते हो। इसके अलावा तुम पापा को अपने हाथों से बनाया कोई प्यारा-सा कार्ड भी दे सकते हो।

## अपने पापा की मानो हर बात

बच्चों, जैसे पापा तुम्हारी हर फरमाइश पूरी करते हैं, वैसे ही तुम्हें भी अपने पापा की हर बात माननी चाहिए। इस बात का ध्यान रखो, वे जो भी कहते हैं, तुम्हारी भलाई के लिए ही कहते हैं। अगर तुम उनकी बताई और समझाई बातों पर अमल करोगे तो निश्चित ही जीवन में सफल होगे। यह ध्यान रखो, तुम्हारी खुशी में ही तुम्हारे पापा की खुशी है। तो बच्चों इस फादर्स-डे पर अपने आप से प्रॉमिस करो कि तुम अपने पापा की हर बात मानोगे। बच्चों, तुम्हारी यह कोशिश होनी चाहिए कि कुछ ऐसा करते रहो, जिससे तुम्हारे पापा को तुम पर प्राउड हो। यह पापा के लिए तुम्हारी तरफ से बेस्ट गिफ्ट होगा। उन्हें खुशियों से भर देगा। *

## अपने पापा के पापा को नहीं भूलना



बच्चों, तुम्हारे पापा-मम्मी 'फादर्स-डे' पर अपने-अपने पापा यानी तुम्हारे दादाजी और नानाजी को विश करेंगे ही! तुम भी उन्हें जरूर विश करना। अगर तुम्हारे दादाजी तुम्हारे साथ रहते हैं, तो फादर्स-डे पर तुम उन्हें विश करो। यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा के पापा हैं, घर में सबसे बड़े हैं, उन्हें सबका प्यार और सम्मान मिलना ही चाहिए। अगर दादाजी तुम्हारे साथ नहीं रहते हैं, अपने होम टाउन में रहते हैं तो उन्हें वॉयस-कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो, उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। सिर्फ दादाजी को ही नहीं, तुम अपनी मम्मी के पापा यानी अपने नानाजी को भी 'हैप्पी फादर्स-डे' कहकर जरूर विश करो, उन्हें भी बहुत ज्यादा खुशी होगी।

जानकारी / नयनतारा

# फादर्स-डे की कब हुई शुरुआत

हर बच्चे को अपने पापा दुनिया के सबसे प्यारे, न्यारे पापा लगते हैं। इसलिए बच्चे, फादर्स-डे को बहुत उत्साह-उमंग से सेलिब्रेट करते हैं। क्या तुम जानते हो फादर्स-डे की शुरुआत कब से और किस देश से हुई, जानो।




बच्चों, अपने पिता के प्रति सम्मान और प्यार प्रकट करने के लिए हम प्रत्येक वर्ष जून माह के तीसरे रविवार को फादर्स-डे मनाते हैं। फादर्स-डे की शुरुआत कब से और कहां से हुई? यह तुम जरूर जानना चाहोगे। हम यहां इसकी पूरी जानकारी विस्तार से तुम्हें दे रहे हैं।

**एक बेटी ने की शुरुआत :** बच्चों, अमेरिका की सोनोरा स्मार्ट डोड नाम की महिला ने अपने और दुनिया के सभी पिताओं को सम्मान दिलाने के लिए फादर्स-डे मनाने की शुरुआत की। असल में सोनोरा ने देखा कि उसके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट अपने बच्चों से बहुत प्यार करते थे। सोनोरा ने यह भी देखा-जाना कि जिस तरह से उसके पिता अपने सभी बच्चों से प्यार करते हैं, हर तरह से अपने बच्चों के सुख और उनकी खुशी के लिए समर्पित रहते हैं, वही प्यार और समर्पण सभी पिताओं में अपने बच्चों के प्रति दिखता है। ऐसे में सोनोरा के दिमाग में आया कि बच्चों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने पिता के प्यार, समर्पण और त्याग के लिए कृतज्ञता व्यक्त करें। उनकी इसी सोच ने उन्हें फादर्स-डे मनाने के लिए प्रेरित किया। बस फिर सोनोरा स्मार्ट डोड ने फादर्स-डे मनाया। उसने हर साल इसे सेलिब्रेट किया, दूसरे लोग भी सोनोरा की तरह इसे सेलिब्रेट करने लगे।



सोनोरा स्मार्ट और उनके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट

**फादर्स-डे के लिए तय हुआ जून का तीसरा रविवार :** जब अमेरिका में जगह-जगह फादर्स-डे मनाया जाने लगा तो राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने साल 1966 में जून महीने के तीसरे रविवार को पिताओं के सम्मान में फादर्स-डे के रूप में मनाए जाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया। बाद में 1972 में अमेरिका में फादर्स-डे पर सरकारी छुट्टी घोषित की गई। इसके बाद से दुनिया के लगभग सभी देशों में फादर्स-डे मनाए जाने की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत में भी यह बहुत उत्साह से मनाया जाने लगा।

**अलग-अलग डेट्स पर फादर्स-डे :** बच्चों, अमेरिका के साथ-साथ भारत, ब्रिटेन, कनाडा जैसे ज्यादातर देशों में फादर्स-डे जून महीने के तीसरे रविवार को ही मनाया जाता है। लेकिन बहुत-से देशों में यह अन्य तारीखों और दिनों को भी मनाया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में यह सितंबर के पहले रविवार को मनाया जाता है। नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड में नवंबर के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। ताइवान में यह आठवें महीने की आठ तारीख यानी आठ अगस्त को मनाते हैं, क्योंकि मैंडरिन भाषा में आठ यानी 'एट' का उच्चारण 'डैड' से मिलता-जुलता होता है। इस तरह फादर्स-डे आज दुनिया के अधिकांश देशों में लोग सेलिब्रेट करते हैं। लोग अपने पिता के प्रति अपनी प्यारी और खूबसूरत भावनाएं प्रकट करते हैं। पिता भी अपने बच्चों का प्यार पाकर बहुत खुश होते हैं, उन्हें अपना आशीर्वाद देते हैं। बच्चों, तुम भी हर बार फादर्स-डे जरूर मनाया करो। हैप्पी फादर्स-डे...! *

## जीके क्विज-108

1. हाल में आंध्र प्रदेश और ओड़ीशा राज्य के मुख्य मंत्री पद की शपथ किसने ली है?
2. कुछ समय पूर्व ही 55 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला कौन बनी हैं?
3. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
4. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी?
5. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
7. त्रिपिटक का संबंध किस धर्म से है?
8. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
9. उस्ताद जाकिर हुसैन का संबंध किस वाद्य यंत्र से है?
10. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?



बच्चों, जीके क्विज-108 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-107 का उत्तर :** 1.अग्निबाण, 2.भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 3.आगरा, 4.बांग्लादेश, 5.सरदार वल्लभ भाई पटेल, 6.गंगा डॉल्फिन, 7. तैराकी (स्वीमिंग), 8.असम, 9. बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, 10.बंबई से ठाणे

**जीके क्विज-107 का सही उत्तर देने वाले :** नितिन-दुर्ग, हर्षिता-ईमेल से, अभि-शहडोल, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पोषण-बेमेतरा, शुभम-बिलासपुर, पवन-जींद, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद

## हंसगुल्ले

**पापा :** आज मैथ्स के टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से 20 नंबर कम।
**पापा :** अच्छा, मोनू के कितने नंबर आए?
**सोनू :** 20 नंबर।
-रंजीत, हिसार

**नव्या :** अगर नदी में नीबू का पेड़ है, तो नीबू कैसे तोड़ेंगे?
**नैंसी :** चिड़िया बनकर।
**नव्या :** अरे, तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**नैंसी :** वही, जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया होगा।
-खुशबू, रायपुर




**मम्मी :** तुम क्या लिख रहे हो बेटा?
**रोहन :** मम्मी, मैं गर्मी को लेटर लिख रहा हूं।
**मम्मी :** अच्छा! क्या लिख रहे हो लेटर में?
**रोहन :** 'डियर गर्मी, हिम्मत है तो दिसंबर-जनवरी में आओ।'
-शुभम, भोपाल

कहानी
डॉ. मंजरी शुक्ला

मयंक अपने पापा को फादर्स-डे पर टचस्क्रीन वाला मोबाइल गिफ्ट देना चाहता था, क्योंकि पुराने की-पैड वाले मोबाइल के इस्तेमाल से पापा की अंगुलियों में जोरों से दर्द होता था। मोबाइल लेने के चक्कर में मयंक ने नादानी में एक ऐसी हरकत की, जो उसे नहीं करनी चाहिए थी। मयंक को बहुत आत्मग्लानि हुई। क्या मयंक के पापा को नया मोबाइल मिल सका?

# हैप्पी फादर्स-डे



मयंक बैठा कुछ सोच रहा था। मम्मी सामने आईं तो बोला, 'मुझे पापा को नया मोबाइल लाकर देना है।' मम्मी को यह सुनकर हंसी आ गई, वह बोलीं, 'तू अभी इतना छोटा है। आठवीं कक्षा में पढ़ता है, तेरी कोई कमाई-वमाई है नहीं, कहां से लाएगा मोबाइल?'

'पर पापा का मोबाइल कितना खराब हो चुका है।' मयंक दुखी स्वर में बोला। मम्मी ने मयंक को दुखी देखा तो आगे कुछ नहीं बोलीं। चुपचाप वहां से चली गईं। मयंक घर से बाहर निकल आया। सड़क की ओर अपने ऑटो में बैठे पापा छोटे-से बटन वाले मोबाइल के साथ जूझ रहे थे।

मयंक उनके पास जाकर बोला, 'जब आपके अंगूठे की हड्डी बढ़ी हुई है, अंगुलियों में सूजन रहती है तो टचस्क्रीन वाला मोबाइल ले लीजिए ना। उसे यूज करने में आपको परेशानी नहीं होगी।'

पापा ने अपने पुराने से पीले और काले रंग के ऑटो की तरफ देखा और बोले, 'मैं तो सारा दिन ऑटो चलाता हूं। किसी को फोन करता ही नहीं। यह मोबाइल तो सिर्फ इसलिए है, लोग मुझे फोन करके बुला सकें।'

मयंक को रोना आ गया। वह बिना कुछ कहे चल दिया और कुछ दूर जाकर बैठ गया। उसने देखा कि मोबाइल का बटन जोर से दबाने के कारण पापा के हाथ में दर्द होता है, वे 'आह' बोलते हैं। तभी मयंक का दोस्त अमित आ गया। मयंक को देखते ही अमित बोला, 'मैं पापा के लिए 'फादर्स-डे' का गिफ्ट लेने जा रहा हूं। तू मेरे साथ चलेगा?'

'क्या देगा गिफ्ट में?' मयंक ने उत्सुकता से पूछा।

'मोबाइल!' कहते हुए अमित मुस्कुराया। मयंक को और जोर से रोना आ गया। उसने पापा की तरफ देखा जो मोबाइल की घंटी बजने के बाद भी बटन नहीं दबा पा रहे थे। वह आंसू पोंछते हुए अमित के साथ चल दिया। मोबाइल की दुकान पर बहुत भीड़ थी। अमित बोला, 'आज दुकानदार शायद किसी नौसिखिए को अपनी जगह बैठा गया है। देखो तो, कैसी धक्का-मुक्की मची हुई है।'

तभी मयंक की नजर एक मोबाइल पर पड़ी। उसने मन ही मन सोचा, 'सुनहरे रंग का यह खूबसूरत टच-स्क्रीन मोबाइल अगर मैं ले लेता हूं तो पापा को पुराने बटन वाले मोबाइल से छुटकारा मिल जाएगा।' मयंक ने भीड़ का फायदा उठाते हुए कांपते हाथों से मोबाइल उठाकर पैंट की जेब में डाल लिया। तब तक अमित ने अपने मोबाइल के पैसे दे दिए थे। दोनों दुकान के बाहर आ गए।

अमित बोला, 'मैंने कब से सोच रखा था, फादर्स-डे पर पापा को मोबाइल देने के लिए।'

'तुम्हारे पास पैसे कहां से आए?' मयंक ने पूछा।

अमित ने बताया, 'मेरे घर के पास एक आंटी घायल और बीमार डॉगीज के लिए एनजीओ चलाती हैं...।'

'हां-हां, देखा है मैंने। मैंने वहां पर कई डॉगीज भी देखे हैं।' मयंक बीच में ही अमित से बोला।

अमित ने आगे बताया, 'स्कूल से आने के बाद मैं रोज दो घंटे के लिए वहां जाता हूं। वहां डॉगीज को खाना देता हूं, उन्हें वेटरनरी डॉक्टर के पास ले जाता हूं। मुझे उनकी सेवा करके बहुत खुशी मिलती है। इस काम के बदले आंटी मुझे पैसे देती हैं, वो अलग।' अमित यह सब बहुत ही खुशी और गर्व के साथ बता रहा था।

'फादर्स-डे पर अपने पापा को चोरी का मोबाइल देकर क्या मैं गलत नहीं करूंगा? पापा को जब सच्चाई का पता चलेगा, तो उन्हें कितना दुख होगा, वह एक शर्मिंदगी महसूस करेंगे!' अमित की बातें सुनकर मयंक मन ही मन सोचने लगा।

मयंक को खयालों में गुम देखकर अमित ने उसे टोका, 'अब बीच सड़क पर खड़े होकर क्या सोचने लगे?'

'मैं अभी आया..।' कहते हुए मयंक ने दुकान की तरफ दौड़ लगा दी और भीड़ में जहां से मोबाइल उठाया था, वहीं रखकर वापस चला आया।

शाम को जब मयंक के पापा घर लौटे, तो वे अपने बेटे से बोले, 'सुबह तू मेरा दर्द देखकर बहुत दुखी था ना, तो मैंने किश्तों पर टचस्क्रीन मोबाइल ले लिया है।'

'पर मैं आपको कोई गिफ्ट नहीं दे पाया।' मयंक भरे गले से बोला।

'तू पढ़-लिख कर एक ईमानदार इंसान बने, बस यही मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट है।' पापा ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा। मयंक खुशी के मारे उनके गले लग गया और सुबकते हुए धीरे से बोला, 'हैप्पी फादर्स-डे।' *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## पापा जी

इतने अच्छे, सबको भाते पापा जी,
जाते सुबह, शाम को आते पापा जी।
हंसते-हंसते काम सभी निबटाते हैं,
बिल्कुल आलस नहीं दिखाते पापा जी।
बिना जगाए ही तड़के जग जाते हैं,
बोलो कहां अलार्म लगाते पापा जी।
तरह-तरह के योग नियम से करते हैं,
पूजा करते, ध्यान लगाते पापा जी।
खूब मिठाई, फल, मेवे, नमकीन अहा!
झोला भर-भर कर घर लाते पापा जी।
नहीं बहाना और नहीं आनाकानी,
जो भी चाहूं, मुझे दिलाते पापा जी।
समय मिले तो साथ खेलते-खाते हैं,
बच्चों में बच्चा बन जाते पापा जी।
दादी जी के सर में चंपी करते हैं,
दादा जी के पैर दबाते पापा जी।
सबकी सेवा में रहते मशगूल सदा,
सुख बरसाकर, सुख हैं पाते पापा जी।
अच्छे नंबर देख हमारे खुश होते,
हां जी, फूले नहीं समाते पापा जी।
कैसे उनकी सेवा करें, चलो सोचें,
खुद तो कुछ भी नहीं बताते पापा जी।

## रंग भरो-152

**रंग भरो-152** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्यांश, दुर्ग



उदय, बालोद



रितेश, मटियारी



सृष्टि, रायपुर



अपर्णा, कबीरधाम



अंकिता, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

यशिका-बिलासपुर, टियांश-रायपुर, तक्षित-बिलासपुर, सारिका-हिसार, समृद्धि-शहडोल, सक्षम और समर्थ-रायपुर, रेणु-ईमेल से, राजनंदिनी-रायपुर, सुयश-बिलासपुर, पलक-धमतरी, ऐश्वर्या-कोंडागांव, शुभम-बिलासपुर, दिनकर-कटनी


## रंग भरो 153

बच्चों, यहां हम फादर्स-डे से जुड़ा एक चित्र दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## परछाई पहचानो

बच्चों, यहां अपने पापा के कंधे पर बैठकर मस्ती कर रहे बच्चे के चार चित्र और उसके बगल में एक परछाई दी गई है। तुमको जल्दी से यह बताना है कि यह परछाई किस चित्र की है?




उत्तर: D

इटली दौरे पर पीएम मोदी

# सुरक्षा के लिए विमान में ही मिसाइल... होटल में एसपीजी तैनात

भारतीय पीएम जिस होटल में ठहरेंगे, वहां इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई, फोन कनेक्शन से लेकर सभी उपकरण पर सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी रहेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

13 मई को सफेद घरों और मेहराबों के लिए मशहूर इटली के फसानो शहर में दुनिया के 7 सबसे ताकतवर देशों के नेता इकट्ठे हो रहे हैं। यहां अमीर देशों के सबसे बड़े संगठन 'जी-7' की बैठक शुरू हो रही है। इटली की प्रधानमंत्री जियॉर्जिया मेलोनी ने चुनाव से पहले ही उन्हें इस समिट का न योता भिजवा दिया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस संगठन की मीटिंग में बतौर गेस्ट बुलाया गया है। तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने के बाद मोदी पहली बार विदेश दौरे पर इटली में हैं। उनकी सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद है। किसी भी देश के पीएम की सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में भारतीय पीएम की सुरक्षा के लिए भी बेहद खास आर्म्ड कारों का इस्तेमाल किया जाता है। इतने बड़े देश के प्रधानमंत्री होने के कारण वह दुनिया की सबसे सुरक्षित कारों का इस्तेमाल भी करतें हैं।



**पीएम मोदी भी विदेश दौरे पर अपनी गाड़ी साथ ले जाते हैं**

भारत में पीएम मोदी रेंज रोवर और मर्सिडीज-मेबैक एस-650 गाड़ियों के काफिले में सफर करते हैं। जबकि सितंबर 2023 में जब पीएम मोदी अमेरिका गए थे तो वहां उनके लिए बख्तरबंद गाड़ियों की व्यवस्था वहां की सीक्रेट एजेंसी ने की थी। जिस देश के दौरे पर प्रधानमंत्री जाते हैं, वहां उनके काफिले से लेकर हर तरह की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी मेजबान देश की एजेंसियां संभालती हैं।

### इटली में पीएम मोदी की सुरक्षा

- प्रधानमंत्री के चारों ओर 3 दर्जन से ज्यादा एसपीजी जवानों का घेरा होता है।
- इन जवानों को अमेरिका की सीक्रेट सर्विस की गाइडलाइंस के मुताबिक ट्रेनिंग दी जाती है।
- इन जवानों के पास एमएनए-2000 असॉल्ट राइफल, ऑटोमेटिक गन और 17 एम रिवॉल्वर जैसे मॉडर्न हथियार होते हैं।
- विदेश दौरे पर पीएम मोदी की सुरक्षा एसपीजी के अलावा उसकी सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों के हाथ में होती है।
- पीएम के इटली दौरे पर 4 एजेंसियां सुरक्षा व्यवस्था देखेंगी-एसपीजी (स्पेशल 5प्रोटेक्शन ग्रुप), एआईएसआई (एजेंसियां इन्फॉमर्माजियोनी ई सिकुरेजा इंटरना) और स्थानीय पुलिस
- एएसएल के पास पीएम की यात्रा से जुड़ी हर जानकारी होती है, जो वह गृह मंत्रालय के सीनियर अधिकारियों से शेयर करते रहतें हैं।



### मिसाइल हमले से भी बच सकता है नरेंद्र मोदी का विमान

विदेश यात्रा पर जाने के समय नरेंद्र मोदी बोइंग 777-300ई आर नाम के विमान में सवार होते हैं। यही हवा में उड़ते ऑफिस की तरह है। इस विमान में व्हीव्हीआईपी के आराम के खास इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही सुरक्षा पर भी फोकस किया गया है। यह हवा में उड़ते किले की तरह है।

विमान में इंटीग्रेटेड डिफेंसिव इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट लगा है। इसकी मदद से विमान इलेक्ट्रॉनिक खतरों से बचता है। इसमें इंफ्रारेड काउंटरमेजर्स सेल्फ प्रोटेक्शन सूट है। इसका काम विमान को मिसाइल हमले से बचाना है। अगर कोई मिसाइल विमान को निशाना बनाकर दागा जाए तो यह आ रहे मिसाइल की तरफ इंफ्रारेड सिग्नल्स भेजता है और उसे रास्ते से भटका देता है, जिससे विमान बच जाता है।

### अन्य नेताओं से मिलने के लिए भी उत्सुक

*हालांकि, ये पहली बार नहीं जब भारत को इस संगठन ने बतौर गेस्ट बुलाया हो। भारत सबसे पहले 2003 में इस समिट में शामिल हुआ था। इसके लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी फ्रांस गए थे। पीएम मोदी ने कहा है कि पिछले साल प्रधानमंत्री मेलोनी की दो भारत यात्राएं हमारे द्विपक्षीय एजेंडे में गति और गहराई लाने में सहायक रहीं। हम भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और भारत-प्रशांत और भूमध्य सागरीय क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आउटरीच सत्र में चर्चा के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इनर्जी, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन और आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन के परिणामों के बीच अधिक तालमेल लाने और उन मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का अवसर होगा, जो वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण हैं।*

## खबर संक्षेप

### नेपाल के विदेश मंत्री ने दी जयशंकर को बधाई



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और नेपाल के विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ के बीच बुधवार को टेलीफोन पर बातचीत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने के बाद जयशंकर और श्रेष्ठ की यह पहली वार्ता थी। सोशल मीडिया पर जयशंकर को दोबारा विदेश मंत्री बनने पर बधाई देते हुए श्रेष्ठ ने लिखा, भारतीय विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत हुई। उनकी दोबारा नियुक्ति पर हार्दिक बधाई दी।

### जोशीमठ का बदला नाम पुकारा जाएगा कैंचीधाम



**नैनीताल।** उत्तराखंड की धामी सरकार ने जोशीमठ का नाम बदलकर ज्योतिर्मठ और नैनीताल जिले की कोश्याकुटोली तहसील का नया नाम कैंचीधाम घोषित किया है। उनके इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। नाम परिवर्तन होने से लोगों में काफी उत्साह है। उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित कोश्याकुटोली तहसील को अब कैंची धाम के नाम से जाना जाएगा। इसी तहसील में बाबा नीम करौली महाराज का समाधि स्थल है।

### ईद-उल-अजहा को लेकर मौलाना मदनी ने दिया संदेश



**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने मुसलमानों से ईद-उल-अजहा पर कुर्बानी देते समय सरकारी दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने और कुर्बान जानवरों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा नहीं करने का बृहस्पतिवार को आग्रह किया। ईद-उल-अजहा सोमवार को मनाई जाएगी। अपने संदेश में जमीयत अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि इस्लाम में कुर्बानी का कोई विकल्प नहीं है और यह एक धार्मिक कर्तव्य है ।

भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं

# कश्मीर राग अलाप रहे थे चीन और पाकिस्तान भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब, सीपीईसी पर भी घेरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*विदेश मंत्रालय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से रहे हैं, और हमेशा रहेंगे। किसी अन्य देश के पास इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।*

चीन और पाकिस्तान दोनों देश भारत के खिलाफ लगातार कोई न कोई साजिश रचते रहते हैं। ताजा मामले में दोनों दुश्मन देशों ने एक बार फिर से कश्मीर का राग अलापा है। चीन और पाकिस्तान ने पिछले दिनों कश्मीर के समाधान के लिए किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध किया था। दरअसल, चीन ने दोहराया था कि जम्मू-कश्मीर विवाद को संयुक्त राष्ट्र चार्टर, प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के मुताबिक उचित और शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए।



### पाकिस्तान ने चीन को जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर जानकारी दी

बता दें कि पिछले दिनों पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन की आधिकारिक यात्रा पर गए थे। इस दौरान पाकिस्तान ने चीनी पक्ष को जम्मू-कश्मीर की स्थिति के नवीनतम घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी थी।

### सीपीईसी का सपना टूटा, चीन को झटका

पाकिस्तान कंगाली की हालत में पहुंच गया है और अब वह चीन का पैसा लौटाने में आनाकानी कर रहा है। माना जा रहा है कि इसी को देखते हुए चीन ने शहबाज शरीफ के प्लान को मंजूरी नहीं दी। साल 2014 में पाकिस्तान और चीन ने बीआरआई के तहत सीपीईसी परियोजना की शुरुआत की थी। पाकस्तिान का दावा था कि इससे उसकी किस्मत बदल जाएगी और ग्वादर दुबई बन जाएगा। 10 साल बीत जाने के बाद भी पाकिस्तान का यह सपना दूर-दूर तक पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। चीन और पाकिस्तान दोनों ही सीपीईसी को लेकर बयानबाजी ज्यादा कर रहे हैं, लेकिन जमीन पर कुछ ठोस होता नहीं दखि रहा है।

### भारत चीन-पाक के बयानों को अस्वीकार करता है

चीन और पाकिस्तान के जम्मू-कश्मीर को लेकर दिए गए संयुक्त वक्तव्य को लेकर भारत ने गुरुवार को दो टूक जवाब दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा, हमने 7 जून 2024 के चीन और पाकिस्तान के बीच संयुक्त वक्तव्य में जम्मू-कश्मीर (केंद्र शासित प्रदेश) को लेकर अनुचित बयानों को देखा है।

### जम्मू-कश्मीर भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग: भारत

जायसवाल ने आगे कहा, जम्मू-कश्मीर मुद्दे पर हमारी स्थिति साफ है और चीन-पाकिस्तान को अच्छी तरह से पता है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग रहे हैं और हमेशा रहेंगे। किसी अन्य देश के पास इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

### भारत के तगड़े एक्शन से कांप उठा चीन

लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनते ही चीन को अब उसी की भाषा में जवाब देने का मन बना लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक भारत भी अब एलएसी से सटे चीन के कब्जे वाले क्षेत्रों के नाम बदलने जा रहा है। भारत का ये कदम विस्तारवादी चीन को सबक सिखाने वाला है।

अमेरिका के इलिनॉय में मास शूटिंग

# तीन पुलिसकर्मी समेत आठ घायल जवाबी हमले में हमलावर की मौत

एजेंसी ▶▶ डिक्सन

अमेरिका के इलिनॉय के डिक्सन में बुधवार को एक हमलावर ने कई लोगों पर फायरिंग कर दी। इस दौरान 5 लोग और 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थानीय पुलिस के मुताबिक घायलों की संख्या बढ़ सकती है। वारदात डिक्सन में लॉस्ट नेशन के पास लॉस्ट लेक में एक गेटेड कम्युनिटी में हुई। पुलिस ने बताया कि हमलावर ने लोगों पर कई राउंड फायर किए। जब मौके पर पुलिस पहुंची तो हमलावर ने पुलिस पर भी गोली चलाई दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में हमलावर को मार गिराया है। घटनास्थल पर एंबुलेंस और चार मेडिकल हेलिकॉप्टर्स को तैनात किया गया है।

### एक घर में दाखिल हुआ था हमलावर

ओगल काउंटी शेरिफ ब्रायन वैनविकल ने बताया कि कम्युनिटी में रहने वाले एक परिवार के सदस्य ने 911 पर कॉल करके बताया था कि एक व्यक्ति घर में दाखिल हो गया है और उन्हें डराने-धमकाने लगा। इसके बाद टीम और नेगोशिएटर्स को मौके पर बुलाया गया। इन्होंने हमलावर से संपर्क करने की कोशिश की। दो घंटे बाद पुलिस वालों ने घर में एंट्री ली। एंट्री करते ही हमलावर ने उन पर फायरिंग कर दी। हमले में तीन डेप्युटी घायल हो गए, जिन्हें केएसबी अस्पताल भर्ती कराया गया है।




हवाई यात्रा आम आदमी के लिए सुलभ और आसान बनाएंगे

# हवाई जहाज का घटेगा किराया मंत्री नायडू ने कार्यभार संभाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के सांसद किंजरापु राममोहन नायडू ने गुरुवार को नागर विमानन मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। नायडू ने रविवार को कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली थी।

तीन बार के सांसद 36 वर्षीय नायडू प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाले मंत्रिमंडल में सबसे कम उम्र के कैबिनेट मंत्री हैं। वह नागर विमानन मंत्रालय में ज्योतिरादित्य सिंधिया की जगह ली है।। सिंधिया को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में संचार मंत्री बनाया गया है। नायडू ने अपना पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि 'उड़ान में सुगमता' के लिए काम करना उनकी सबसे अहम प्राथमिकताओं में से एक होगा। उन्होंने कहा, ''हम हवाई यात्रा को देश के आम आदमी के लिए अधिक सुलभ और अधिक आसान बनाएंगे। मैं 'उड़ान में सुगमता' शब्द पर जोर दे रहा हूं।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्ति | समतुल्य/तुलनीय श्रेणी | प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/01 | | | |
| 1 | रक्षा बैंकिंग सलाहकार (डीबीए)– वायु सेना | 1 | –लागू नहीं– | संविदा |
| 2 | सर्किल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) – बेंगलुरु | 1 | –लागू नहीं– | संविदा |
| 3 | सर्किल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) – चंडीगढ़ | 1 | –लागू नहीं– | संविदा |
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/02 | | | |
| 4 | चार्टर्ड अकाउंटेंट (विशेषज्ञ) | 9 | एमएमजीएस–II | नियमित |
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/03 | | | |
| 5 | अनुसंधान विश्लेषक – फॉरेक्स | 1 | एमएमजीएस–III | संविदा |
| 6 | अनुसंधान विश्लेषक – इक्विटी | 2 | एमएमजीएस–III | संविदा |
| 7 | अनुसंधान विश्लेषक – प्राइवेट इक्विटी | 2 | एमएमजीएस–III | संविदा |
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/04 | | | |
| 8 | जलवायु जोखिम विशेषज्ञ | 2 | एमएमजीएस–III | नियमित |
| 9 | मार्केट जोखिम विशेषज्ञ | 3 | एमएमजीएस–III | नियमित |
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/05 | | | |
| 10 | व्यापार वित्त अधिकारी (एमएमजीएस–II) | 150 | एमएमजीएस–II | नियमित |
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/06 | | | |
| 11 | वरिष्ठ उपाध्यक्ष (इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षा और विशेष परियोजनाएं) | 1 | टीईजीएस–VI | संविदा |
| 12 | वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सूचना सुरक्षा संचालन) | 1 | टीईजीएस–VI | संविदा |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहां उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query ) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 07.06.2024 से 27.06.2024 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 07.06.2024
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

अब नवजात की हत्या की कोशिश का आरोप

# सात मासूमों को मौत के घाट उतारने की दोषी महिला पर फिर शुरू हुआ मुकदमा

एजेंसी ▶▶ लंदन

लेटबी पर आरोप है कि फरवरी 2016 में उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के काउंटेस ऑफ चेस्टर अस्पताल में उसने समय से पहले जन्में एक नवजात को मारने की कोशिश की थी। अदालत में सुनवाई के दौरान वकील निक जॉनसन ने आरोप लगाया कि आरोपी नर्स को एक वरिष्ठ डॉक्टर ने लगभग रंगे हाथों पकड़ लिया था।

बच्चों की हत्या के आरोप में दोषी महिला पर ब्रिटेन में फिर से मुकदमा शुरू किया गया है। महिला पर अब एक नवजात बच्ची की हत्या के



प्रयास का आरोप है। आरोपी महिला लूसी लेटबी ने हत्या की कोशिश वहीं की, जिस अस्पताल में वह काम करती थी। लेटबी पर आरोप है कि फरवरी 2016 में उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के काउंटेस ऑफ चेस्टर अस्पताल में उसने समय से पहले जन्में एक नवजात को मारने की कोशिश की थी।

### वकील ने अदालत को समझाया पूरा मामला

*वकील ने समझाया कि यदि शिशु की हृदय गति या रक्त में ऑक्सीजन का स्तर निश्चित स्तर से नीचे गिरता है तो अलार्म बज जाएगा। लेकिन जब बाल रोग विशेषज्ञ रवि जयराम नर्सरी में गए तो उन्होंने देखा कि लेटबी बच्ची के पास खड़ी थी। बच्ची का ऑक्सीजन स्तर लगातार गिर रहा था, लेकिन उसका अलार्म नहीं बजा। लेटबी बच्ची को बचाने के लिए कुछ भी नहीं कर रही थी। उन्होंने जूरी को बताया कि लेटबी को डॉ. जयराम ने रंगे हाथों पकड़ा।*



# कल्याण ज्वेलर्स ने मेगा बोनान्जा ऑफर के साथ की सीजन के उत्सव की शुरुआत




**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद और अग्रणी आभूषण ब्राण्डों में से एक कल्याण ज्वेलर्स ने अपने मेगा-बोनान्जा ऑफर को लांच कर दिया है। मेगा-बोनान्जा ऑफर दरअसल फादर्स डे और बकरीद के साथ साथ जमाई षष्ठी, वट सावित्री और गंगा दशहरा जैसे जीवंत त्यौहारों के साथ जश्न के सीजन की शुरुआत करता है। यह मेगा-बोनान्जा ऑफर कल्याण ज्वेलर्स से सोने की खरीद पर बेहतरीन सौदों के साथ विशेष अवसरों को और अधिक यादगार बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। कल्याण ज्वेलर्स ने भारत में अपने शोरूम में सभी आभूषण उत्पादों पर मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट की घोषणा भी की है। इसके साथ-साथ रोजमर्रा के इस्तेमाल से लेकर शानदार हैवीवेट पीस तक, आभूषणों की एक विस्तृत रेंज पर भारी छूट का ऑफर भी घोषित किया गया है। इस तरह कल्याण ज्वेलर्स का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर उत्सव खुशी से जगमगा उठे। यह ऑफर 30 जून, 2024 तक वैध है। मेगा-बोनान्जा ऑफर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कल्याण ज्वेलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, "हमने हमेशा ग्राहकों को केन्द्र में रखते हुए इनोवेशन पर फोकस किया है और हमारी इसी प्रतिबद्धता ने हमारे संरक्षकों के साथ हमारे बंधन को और मजबूत किया है इससे हमारे सम्मानित ग्राहकों को बेजोड़ संतुष्टि की गारंटी मिलती है। इस नए ऑफर के साथ, हमें यकीन है कि हमारे संरक्षक, खासकर वे जो त्यौहारी सीजन के दौरान खरीदारी का आनंद लेते हैं, रोमांचित होंगे और अपनी खरीदारी में बेहतरीन वैल्यू हासिल करेंगे।" कल्याण ज्वेलर्स में रिटेल बिक्री वाले सभी आभूषण बीआईएस हॉलमार्क वाले हैं और इन्हें कई शुद्धता परीक्षणों से निकालकर तैयार किया जाता है। ग्राहकों को कल्याण ज्वेलर्स का 4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट भी मिलेगा जो शुद्धता, आभूषणों के मुफ्त आजीवन रखरखाव, विस्तृत उत्पाद जानकारी और पारदर्शी विनिमय और बाय-बैक नीतियों की गारंटी देता है। यह सर्टिफिकेशन अपने हितैषी ग्राहकों को सर्वोत्तम पेशकश करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

कल्याण ज्वेलर्स के सभी शोरूम में पूरे भारत से तैयार की गई ब्राइडल ज्वेलरी लाइन 'मुहूर्त' को भी संजोया गया है। यहां कल्याण के लोकप्रिय घरेलू ब्रांड जैसे तेजस्वी (पोल्की आभूषण), मुद्रा (हस्तनिर्मित प्राचीन आभूषण), निमाह (टेम्पल ज्वैलरी), ग्लो (डांसिंग डायमंड्स), जिया (सॉलिटेयर-जैसे डायमंड आभूषण), अनोखी (अनकट डायमंड्स), अपूर्व (विशेष अवसरों के लिए डायमंड), अंतरा(वेडिंग डायमंड), हेरा (रोजमर्रा में पहने जाने वाले डायमंड), रंग (प्रीशियस स्टोन ज्वेलरी) और हाल में लॉन्च की गई लीला (रंगीन स्टोन और डायमंड ज्वेलरी) के स्पेशल सेगमेंट भी ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।

# इम्पैक्ट रैंकिंग 2024 के आधार पर भारत में सबसे प्रभावशाली विवि में केआईआइटी शीर्ष एवं विश्वस्तर में छठे स्थान पर



**भुवनेश्वर।** केआईआईटी डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को वैश्विक स्तर पर शीर्ष छठें सबसे प्रभावशाली विश्व विद्यालयों में रखा गया है और टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग वर्ष 2024 में असमानताओं में कमी के सतत विकास लक्ष्य के संदर्भ में भारत में प्रथम स्थान दिया गया है।

द टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग उन विवि का सम्मान करती है जो कई संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं। यह अनूठी रैंकिंग प्रक्रिया सभी 17 एसडीजी (संस्टेनेबल डेव्हलपमेंट गोल्स) विश्व विद्यालयों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है। केआईआईटी विश्वविद्यालय 'असमानताओं में कमी' के संदर्भ में दुनिया में छठे और भारत में प्रथम स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, केआईआईटी विश्वविद्यालय ने 'शांति, न्याय और मजबूत संस्थानों' के सतत विकास लक्ष्य में वैश्विक स्तर पर 71वां स्थान प्राप्त किया है और भारत में प्रथम स्थान पर है। 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' के सतत विकास लक्ष्य के संदर्भ में, यह दुनिया में 55वें और भारत में 5वें स्थान पर है। केआईआईटी विश्वविद्यालय 'लक्ष्यों के लिए साझेदारी' के सतत विकास लक्ष्य में भी भारत में 5 वें पायदान पर है।

केआईआईटी और केआईएसएस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की और कहा, 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शांति, न्याय और मजबूत संस्थानों, कम असमानताओं और लक्ष्यों के लिए साझेदारी के मापदंडों में दुनिया के सबसे प्रभावशाली विश्वविद्यालयों में केआईआईटी का स्थान, दशकों से इस क्षेत्र में इसके विशाल योगदान को दर्शाता है।' उन्होंने केआईआईटी-डीयू के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों को इस अनूठी उपलब्धि के लिए बधाई दी।


बुद्धिजीवियों ने कहा कि ओडिशा में स्थापित केआईआईटी विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया भर में अपने प्रभाव का विस्तार किया है। यह एक समुदाय-आधारित विश्वविद्यालय होने पर गर्व करता है, जो शिक्षा के माध्यम से गरीबी को कम करने, महिला सशक्तीकरण, कार्यस्थल में समान अवसर, ग्रामीण विकास, आदिवासी उत्थान, कला, संस्कृति और साहित्य जैसे सामाजिक मुद्दों में योगदान देता है।

## क्या आप जानते हैं उन रेलवे स्टेशनों के नाम

# भारत से विदेश जाने वाली ये हैं 7 ट्रेनें, फ्लाइट की जरूरत ही नहीं

*नई दिल्ली। हर कोई सोचता है कि विदेश जाने के लिए उसे हवाई जहाज पर चढ़ना होगा। हालांकि, हमारे देश से कई पड़ोसी देशों में जाने के लिए हवाई जहाज के अलावा ट्रेन भी एक माध्यम है। क्या आप जानते हैं कि देश में 7 ऐसे रेलवे स्टेशन हैं, जहां से ट्रेनें सीधे विदेशों तक जाती हैं। आइए देखते हैं कौन से हैं वो स्टेशन। जरूरी नहीं है कि विदेश जाने के लिए आपको ढेर सारे पैसे खर्च करने पड़ें और फ्लाइट का टिकट अरेंज करना पड़े। अपने देश में ट्रेन के कुछ ऐसे स्टेशन हैं, जो आपको सीधा विदेश पहुंचा सकते हैं।*

### हल्दीबाड़ी



ये पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाई गुड़ी रेलवे स्टेशन से एक अलग स्टेशन है। यह बांग्लादेश से सिर्फ 4.5 किमी दूर है। यहां से आप आसानी से बांग्लादेश जा सकते हैं।

### अटारी




इन सभी स्टेशनों में से यह पंजाब का सबसे प्रसिद्ध स्टेशन है। यह उत्तर रेलवे का अंतिम स्टेशन है। यहां से समझौता एक्सप्रेस पाकिस्तान जाती रही है। यह ट्रेन सप्ताह में 2 दिन चलती है। हालांकि, अलग-अलग वजहों से समझौता एक्सप्रेस का संचालन रद्द होता आया है। साल 2019 से ये ट्रेन भारत से पाकिस्तान नहीं गई, क्योंकि पाकिस्तान की ओर से इसे रद्द किया गया है।

### जयनगर




ये स्टेशन बिहार के मधुबनी में स्थित है। यहां से नेपाल तक ट्रेनें जाती हैं। यहां से अंतर भारत-नेपाल ट्रेन चलती है। इस ट्रेन से आप आसानी से नेपाल जा सकते हैं।

### सिंगाबाद

यह स्टेशन पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में स्थित है। यहां से बांग्लादेश के लिए ट्रेनें उपलब्ध हैं। यह ट्रेन रोहनपुर होते हुए बांग्लादेश जाती है।



### जोगबनी

यह बिहार का एक जिला है। यह स्टेशन नेपाल के इतना करीब है कि आपको वहां पहुंचने के लिए ट्रेन लेने की भी जरूरत नहीं है। भारत से पैदल चलकर नेपाल पहुंचा जा सकता है।




### पेट्रापोल

पेट्रापोल स्टेशन से भी आप बांग्लादेश जा सकते हैं। इस स्टेशन का उपयोग मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच आयात और निर्यात के लिए किया जाता है।




### राधिकापुर



इस स्टेशन का उपयोग माल दुलाई के लिए किया जाता है। इसे जीरो पॉइंट रेलवे स्टेशन के नाम से भी जाना जाता है। यह स्टेशन पश्चिम बंगाल में स्थित है, जहां से बांग्लादेश के लिए ट्रेनें रवाना होती हैं।

**वो 5 भविष्यवाणियां, जिससे पूरी दुनिया में मची सनसनी**

# ऐसा होगा धरती का आखिरी दिन!

*न्यूयार्क। पृथ्वी के अंत की भविष्यवाणी कई मामलों में की जा चुकी है। इसे लेकर अलग-अलग अवधारणाएं हैं, जिनके बारे में आप शायद जानते भी होंगे। चलिए जानते हैं उन तर्कों के बारे में, जो हरी-भरी पृथ्वी अस्तित्व खत्म होने को लेकर दिए जाते रहे। पृथ्वी का जन्म कैसे हुआ यह तो सभी जानते होंगे, लेकिन पृथ्वी का अंत कैसे होगा यह कोई नहीं जानता। इस बारे में कई तर्क और अटकलें हैं। आइए अब जानते हैं ऐसी ही 5 धारणाओं के बारे में।*

पिछले दिनों इस भविष्यवाणी पर चर्चा हुई थी कि पृथ्वी 21 दिसंबर 2012 को खत्म हो जाएगी। इससे लोग दहशत में आ गए। माया कैलेंडर 3114 ईसा पूर्व में शुरू हुआ था। इसकी आखिरी तारीख 21 दिसंबर 2022 थी। लोगों को लगा कि यह आखिरी दिन है और यह पृथ्वी के अंत की भविष्यवाणी थी।

साल 2000 में भी यह आशंका जताई गई थी कि पृथ्वी ख़त्म हो जाएगी। उस समय एक कंप्यूटर बग था। सभी ने सोचा कि यह दुनियाभर के कंप्यूटरों पर हमला करेगा और उन्हें नष्ट कर देगा। चूंकि ये 1 जनवरी 2000 को सामने आया था, इसलिए कुछ कंप्यूटरों में समस्याएं थीं, लोगों को लगा कि ये धरती को खत्म कर देगा।



दुनिया के सबसे प्रसिद्ध ज्योतिषी नास्त्रेदमस ने भी 1555 में पृथ्वी के अंत की भविष्यवाणी की थी। उन्होंने घटनाओं को लेकर लेस प्रोफाइटिस नामक पुस्तक भी लिखी थी। ये दुनिया के अंत की भविष्यवाणी करती है, हालांकि ये सच नहीं था।

### सभी आश्चर्यचकित रह गए

1806 में इंग्लैंड के लीड्स में एक मुर्गी थी। यह देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गए कि जो अंडे वह देती है, उस पर यीशु मसीह लिखा हुआ आ रहा है। उस समय यह बात काफी फैल गई थी कि ईसा मसीह यह संदेश भेज रहे हैं कि इससे दुनिया खत्म हो जाएगी। अंत में पता चलता है कि ये सब मुर्गी का मालिक ही लिख रहा है। वर्ष 1000 में कुछ ईसाई धार्मिक नेताओं का मानना था कि यीशु मसीह वापस आएंगे और दुनिया खत्म हो जाएगी। हालांकि ये भविष्यवाणी भी गलत निकली।



## राशिफल

**मेष** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन** — नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह** — मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।

**धनु** — नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर** — वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

# घड़ी में टिक-टिक की आवाज क्यों आती है? यह है सही जवाब

**नई दिल्ली।** अब तो स्मार्ट और डिजिटिल घड़ियों का जमाना है। लेकिन अभी भी बहुत सारे लोग टिक-टिक करने वाली घड़ियां पहनना पसंद करते हैं। वो स्मार्ट तो होती ही हैं, उनकी बनावट काफी एंटीक लगती है और लोगों को लुभाती है। ऐसी ज्यादातर घड़ियों में आपने भी टिक-टिक की आवाज सुनी होगी। लेकिन कभी सोचा कि घड़ी में टिक-टिक की आवाज क्यों आती है? सोशल मीडिया में यह सवाल पूछा गया, जिसका एक एक्सपर्ट ने जवाब दिया है।



खुद को इंडियन रेलवे में इंजीनियर बताने वाले अनिमेष कुमार सिन्हा ने लिखा, दरअसल-यह बैलेंस व्हील के दो फोर्क की, घूमते हुए पहिये से बारी-बारी से टकराने की आवाज़ है। सुई के दो घाट बने होते हैं, जो अलग-अलग दिशाओं में रहते हैं। जब ये एक सेकेंड या एक मिनट आगे बढ़ते हैं, तो एक घाट छोड़कर दूसरे घाट में जाकर बैठते हैं। ऐसे में ये लगातार गोल व्हील से टकराते हैं।

# 37 हजार करोड़ रुपए लेकर फुर्र है दुनिया की मोस्ट वॉन्टेड महिला

**क्या डॉक्टर रुजा इग्नातोवा मारी गई?**

एजेंसी ▶▶ लंदन

पांच साल पहले लापता हुई दुनिया की मोस्ट वॉन्टेड महिला और एफबीआई की टॉप 10 अपराधियों की लिस्ट में शामिल डॉक्टर रुजा इग्नातोवा क्या मारी जा चुकी है? बता दें कि वन कॉइन नाम की फर्जी क्रिप्टोकरंसी कंपनी के जरिए उसने साढ़े चार अरब डॉलर यानी 37 हजार करोड़ रुपए लपके और हालात खराब होने के बाद भाग ली। 44 साल की इस बला की आकर्षक अपराधी लोगों को चूना लगाकर खुद ऐशोआराम से जीती रही। शायद तब तक जब तक कि वह मौत के घाट नहीं उतार दी गई? रुजा ने करोड़ों डॉलर को शेल कंपनियों में ट्रांसफर किया। जब उसे पता चला कि पुलिस उसके पीछे है, उसने तुरंत बुल्गारिया छोड़ दिया। जब उसके पूर्व सलाहकार ने उससे पूछा कि आपको तो बुल्गारिया में अच्छी खासी सुरक्षा प्राप्त है तो रुजा ने जवाब दिया कि उसके खुद के लोग उसके पीछे पड़े हैं और वे उसे मार सकते हैं। बीबीसी की यही रिपोर्ट इस बात का अंदेशा जताती है कि उसकी हत्या कर दी गई। बीबीसी के एक वीडियो में एफबीआई अधिकारी रिचर्ड रेनहार्ट यह कहते हुए देखे जा सकते हैं कि अगर आप सोचते हैं कि रुजा द्वारा बटोरा गया सारा पैसा आखिर गया कहां... तो सच तो यह है कि ये सारा पैसा उसकी पॉकेट में गया। वह कहते हैं कि प्राइवेट जेट, लाखों डॉलर का उसका घर और हमने हांगकांग में उसका पैसों से भरे अपार्टमेंट के बारे में भी सुना।




यानी, सुपर लग्जरी जिन्दगी जीती थी रुजा और वह भी लोगों से हासिल किए गए धोखाधड़ी के पैसों से! विभिन्न रिपोर्टों में उसके पति का भी जिक्र है और यह भी कि उसकी एक बेटी भी है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th ग्रेजुएट (लड़के लड़किया) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर ग्राउंड स्टॉफ क्लर्क चेकर लोडर गार्ड इलेक्ट्रीशियन ड्राईवर, हैल्पर, 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस रहना खाना फ्री. 7495042110 (भोपाल /12 / जून/24)

**फायनेंस**

फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज, 50% छूट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध (धोखेबाजों से सावधान) संपर्क मोबाइल:- 08826459431 (रायपुर /14 / जून/24)


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## शब्द पहेली - 5541



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

**शब्द पहेली - 5540 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5552

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5551 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# प्रणय ने 46 मिनट में दर्ज की जीत, संघर्ष कर क्वार्टर में पहुंचे समीर

ऑस्ट्रेलिया ओपन

एजेंसी ▸▸| सिडनी

भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय और समीर वर्मा ने गुरुवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया जबकि समीर को सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यूव को 21-14 14-21 21-19 से हराने के लिए एक घंटा ओर दो मिनट तक जूझना पड़ा।

प्रणय शुक्रवार को अगले दौर में जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से भिड़ेंगे जबकि समीर का सामना चीनी ताइपे के चुन यी लिन से होगा। पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के काई चेन तेओह और काई क्यू बर्निस तेओह को 21-11, 21-11 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया।






## तीसरे दौर में पहुंची छत्तीसगढ़ की आकर्षि

*महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त छत्तीसगढ़ की आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा। अनुपमा उपाध्याय को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 11-21, 18-21 से जबकि मालविका बंसोड़ को इंडोनेशिया की एक अन्य खिलाड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी ट्राई वार्डोयो के खिलाफ 17-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में पंडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा का सफर भी खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पेई जिंग लाइ और चियू सीन लिम की मलेशियाई जोड़ी से 5-21, 9-21 से हार गई।*




### खबर संक्षेप



## खेल मंत्री ने ओलंपिक की तैयारियों का लिया जायजा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया। मांडविया ने बाद में पत्रकारों से कहा, 'आज मैंने पहली बार आईओए के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने मुझे पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी की जानकारी दी। सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।'

## पुखराज सिंह पहले दौर के बाद बढ़त पर



**लांग एन।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह वियतनाम मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे। इस 85000 डालर इनामी प्रतियोगिता में कुल 142 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें सात भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अक्षय शर्मा (69) संयुक्त नौवें, सुनहित बिश्नोई (70) संयुक्त 18वें, अर्जुन प्रसाद और सप्तक तलवार (71) संयुक्त 33वें, खलिन जोशी (72) और अमन राज (72) संयुक्त 46वें स्थान तथा अनुभवी राहिल गंगजी (74) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

### टी20 विश्व कप : कीवी टीम अगले चरण में पहुंचने की दौड़ से लगभग बाहर

# वेस्टइंडीज ने सुपर-8 में बनाई जगह न्यूजीलैंड को 13 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸| टरुबा

वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर सुपर 8 में जगह बनाई और कीवी टीम को अगले चरण में पहुंचने की दौड़ से लगभग बाहर कर दिया। वेस्टइंडीज की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे वह ग्रुप सी में 6 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है। वेस्टइंडीज के रदरफोर्ड ने 39 गेंद पर नाबाद 68 रन की पारी खेली जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं। इससे वेस्टइंडीज ने 9 विकेट पर 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 75 रन पर आउट होने वाली न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में 9 विकेट पर 136 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड की टीम ने पिछले तीन वनडे विश्व कप और इतने ही टी20 विश्व कप में कम से कम सेमीफाइनल में जगह जरूर बनाई थी लेकिन इस बार उसके बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज 2021 में सुपर 12 से बाहर हो गया था जबकि 2022 में वह ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था।



## पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ अफगानिस्तान का मैच आज

*अफगानिस्तान की टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ सुपर आठ का टिकट पक्का करने की होगी। अफगानिस्तान अगर यह मैच जीतने में सफल रहा तो वह सुपर आठ में पहुंच जाएगा जिसका मतलब होगा की 2021 की उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाएगी। इस ग्रुप से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड पर जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है।*

## अमेरिका और आयरलैंड में आज मचेगा घमासान




**फ्लोरिडा।** घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली अमेरिका की टीम शुक्रवार को आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के अहम मुकाबले में आयरलैंड का सामना करेगी तब इस मैच के परिणाम पर पाकिस्तान की भी नजर होगी। अमेरिका के तीन मैचों में चार अंक है और इस मुकाबले के जीतकर उसके पास सुपर आठ में पहुंचने का सुनहरा मौका है। इससे 2009 की चैंपियन पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। पाकिस्तान को हराने के बाद भारत को कड़ी टक्कर देने वाले अमेरिका के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि आयरलैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।

### टेनिस टूर्नामेंट

# विंबलडन की इनामी राशि रिकार्ड पांच करोड़ पाउंड

एजेंसी ▸▸| लंदन

ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड पांच करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें प्रत्येक एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे।

कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर तीन करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है। ऑल इंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि टिकटों की मांग इस साल से अधिक कभी नहीं रही। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड (लगभग 4,50,000 डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है जो 14.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 2023 में 55,000 पाउंड (70,000 डॉलर) से बढ़ाकर 60,000 पाउंड (लगभग 76,000 डॉलर) मिलेंगे। क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार 14.9 प्रतिशत बढ़कर 48 लाख पाउंड (लगभग 60 लाख डॉलर) हो जाएगा।

Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra, Chhatarpur
No./KVK-/NICRA/2023-24/353 Date:-11.06.2024
Walk in Interview
Eligible candidate may appear for "Walk in Interview" at office of Director Extension Services Jabalpur along with the original documents and two sets of application along with Demand Draft of Rs. 100/- (One hundred only) in the favour of Krishi Vigyan Kendra, Nowgong on 20.06.2024 at 11.00 a.m. for the temporary (contractual) positions of one post of Senior Research Fellow (SRF) under the project entitled "National Innovation in Climate Resilient Agriculture (NICRA)" funded by CRIDA (ICAR), Hyderabad. For detailed information and the prescribed application form can be downloaded from http://www.jnkvv.org
Senior Scientist & Head
KVK, Chhatarpur (M.P.)
IPRO KVK Chhat-/2024/45

# ओलंपिक कोटा देश का होता है खिलाड़ी का नहीं

**मुंबई।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने गुरुवार को कहा कि प्रतिभाशाली निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल का पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि कोटा देश का होता है किसी व्यक्तिगत खिलाड़ी का नहीं। पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया था लेकिन वह भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के चयन ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तथा संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता के बाद तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह से भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं बना पाए। ओलंपिक के दिशा निर्देशों के अनुसार कोई भी देश किसी एक स्पर्धा में ट्रायल्स में शीर्ष पर रहने वाले दो निशानेबाजों को ही भेज सकता है।


कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)
क्रमांक 668/विघुत विभाग /2024-25 कटनी, दिनांक:- 07/06/2024
चतुर्थ निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण, शर्ते आदि वेबासाइट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिंनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2024_UAD_350808_1 | नगरीय सीमा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में स्थापित विघुत पोल में रंग पेंट से वार्ड क्रमाक पोल क्रमांक अंकित कराये जाने का कार्य | 120 दिवस लागत- 3,75,000/- | 2,000/- 3750/- | 20/06/2024 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
कार्यपालक यंत्री
वास्ते - आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी

# लियोनेल मेसी ने कहा, इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब

एजेंसी ▸▸| अटलांटा



दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने ईएसपीएन से कहा, 'मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा। आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है।' मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है। मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था। बार्सिलोना के पूर्व स्टार मेसी का इंटर मियामी के साथ अनुबंध 2025 के सत्र के समापन तक है। उन्होंने कहा, 'यूरोप से यहां आने का फैसला मुश्किल था। विश्व चैंपियन बनने से बहुत मदद मिली, और चीजों को अलग तरह से देखने का मौका भी मिला। लेकिन मैं इस बारे में नहीं सोचता। मैं खेल का आनंद लेने का प्रयास करता हूं।'

## विंडीज का लक्ष्य आखिरी मैच खेलना

**तारोबा।** वेस्टइंडीज के सुपर आठ में जगह बनाने पर शेरफेन रदरफोर्ड ने अपनी खुशी नहीं छिपाई लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज ने कहा कि पूर्व चैंपियन को टी20 विश्व कप फाइनल में खेलने के टीम लक्ष्य को हासिल करने के लिए और सुधार करने की जरूरत है। वेस्टइंडीज ने यहां न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर तीन मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप सी से सुपर आठ चरण में प्रवेश किया। मौजूदा टी20 विश्व कप का फाइनल 29 जून को बारबडोस के ब्रिजटाउन में होगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
एल.सी. गेट पर स्लाइडिंग बूम के लिए ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्रमांक:** ST-08LC-CTR-2-133-24 दिनांक: 07.06.2024
**कार्य का नाम:** (1) दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में 08 एल.सी. गेटों पर स्लाइडिंग बूम का प्रावधान। (2) 'कलमना-कन्हान जं. (UP Loop) - सीटीआर/पी - 2.133 टीकेएम (कलमना यार्ड की लाइन संख्या 9, 10 व 11) कार्य के संबंध में सिग्नलिंग की आवश्यकता।
**निविदा मूल्य:** ₹ 30,61,173.40
**बिड सेक्युरिटी:** ₹ 61,200.00
**समापन अवधि:** 08 (आठ) महीने।
**निविदाएं प्रस्तुत करना:** बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल दि. **03.07.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है।
मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसे सभी मैनुअल ऑफर अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण हेतु रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
PC/04-36
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)
स्वामी विवेकानंद भवन, गायत्री मंदिर से सामने, डार्यवर्सन रोड, सतना-485001
फोन - 07672-228818 फैक्स-076272-224799
क्रं. 102/का.से./ना.पा.नि./2024 सतना दिनांक:-12.06.2024
सार्वजनिक सूचना
मु. प्रेमा देवी बेवा रामप्रसाद, जसवंत कुमार, आनंद पिता स्व. रामप्रसाद चमार निवासी दइजवार सतना द्वारा मौजा कृपालपुर स्थित आराजी क्र. 1300/1/3 रकवा लगभग 0.745 हे. पर नगर तथा ग्राम निवेश विभाग एवं नगर निगम से अनुज्ञा प्राप्त किये बगैर अवैध रूप से कालोनी विकसित की जा रही है। उपरोक्त अनाधिकृत कालोनी में भूखण्डों का क्रय विक्रय (अंतरण) अवैध है।
अधीक्षण यंत्री
नगर पालिक निगम
सतना (म.प्र.)

कार्यालय नगर परिषद बरही, जिला कटनी, (म.प्र.)
फोन नं. 07626 274220 मेल- cmobarhi@mpurban.gov.in
क्रमांक 246/न.प. /2024 बरही, दिनांक:- 11/06/2024
द्वितीय निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण, शर्ते आदि वेबासाइट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिंनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2024_UAD_336196_2 Dt. 12.06.2024 | वार्ड क्रं. 1 से उत्तम गुप्ता के मकान से मोहन प्रजापति के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण | 02 माह 6,53,182/- | 2,000/- 6,600/- | 01/07/2024 |

शर्त:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बरही
जिला कटनी (म.प्र.)

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
(म.प्र. सहकारी सोसायटीज अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत)
भोपाल डेरी प्लांट, हबीबगंज, भोपाल-462024 (म.प्र.) भारत
फोन (पीबीएक्स) : (0755) 2478250, 51, 53, Fax No. : (0755) 2450896
E-mail : bsdsim@gmail.com, sanchi.bhopal@gmail.com
जाहिर सूचना
भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा समूह-2 उपसमूह-4 के अंतर्गत आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा 2022 के परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन **दिनांक 20.06.2024 को** किया जाना है। साथ ही समूह-2 उपसमूह-4 के अंतर्गत विज्ञापित अनुसूचित जनजाति के रिक्त पदों पर म.प्र. की विशेष आदिम जनजाति बैगा, सहारिया तथा भारिया के अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों के अनुसार प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन **दिनांक 25.06.2024 को** किया जाना है। उक्त दस्तावेज सत्यापन की सूचना प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को उनके निवास स्थान के पते पर रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की गई है, साथ ही भोपाल सहकारी दुग्ध संघ की वेबसाइट **www.sanchibhopal.com** एवं एमपीसीडीएफ की वेबसाइट **www.sanchidairy.com** पर भी दस्तावेज सत्यापन की सूचना अपलोड कर संबंधितों को सूचित किया जा चुका है।
अत: उक्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दस्तावेज सत्यापन में वेबसाइट पर अपलोड जीवन वृत्त (बायोडाटा) को दो प्रतियों में पूर्ण रूप से भरकर आपके द्वारा आवेदित पद हेतु प्रस्तुत आवेदन में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, जाति प्रमाण-पत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र, भूतपूर्व सैनिक/विकलांग प्रमाण-पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन, फोटोयुक्त आईडी आदि दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मिलान/सत्यापन कराने हेतु निर्धारित **दिनांक को प्रात: 11.00 बजे एम. पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड में** स्थित **भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के प्रशिक्षण केन्द्र, आईएसबीटी के सामने, हबीबगंज, भोपाल** में उक्त वांछित मूल दस्तावेजों, उनकी छायाप्रतियों (दो सेट) एवं पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो (दो प्रति) सहित स्वयं उपस्थित होवें। निर्धारित दिनांक एवं समय पर समस्त वांछित दस्तावेजों के साथ उपस्थित न होने की स्थिति में आपकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।
म.प्र. माध्यम/114882/2024 प्रभारी प्रशासन

कार्यालय नगर परिषद् लखनादौन, जिला सिवनी (म.प्र.)
फोन नं. 07690-240139 ईमेल- cmolakhnadoun@mpurban.gov.in
NIT 131/E-Tender/Lakhnadoun/2024 Date- 12.06.2024
द्वितीय निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबासाइट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिंनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2024_UAD_340100_2 Dt. 13.06.2024 | मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) अंतर्गत नरसिंहपुर मार्ग में हनुमान मंदिर के पास सोनटोरिया बंजारी मंदिर के पास तक मार्ग के दोनों ओर सी.सी. रोड बाईडिंग, डिवाईडर एवं बाक्स कल्वर्ट कार्य | 09 माह 1,27,07,151/- | 12,500/- 63,600/- | 01/07/2024 |
| 2024_UAD_340101_2 Dt. 13.06.2024 | कायाकल्प 2.0 अभियान अंतर्गत वार्ड क्रं. 01, 04 एवं 03 (कुल 06 स्थानों पर) सी.सी. रोड मजबूतीकरण कार्य | 02 माह 42,29,053/- | 5,000/- 31,800/- | 01/07/2024 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् लखनादौन

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)
// निविदा आमंत्रण सूचना //
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पी.आर.ओ.-766 12/06/2024 | सं.क्र.-14 महाराजा अग्रसेन वार्ड में राजीव गांधी बस्ती में शाला में भवन निर्माण कार्य। | 03 माह 3.98/- | 2000/- 3980/- | 28.06.2024 |
| 1. | पी.आर.ओ.-766 12/06/2024 | सं.क्र.-14 चेरीताल वार्ड अंतर्गत हरदौल मंदिर मुख्य मार्ग से संत सुधा सागर तक नाली निर्माण कार्य। | 03 माह 7.78/- | 2000/- 7780/- | 28.06.2024 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर





# नीट परीक्षा परिणाम को चुनौती देने वाले मामले में सुनवाई टली

## हाईकोर्ट में आज फिर होगी सुनवाई

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में नेशनल इलिजिबिलटी कम इंट्रेंस टेस्ट फार यूजी यानि नीट-यूजी के रिजल्ट को चुनौती देने वाले मामले में गुरुवार को सुनवाई टल गई। जस्टिस अमरनाथ केशरवानी व जस्टिस वीरेन्द्र द्विवेदी की युगलपीठ ने मामले की सुनवाई आज शुक्रवार को किये जाने के निर्देश दिये है। दायर मामलों में याचिकाकर्ताओं ने भाई-भतीजावाद का आरोप लगाया है।भोपाल व जबलपुर निवासी छात्राओं की ओर से दायर मामले में नीट-यूजी परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानि एनटीए के रिजल्ट को कठघरे में रखा है। टाप-13 अभ्यर्थियों के रोल नंबर आसपास होने को लेकर सवाल खड़ा किया है। आरोप लगाया गया है कि एक कोचिंग सेंटर के आठ छात्रों के नाम व रोल नम्बर एक सामान है। इतना ही नहीं उक्त सभी छात्रों को परीक्षा में शतप्रतिशत अंक मिले हैं। लिहाजा, भाई-भतीजावाद व भ्रष्टाचार के आरोप की जांच होनी चाहिए। जबलपुर निवासी अमीषी वर्मा के अधिवक्ता आदित्य संघी व भोपाल निवासी निशिता सोनी के अधिवक्ता ब्रजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि याचिकाकर्ता नीट यूजी परीक्षा 2024 में शामिल हुई थीं। लेकिन जैसे ही परिणाम सामने आया, वे गड़बडी की आशंका के साथ कानूनी कार्रवाई के लिए आगे आ गईं। दरअसल, अमीषी को 720 अंक में से 615 अंक प्राप्त हुए थे। उसे व्यक्तिगत व विशेषज्ञों की गणना अनुसार अधिक अंक मिलने की उम्मीद थी। याचिका में कहा गया था कि परीक्षा परिणाम में 67 छात्रों को शत-प्रतिशत अंक मिले है। एक ही कोचिंग संस्थान में छह छात्रों को शत प्रतिशत अंक व दो को 718 व 719 अंक प्राप्त हुए हैं। सभी के नाम व रोल नम्बर में सामानता है। दरअसल, गलत उत्तर देने पर चार अंक काटे जाते हैं, तो सवाल उठता है कि दो छात्रों को 718 व 719 अंक कैसे मिल सकते हैं। उनका एक उत्तर गलत था तो चार नम्बर काटकर 716 अंक मिलने चाहिए थे। सभी उत्तर सही थे तो 720 अंक मिलने चाहिए थे। याचिका में कहा गया है कि एम्स का कट आफ मार्क्स 717 है। एक संस्थान के छात्रों को उपकृत करने के लिए परीक्षा में भाई-भतीजावाद व भ्रष्टाचार किया गया है। याचिका में राहत चाही गई है कि हाईकोर्ट की निगरानी में उच्च स्तरीय कमेटी से मामले की जांच कराई जाए व चयनित छात्रों को अस्थाई तौर पर दाखिला दिया जाए। अधिवक्ताओं के अनुसार इस मामले की सुनवाई आज शुक्रवार को पुनः होगी।



# वीरता पुरस्कार मिलने पर दी गयी जमीन का अब तक नहीं मिला पट्टा

### सरकार ने 14 साल गुजर जाने के बावजूद भी पेश नहीं किया जवाब

**जबलपुर**। सेना में रहते हुए दो युद्ध में शिरकत करते हुए वीरता पुरस्कार पाने वाले व्यक्ति को सरकार की ओर से दी गई पंद्रह एकड़ जमीन का पट्टा आवंटित न किये जाने के मामले को हाईकोर्ट ने काफी गंभीरता से लिया। सुनवाई दौरान न्यायालय ने पाया कि जमीन के पट्टे के लिए उसने तहसीलदार के समक्ष आवेदन किया था। तहसीलदार द्वारा आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किये जाने के खिलाफ उनके पुत्र ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने पाया कि 14 साल पूर्व दायर की गयी याचिका में अभी तक सरकार की ओर से कोई जवाब पेश नहीं किया गया है। एकलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए तहसीलदार सोहागपुर को निर्देशित किया है कि वे चार माह में याचिकाकर्ता के आवेदन का निराकरण करें, तब तक न्यायालय ने अपनी उक्त जमीन पर अपनी रोक बरकरार रखी है।याचिकाकर्ता साहेब सिंह बनकर की ओर से हाईकोर्ट में साल 2010 को उक्त याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि उनके पिता भोला सिंह भारतीय सेना में थे और दो युद्ध लड़े थे। युद्ध में शौर्य का प्रदर्शन करने के कारण उन्हें वीरता पुरस्कार भी मिला था। वीरता पुरस्कार मिलने के कारण सरकार की ओर से उन्हें ग्राम महुआ खेड़ा तहसील सोहागपुर जिला होशंगाबाद में 15 एकड़ भूमि दी गयी थी। उनके पिता ने जमीन के पट्टा जारी किये जाने के लिए साल 1995 में सोहागपुर तहसीलदार के समक्ष आवेदन दायर किया था। आवेदन अभी तक लंबित है और उनके पिता की मृत्यु हो गयी है। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि याचिका की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए अगस्त 2010 में नोटिस जारी किये गये थे। सरकार को अप्रैल 2024 में जवाब पेश करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया गया था। अंतिम अवसर प्रदान किये जाने के बावजूद भी जवाब पेश नहीं किया गया। एकलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए अपने आदेश में कहा है कि तहसीलदार सोहागपुर ने अभी तक आवेदन पर कोई निर्णय नहीं लिया है है तो वह ग्राम सरपंच सहित अन्य संबंधित को सुनवाई का अवसर प्रदान करें। तहसीलदार चार माह की निर्धारित अवधि में आवेदन का निराकरण करें।

# रशियन युवती को लेकर पुलिस पशोपेश में

### वीजा-पासपोर्ट सब है उसके पास, लेकिन किस मकसद से आई नहीं पता



**जबलपुर**। माढ़ोताल थाना अंतर्गत होटल मिड जर्नी में एक विदेशी युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने की घटना से जबलपुर पुलिस से लेकर पीएचक्यू तक के कान खड़े हो गये। युवती यहां क्यो आई है, किस काम से आई है, जबलपुर में किसके संपर्प में है। इस बारे में किसी तरह की कोई जानकारी अबतक सामने नहीं आई है। माढ़ोताल पुलिस ने कई दिन वाच करने के बाद युवती को हिरासत में लिया है। युवती उज्बेकिस्तान की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उज्बेकिस्तान रहने वाले 34 वर्षीय युवती माढ़ोताल थाना अंतर्गत होटल मिड जर्नी में लम्बे समय से रुकी हुई थी। पुलिस को सूचना मिली थी, पुलिस ने कुछ दिन युवती की गतिविधियां जांच में लीं। फिर संदेह होने पर हिरासत में ले लिया। लड़की न हिन्दी बोल पा रही है और न अंग्रेजी, जिस वजह से पूछताछ में दिक्कत आ रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस रशियन ट्रांस्लेटर ढूंढ रही है। युवती के मोबाईल में कुछ लोकल लड़कों के नम्बर भी मिले हैं। पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है।

माढ़ोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि थाना अंतर्गत होटल मिड जर्नी में उज्बेकिस्तान की एक युवती कई दिन से ठहरे होने की सूचना मिलनी थी।

# मेडिकल कॉलेजों में दवाओं और उपकरण खरीदने में नहीं होगी देरी

**डीन को मिलेगा 25 लाख रुपये खर्च करने का अधिकार**

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश के 13 स्वशासी मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में अचानक किसी उपकरण, दवा की आवश्यकता होने पर तत्काल खरीदी की जा सकेगी। साथ ही मरम्मत के लिए शासन से राशि मिलने की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। इसके तहत अलग-अलग काम के लिए डीन और अस्पताल अधीक्षकों के स्वशासी मद से खर्च के वित्तीय अधिकार कई गुना बढ़ाने की तैयारी है। डीन 25 लाख तो अस्पताल अधीक्षक 10 लाख रुपये तक के उपकरण खरीद सकेंगे। इसी प्रकार डीन 10 लाख तो अधीक्षक पांच लाख रुपये के उपकरण, प्लांट या मशीनों को सुधारने के लिए राशि स्वीकृत कर सकेंगे।सफाई, दवा खरीदी, उपकरणों का वार्षिक रखरखाव और मरम्मत के लिए डीन व अधीक्षक को क्रमशः पांच लाख और ढाई लाख रुपये के वित्तीय अधिकार मिलेंगे। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया है, जिस पर शासन से स्वीकृति मिलनी है। अभी यह अधिकार अलग-अलग कॉलेजों के लिए विभिन्न शीर्ष में अधिकतम 10 लाख रुपये तक का है। मध्य प्रदेश के 14 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सतना छोड़ दें तो बाकी 13 स्वशासी हैं। मरीजों से शुल्क, विद्यार्थियों की शुल्क और अन्य मदों से आने वाली राशि स्वशासी समिति के खाते में जमा होती है। अचानक कोई आवश्यकता होने पर इस मद से राशि खर्च की जा सकती है, पर इसके लिए कार्यकारिणी से अनुमोदन लेना होता है। समिति का हर वर्ष बजट पारित होता है। उसमें स्वीकृत कार्यों के अतिरिक्त कार्यकारिणी की मंजूरी की आवश्यक होती है। अब बिना स्वीकृति भी निर्धारित सीमा में राशि खर्च की जा सकेगी।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

जबलपुर से फ्लाईट रीवा के लिए 4 यात्रियों को लेकर हुई रवाना

# 6 यात्रियों को लेकर पहुंची पहली पीएम श्री पर्यटन फ्लाईट



## डुमना विमानतल में वाटर केनन से किया स्वागत



**हरिभूमि, जबलपुर।** पीएम श्री पर्यटन वायुसेवा की बुधवार से शुरुआत हो गई। भोपाल से चलकर पहली फ्लाईट डुमना विमानतल पर सुबह 10.15 बजे पायलट, को-पायलट के अलावा छह यात्रियों को लेकर जबलपुर पहुँची, तो लोगों की खुशी का ठिकाना नही रहा। पहली फ्लाईट का वॉटर केनन से स्वागत किया गया। इस पहली फ्लाईट में यात्रियों में सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह भी शामिल रहे। जबलपुर से जब यह फ्लाईट रीवा के लिए रवाना हुई तो इसमें अशोक पंवार सहित चार यात्री रीवा के लिए रवाना हुए। इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राजा भोज अंतरराष्ट्रीय विमान तल भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने पर्यटन वायु सेवा की पहली फ्लाइट को हरी झंडी दिखाकर जबलपुर रवाना किया। जबलपुर में डुमना एयरपोर्ट पर पहुंचने पर इस फ्लाइट का वाटर कैनन से किया गया स्वागत। एयरपोर्ट पर पर्यटन वायुसेवा के स्वागत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किये गये इस कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, सन्तोष वरकड़े एवं नीरज सिंह, मध्यप्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रवि करण साहू, नगर निगम अध्यक्ष प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, पूर्व विधायक श्रीमती नन्दिनी मरावी एवं अन्य अतिथि मौजूद थे।

## व्यापार, उद्योग, शिक्षा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा : राकेश सिंह



जबलपुर से रीवा के लिए पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा को हरी झंडी दिखाकर रीवा के लिए रवाना करने के पूर्व मे डुमना में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि अब यह फ्लाईट अपने सप्ताह के निर्धारित दिनों पर आएगी, जाएगी। इससे जबलपुर के पर्यटन टूरिस्ट हब को बढ़ावा मिलेगा तो वहीं रीवा सिंगरौली से इलाज के लिए भोपाल आने वालों को सुविधा होगी, और वही शिक्षा के लिए जबलपुर आने वालें आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। भोपाल से मात्र 45 मिनिट में यह फ्लाईट यात्रियों को लेकर जबलपुर पहुंची। उद्घाटन समारोह में मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों ने इस सुविधा को उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार जताया।



# उमस और धूप ने सारे दिन बहाया लोगों का पसीना

**नम हवाओं से बढ़ी उमस, राहत की बूंदो का इंतजार**

**जबलपुर।** पारा लगातार 41 डिग्री पर बना हुआ है। दिन भर उमस व धूप पसीना बहा रही है। बीच बीच में बादलों की बसाहट से उमस बढ़ जाती है। नम हवाओं के कारण उमस बढ़ गई जिससे लोगों को बेचैनी हुई। यद्यपि पिछले कुछ दिनों से आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी हुई है। गर्मी ने पूरे वातावरण को बेचैन कर रखा था। दिन के साथ-साथ रात के तापमान ने भी उछाल बरकरार रखी है। इसलिए भीषण गर्मी से न दिन में चैन है, न रात में सुकून है। कल तेज धूप के बीच लू-लपट चलती रही। 8 किलोमीटर की रफ्तार से चली गर्म लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित किया। बिना टोपी, गमछा, चश्मा के निकल पाना संभव नहीं। दिन में जहां गर्म लू के थपेड़ों ने बदन चहकाया तो रात में गर्म हवाओं ने पंखे और कूलर, पंखों को बेदम कर दिया।

अब लोगों को मानसून से राहत की बूंदों का बेसब्री से इंतजार है। समुद्री तट से आ रही नमी ने उमस बढ़ा दी है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं। बहरहाल अभी तक दिन में चलने वाली गर्म लू लपट के कारण सड़कें सूनसान हो जाती हैं।

जरूरी काम से ही लोग निकल पाते हैं। वहीं रात में गर्म हवायें कूलर और पंखों की भी दम निकाल लेती हैं, जिससे लोग देर रात तक सड़कों या घरों की छतों पर चहलकदमी करते देखे जा सकते हैं। मौसम विभाग की मानें तो पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने से जबलपुर संभाग के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सामान्य से दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 40.4 और न्यूनतम तापमान 29.04 डिग्री दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातकाल 54 प्रतिशत, सायंकाल 34 प्रतिशत आंकी गई। सूर्येदय सुबह 5.24 बजे और सूर्यास्त शाम 6.57 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 45.5 डिग्री तापमान खजुराहो में दर्ज किया गया। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलो में कही कहीं छुटपुट वर्षा की संभावना है।



## गरुड़ दल ने दवा एवं मिठाई दुकान का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नियामकों का पालन कराने एसडीएम के नेतृत्व में गठित गरुड़ दलों में से जबलपुर एसडीएम के दल ने गुरुवार को पनागर में आंनद मेडिकल स्टोर्स एवं मां भवानी बीकानेर स्वीट्स का निरीक्षण किया। तहसीलदार पनागर विकास चंद जैन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दोनों फर्मों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन की जांच की गई । आनंद मेडिकल स्टोर्स से हेल्थ सप्लीमेंट के दो नमूने संग्रहित किये गये । इसी प्रकार मां भवानी बीकानेर स्वीट्स में किचन का निरीक्षण किया गया। कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं पाये गये । तहसीलदार पनागर ने बताया कि स्वीट्स दुकान के संचालक को किचन एवं स्टोर में जरूरी सुधार हेतु नोटिस जारी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान लिये गये नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं।

**जगह-जगह बिक रही अवैध शराब और इंजेक्शन**

# नशे की लत से उड़ता जबलपुर

हरिभूमि, जबलपुर।

उड़ता पंजाब नाम की एक फिल्म आई थी जिसमें पंजाब को नशे की लत में दिखाया गया था। वर्तमान में यही हालात जबलपुर में नजर आ रहे हैं। युवाओं में नशे की लत इतनी बढ़ गई है कि वह सरेआम शराब खोरी करते नजर आ रहे हैं। नवनिर्मित फ्लाईओवर तो नशे का अड्डा बना हुआ नजर आ रहा है। दरअसल महानद्दा से एलआईसी तक का फ्लाईओवर को चालू कर दिया गया है। नशेड़ियों के लिए यह जगह पसंदीदा जगह बन गई है तथा यह स्थान अब नशे के अड्डा के रूप में नजर आने लगा है। जिससे यहां से निकलने वाले राहगीरों को बड़ी ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते ही शराबियों की महफिल सजने लगती है, यही नहीं यहां पर स्मैक, गांजा व इंजेक्शन का नशा करने वाले भी नशेड़ियों के लिए यह जगह महफूज लगने लगी है।गौरतलब है कि प्रदेश का सबसे लंबा फ्लाईओवर जबलपुर मे बन रहा है, इसके बनने से आम जनता को राहत प्रदान होना है, परंतु नशेड़ियों ने इसे अपने अड्डे के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। शाम होते ही यह जगह निकलने लायक तक नहीं होती है। इसका कारण यहां पर शराबियों का जमघट एवं इंजेक्शन का नशा करने वालों का भरमार होती है।



**कारों का काफिला**

शाम सात बजे से देर रात तक यहां पर कारों का काफिला भी खड़ा रहता है, जिसमें युवाओं द्वारा नशा किया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फ्लाईओवर से निकलो तो ऐसा लगता है, जैसे शराब खाना के सामने से गुजर रहे है। हालात यह है कि ऊपर से निकलने की बजाय नीचे से निकलना ज्यादा पसंद करते हैं।

### फैक्ट फाइल

- युवा हो रहे शराब के साथ स्मैक और नशे के इंजेक्शन के शिकार
- जिम्मेदारों को नही रहा कोई सरोकार
- फलाईओवर बना नशा का केन्द्र बिन्दु
- पूरे जिले में अवैध रूप से बिक रही शराब

### जिम्मेदारों को नहीं कोई सरोकार

फ्लाईओवर में चल रहे नशा का अड्डा पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। ऐसा लगता है जैसे जिम्मेदारों को कोई सरोकार ही न हो। आये दिन होने वाली मारपीट की घटनाओं में भी यहां पर निरंतर बढ़ोतरी होती नजर आ रही है।

## कटनी के वकीलों की समस्याओं से रूबरू हुए वाईस चेयरमेन सैनी

### अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत

**जबलपुर।** मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने गत दिवस कटनी का दौरा कर अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुना। जिनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। जिसके उपरांत कटनी जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने श्री सैनी का गर्मजोशी से स्वागत किया।कटनी जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं जिला सदस्य शिकायत निवारण समिति एड. अंजुला सरावगी बजाज व अन्य पदाधिकारियों ने फूल मालाओं एवम शाल भेंट कर श्री सैनी का स्वागत किया और वकीलों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। वरिष्ठ वकीलों ने कटनी जिले के अधिवक्ताओं पर आए दिन हो रहे हमलों एवं अधिवक्ता सुरक्षा, मेडिकल सुविधाओं, नए अधिवक्ताओं की सनद, आकस्मिक दुर्घटना पर होने वाले खर्च भरपाई पर भी चर्चा की। जिस पर श्री सैनी ने उन्हें आश्वासत करते हुए कहा कि उक्त शिकयत व मांगे एक लिखित प्रारूप में मप्र राज्य अधिबक्ता परिषद को भेजे जिसका वह तत्परता से समाधान करायेंगे। इस दौरान श्री सैनी के साथ एडवोकेट सुदीप दीक्षित, सुदीप सिंह सैनी, संजय दुबे मौजूद रहे। जिनका भी स्वागत कटनी के अधिवक्ताओं ने पुष्पमालाओं से किया।



# खनिज एवं राजस्व संयुक्त टीम की छापामार कार्रवाई

**अवैध रूप से भंडारित रेत भंडारण जप्त**

जबलपुर।

उपसंचालक खनिज एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारी पाटन के मार्गदर्शन में खनिज, राजस्व तथा पुलिस थाना पाटन के संयुक्त अमले के द्वारा तहसील पाटन अंतर्गत हिरण नदी के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध खनन कार्य होना नही पाया गया। स्वीकृत रेत खदान के संचालकों को शासन निर्देशों के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया इसके अलावा संयुक्त टीम ने पाटन तहसील के ग्राम बेलखेड़ा, कट्टरा में लगभग 195 घन मीटर रेत बिना अनुमति के अवैध रूप से भंडारित होने के कारण लावारिस रूप से जप्त ग्राम कोटवार के सुपुर्द की गई। ज्ञातव्य हो की खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज गतिविधियों पर अभियान चलाया जा रहा है,आज की कार्यवाही में तहसीलदार पाटन, खनि निरीक्षक शिवपाल सिंह मय पुलिस बल उपलब्ध रहा।

# सेंट्रल में गैंगवार की आशंका

## कैदियों को भेजा जा रहा दूसरी जेल

**जबलपुर।** आमतौर से शांत रहने वाली जबलपुर सेंट्रल जेल में बीते कुछ माह से विवाद पक रहा है। पिछले महीने जहां दो शातिर बदमाशों के बीच झूमा झपटी हुई थी। वहीं उसी विवाद में किसी बड़े काण्ड के आंशका जेल के अंदर बनी हुई थी। जिसके चलते जेल प्रशासन लम्बे समय से अलर्ट मोड पर है। संभावित गैंगवार को रोकने के लिये कैदियों की बैरक शिफ्टिंग और दूसरे जेल भेजना का दौर जारी है। गैंगवार रोकने के लिए तीन और बदमाशों को दूसरे जिलों की जेल में शिफ्ट किया गया है। एक बदमाश को रतलाम, दूसरे को उज्जैन व एक अन्य को इंदौर सेंट्रल जेल भेजा गया है। इससे पहले एक गैंगस्टर का ट्रांसफर बड़वानी जेल में किया जा चुका है। गौरतलब है कि केंद्रीय जेल में बंद गैंगस्टर छोटू चौबे और संजय सारंग गम्भीर मामलों में सजा काट रहे है। 13 मई की सुबह उनमें किसी बात को लेकर झूमाझटकी हुई थी। इस बीच संजय सारंग ने छोटू चौबे के सिर पर लोहे की धारदार पट्टी से वार किया था। उसे सिर पर चोट आई थी। जेल के भीतर हुई इस घटना के बाद से उन्हें अलग-अलग बैरक में रखा गया था। बाद में छोटू को बड़वानी जेल भेज दिया गया था। जेल में हुई मारपीट के बाद से जेल अफसरों की निगाहें संजय सारंग पर थीं। वह अपनी गैंग के गुर्गों के साथ जेल में रहता था। इसलिए उसे उज्जैन जेल में शिफ्ट किया गया है। उसकी गैंग के गुर्गों पर भी नजर रखी जा रही है। इधर, जेल में बंद बदमाश रूपेंद्र साहू अपनी बैरक में रहने वालों के साथ गैंग बना रहा था। आशीष सोनी भी ऐसी गतिविधियों में शामिल मिला। इसलिए रूपेंद्र को रतलाम और आशीष को इंदौर जेल में शिफ्ट किया गया है।

# क्या बिना नेता प्रतिपक्ष के होगा बजट सत्र!

**कांग्रेस अब तक नहीं चुन पाई नेता प्रतिपक्ष**

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के कांग्रेस से भाजपाई हुये महीनों गुजर गये। कांग्रेस को नगर सत्ता से विपक्ष में लम्बा समय बीत गया। लेकिन आज की तारीख तक नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं कर पाई। कुल जमा 27 कांग्रेस पार्षदों और 2-3 दावेदारों में से एक नेताप्रतिपक्ष चुनने के काम में जबलपुर से लेकर भोपाल तक के नेता माथा फोड़ रहे है। लेकिन नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। प्रदेश स्तर पर पर्यवेक्षक बनाए गये सुखदेव पांसे कई बार आकर चले गये। लोकसभा चुनाव होकर खत्म हो गया, लेकिन कांग्रेस नगर निगम में अपना नेता प्रतिपक्ष नहीं चुन पाई। अब जब चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट पर चर्चा के लिए नगर सरकार कभी भी सदन की बैठक बुला सकती है। तब भी नगर निगम नेता प्रतिपक्ष का पता नहीं है। जिसका खामियाजा यह है विपक्ष के पास सत्ता को सदन में घेरने की कोई तैयारी नहीं है। जानकारी के मुताबिक कुछ कांग्रेस पार्षद नगर निगम प्रशासन की खामियां उजागर कर नगर सरकार और अधिकारियों को घेरने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ आतुर हैं लेकिन इसके लिए उनके पास सेनापति नहीं है। शहर में कांग्रेस की बागडोर संभालने वालों के पास पार्षद कई मर्तबा जा चुके हैं लेकिन यहां के दिग्गज भी आलाकमान से बात कर नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा कराने में कतरा रहे हैं। इस सबका खामियाजा यह हो रहा है वार्डों की स्थिति बिगड़ती जा रही है। लेकिन नगर निगम में विपक्ष खामोश बैठा है।

## अधिवक्ता व अन्य की पानी में डूबकर हुई मौत पर आयोग ने लिया संज्ञान

### मुआवजा राशि के संबंध में कलेक्टर से मांगा प्रतिवेदन

**जबलपुर।** शहर के ग्वारीघाट थानान्तर्गत नर्मदा नदी के जिलहरी घाट में नहाते समय एक अधिवक्ता व भेड़ाघाट के सरस्वती घाट में एक युवक का शव मिलने के मामले को मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान में लिया है। उक्त मामले को लेकर प्रकाशित खबरों के आधार पर आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने जबलपुर कलेक्टर से मामले की जांच कराकर मृतकों के उत्तराधिकारियों को शासन की योजना अनुसार देय मुआवजा राशि के संबंध में प्रतिवेदन एक माह में तलब किया है।आयोग की क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि ग्वारीघाट में मूलतः देवास निवासी अधिवक्ता 27 वर्षीय अंकित पाटीदार जो कि शहर के विजय नगर क्षेत्र में रहकर विधि व्यवसाय कर रहे थे, उनकी नर्मदा नदी के पानी में डूबकर मौत हो गई थी। इसी तरह भेड़ाघाट में भी नर्मदा नदी के पानी में एक शव उतराते हुए मिला था। जिनकों लेकर अखबारों में खबर प्रकाशित हुई थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने कलेक्टर से मुआवजा राशि के संबंध में प्रतिवेदन तलब किया है, इसके लिये एक माह की समय सीमा निर्धारित की गई है।

जल गंगा संवर्धन अभियान

# 102 साल पुराने ऐतिहासिक भमकी कुंड की हुई सफाई



जबलपुर।

जल है तो कल है, जल है तो जीवन है के उद्देश्य से प्रदेश सरकार जल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं अविरल बनाये जाने के लिये जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू की है। अभियान तो 16 जून तक चलेगा लेकिन जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन व पर्यावरण संरक्षण एक सतत प्रक्रिया है। इसी उद्देश्य से जिले में स्थित नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये जिला प्रशासन के साथ श्रम सेवी संगठन व जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं के साथ आम जन द्वारा जल स्त्रोतों के चिन्हांकन, उनके उन्नयन के लिये सतत प्रयास किया जा रहा है।

जनपद पंचायत शहपुरा के ग्राम पंचायत भमकी में स्थित 102 साल पुराने ऐतिहासिक भमकी कुंड की सफाई कर जल स्त्रोत का उन्नयन किया गया। इस उन्नयन कार्य की अगुवाई क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह द्वारा किया गया। कुंड में जमे गाद को हटाने के साथ साफ-सफाई का कार्य सामूहिक सहभागिता के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह के साथ जिला पंचायत व जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ सचिव जीआरएस, जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्थायें और स्थानीय लोग शामिल थे। कुंड की सफाई के दौरान विधायक नीरज सिंह ने कहा कि भविष्य को दृष्टिगत रखते हुये जल संरचनाओं के पुनर्जीवन व संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने जल की महत्व को बताते हुये कहा कि जल है तो जीवन है, जल है तो कल है। अतः जल के संरक्षण के लिये सभी को सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के प्रयास से जिस प्रकार राधा कृष्ण बावडी को सुंदर जल मंदिर के रूप में विकसित किया गया है ऐसे ही सभी जल संरचनाओं का विकास होना चाहिये। इसके लिये उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि वे श्रम दान कर जल संरचनाओं को समृद्ध और सुदृढ बनायें। उन्होंने जल गंगा संवर्धन के लिये लोगो से शपथ दिलाते हुये कहा कि सभी लोग जल के संवर्धन व संरक्षण के लिये सक्रिय सहभागिता दे और अपने आस-पास जो भी स्थान उपलब्ध हो, वहां पौधारोपण करें।

# जल गंगा संवर्धन अभियान जारी



जबलपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 7 संभागों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के संबंध में संभागीय अधिकारियों ने बताया कि संभाग क्रमांक 8 हनुमानताल वार्ड के अंतर्गत फूटाताल मैदान एवं तमरहाई स्कूल, संभाग क्रमांक 7 दीवान आधार सिंह वार्ड के अंतर्गत शासकीय बालक प्रा. शाला, जोन कार्यालय के पीछे स्थित रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, संभाग क्रमांक 16 ठक्कर ग्राम वार्ड के सिंधी कैंप रवि दास मन्दिर बहादुर का कुंआ, संभाग क्रमांक 5 कस्तूरबा गाँधी वार्ड के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला दीक्षितपुरा, संभाग क्रमांक 11 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के अंतर्गत गोकुलदास धर्मशाला इंद्रा मार्केट, संभाग क्रमांक 13 पंडित भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड के अंतर्गत रोज टेलर के पीछे नए मोहल्ला स्थित बावली, में एवं संभाग क्रमांक 10 संभागीय कार्यालय रांझी वार्ड क्र.62 डॉ भीमराव अम्बेडकर वार्ड रक्षा कर्मचारी कालोनी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जलीय संरचनाओं, जल स्त्रोतों के साथ-साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का संरक्षण, संवर्धन, पुनर्जीवन, जीर्णोंधार एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं स्वच्छता जनजागरूकता रैली भी निकाली गयी। जिसके अंतर्गत जलीय संरचनाओं की साफ-सफाई एवं उसके आस-पास पौधारोपण कर उपस्थित आम जनों को आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए जल बचाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय, पार्षद श्रीमती कविता रैकवार, अपर आयुक्त वित्त विद्यानंद बाजपेई, सहायक आयुक्त वेद प्रकाश चौधरी, संभागीय अधिकारी पवन सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र मिश्रा, महेंद्र सिंह उइके, सूचेतना चोधरी, राकेश तिवारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक हिटलर अर्खेल, विष्णुकांत दुबे, संतोष गौर, संदीप पटेल, पोला राव, वैभव तिवारी, स्वास्थ्य निरीक्षक अप्पा राव, कुंडेया, किशन दुबे, अभिषेक, शीतल, अभिषेक बिस्वारी आदि उपस्थित रहे।

# पंकज स्वामी 21 सदी के महत्वपूर्ण कथाकारों में शामिल किए गए



जबलपुर। राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक पत्रिका 'परिकथा' ने नगर के कथाकार पंकज स्वामी को इक्कीसवीं सदी के महत्वपूर्ण कथाकारों में शामिल किया है। साहित्यिक पत्रिका ने देश भर के चुनिंदा 24 हिन्दी कथाकारों को इस महत्वपूर्ण कथाकारों की सूची में शामिल किया है। पंकज स्वामी के कथा संसार पर प्रतिष्ठित आलोचक-विचारक डा. निशा तिवारी ने लिखा है कि पंकज स्वामी यथार्थवादी कथाकार हैं। उनकी कहानियों में कल्पनाशीलता की रंगीन उड़ान नहीं है। वे बिम्बों-प्रतीकों की गहन गुफा में प्रवेश नहीं करते बल्क नर्मदा नदी की शीतल सरल प्रवाह में तरंगायित होते रहते हैं। पंकज स्वामी अपनी कहानियों में यथार्थ की ठोस चट्टान पर खड़े हो कर चारों ओर के स्थानीय परिदृश्यों की गहन अनुभूति करते हैं। उनका सामान्य ज्ञान अत्यंत गंभीर है अतः उनकी सम्वेदनाएं भी ज्ञानात्मक से सम्पृक्त हो कर सामने आती हैं।

'परिकथा' ने महत्वपूर्ण कथाकारों की सूची जारी करते हुए वक्तव्य दिया है कि कथाकारों ने मनुष्यता के मूल्यों को शक्ति देने वाला लेखन किया है और कथाकारों का लेखन समाज, यथार्थोन्मुखता और अंतर्वस्तु की चिंता से निकला लेखन है। पत्रिका ने स्पष्टतः ऐसे कथाकारों के बारे में कहा है कि उन्होंने आत्म प्रचार या आत्मविज्ञापन की सोच से दूर रह कर सम्पर्प-सम्बन्ध साधने की कोई कवायद नहीं की है। कथाकारों ने अपनी कहानियों के चर्चा में होने, न होने की बहुत फ़क्रि नहीं की, बस चुपचाप लिखा और महत्वपूर्ण व सार्थक लिखा। परिकथा ने पंकज स्वामी सहित अन्य कथाकारों को इस दौर की हासिल और सम्पदा है।

एनएसयूआई ने की संभागायुक्त से कार्रवाई की मांग

# लिपिक और वार्डन कर रहे साक्ष्यों से छेड़छाड़



जबलपुर। एनएसयूआई में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडीकल कॉलेज के लिपिक और वार्डन को नर्सिंग अनुभव प्रमाण पत्र बांटने के आरोप में घेरते हुए कहा है कि दोनों अभी भी अपने वर्तमान दायित्व में बने हुए और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। नियम विरुद्ध काम करने वालें आरोपी लिपिक आशीष लाल और वार्डन को तत्काल प्रभाव से वहां से स्थानांतरित किया जाए, ताकि जांच प्रभावित न हो पाए। संभागायुक्त के नाम सौंपे गए ज्ञापन में एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव देवकी पटेल ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। उधर पूर्व जिला उपाध्यक्ष अदनान अंसारी ने बताया की नेताजी सुभाष चन्द्र बोस महाविद्यालय में पदस्थ लिपिक आशीष लाल द्वारा महाविद्यालय में मनमानी कर नियम विरुद्ध तरीके से नर्सिंग स्टाफ को अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य फर्जी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं, एवं पूर्व वार्डन चौकीकर अपने निजी लाभ के लिए इस कार्य में सहयोग कर रहे है। इसके पूर्व 10 जून को मेडीकल डीन को ज्ञापन दिया गया था लेकिन आश्वासन के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। एनएसयूआई को यह जानकारी मिली है कि शिकायत के बाद से ही उसके पास मौजूद अभिलेखों एवं दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ किया साक्ष्यों को मिटाया जा रहा है, तथा विरोध कर रहे नर्सिंग स्टाफ और संगठन सदस्यों को कॉल कर मुंह बंद रखने का दबाव बनाया जा रहा है।

ज्ञापन सौंपते समय एनएसयूआई के देवकी पटेल, शाहनवाज अंसारी, सक्षम यादव, शफी खान, रीना, कामिनी, जमाल, इंद्रजीत, सुमित कुशवाहा, रिज़ाज अली, सुभम चौधरी, राज अहिरवार, रोहित कोर, नितिन शाहू, सत्यम साहू, हर्ष वर्मन, विवेक पटेल, विवेक कोल, अर्जुन बेन, अनुराग चौधरी, शरद चक्रवती सहित अन्य उपस्थित थे।



नमामि गंगे अभियान

# प्राचीनकालीन कुंआ की हुई सफाई

जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में स्थित विभिन्न जल स्त्रोतों, नदी, तालाब, कुआं, बावड़ी के संरक्षण संवर्धन तथा पुनर्जीवन हेतु दिनांक 5 जून से 16 जून 2024 तक नमामि गंगे अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसमें नगर परिषद भेड़ाघाट में नमामि गंगे अभियान की कड़ी में 12 जून 2024 को वार्ड क्र.10 भड़पुरा में प्राचीनकालीन कुओं को अतिक्रमण मुक्त कर साफ सफाई का कार्य अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, पार्षद रमेश यादव की उपस्थिति में किया गया। निकाय की ओर से विक्रम सिंह झारिया सीएमओ, सुश्री निधि परोहा उपयंत्री, लक्ष्मीनारायण दुबे, विशांत त्रिपाठी, विजय चड़ार एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने सांसद आशीष दुबे का किया स्वागत



जबलपुर। नवनिर्वाचित सांसद आशीष दुबे के प्रथम नगर आगमन पर झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर जिला सह संयोजक आशीष शुक्ला, सचिन बुधौलिया, लोकेन्द्र यादव तथा भारतीय जनता पार्टी के अनेक कनिष्ठ और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जबलपुर के छात्रों ने 2023-24 ओलंपियाड अवार्ड्स में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जबलपुर। सबसे बड़े ओलंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2023-24 में जबलपुर के तीन छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक हासिल की है। दिल्ली पब्लिक स्कूल की दूसरी कक्षा की छात्रा सान्वी गौतम ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में प्रथम रैंक हासिल कर अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्राप्त किया वहीं स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के दूसरी कक्षा के छात्र वेदांश दीवान ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में दूसरी रैंक हासिल और अंतरराष्ट्रीय रजत पदक और प्रमाण पत्र प्राप्त किया दूसरी ओर स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के पहली कक्षा के छात्र आरुष श्रीवास्तव ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में तीसरी रैंक हासिल कर अंतरराष्ट्रीय कांस्य पदक और प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस वर्ष के एसओएफ ओलंपियाड में 70 देशों के लगभग लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें जबलपुर के 17,487 से अधिक छात्र शामिल थे। जबलपुर के प्रसिद्ध स्कूल, जिनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, लिटिल वर्ल्ड स्कूल, सेंट अलॉयसियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। स्कूल, प्रतिभागियों में से थे। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) ने डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में एसओएफ ओलंपियाड विजेताओं 2023-24 की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए 26 वां सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिसरा और प्रसिद्ध लेखक एवं स्तंभकार चेतन भगत भी मौजूद थे। न्यायमूर्ति दीपक मिसरा ने कहा किआर्टिफिसियल इंटलीजेंस का प्रयोग मात्र एक टूल की करना चाहिए, उन्होंने कहा की एआई इंसान का स्थान नहीं ले सकती। उन्होंने आगे कहा कि कोई व्यक्ति 'समय' पर महारत हासिल करने में सक्षम नहीं हो सकता है, लेकिन उसे समय का प्रबंधन करने के लिए दृढ़ संकल्प होना चाहिए। युवा छात्रों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि उन्होंने कहां से पढ़ाई की है और अपनी मातृ संस्था को कभी न भूलें। इसके साथ ही, 70 प्रतिभागी देशों के शीर्ष 26 प्रिंसिपलों और शीर्ष 60 शिक्षकों, जिनके छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर असाधारण प्रदर्शन किया उनको पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, एसओएफ ने युवा पीढ़ी के बीच हिंदी भाषा को प्रोत्साहित करने, अपनी मातृभाषा में गहरी प्रशंसा और दक्षता विकसित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड को शुरू करने की घोषणा की। भारतीय लेखक और स्तंभकार चेतन भगत ने कहा, "जब आपको किसी चीज के लिए मान्यता और पुरस्कार मिलते हैं, तो आपको लगता है कि मुझे इसे और अधिक करना चाहिए। यह आपकी क्षमता की पहचान है। क्षमता का मतलब यह नहीं है कि परिणाम की गारंटी है। आपको काम करना होगा और फिर आप उस क्षमता को किसी खूबसूरत चीज में बदल सकते हैं।" एआई टेक्नोलॉजी पर बोलते हुए उन्होंने आगे कहा कि एआई चीजों को आसान तो बना सकता है लेकिन यह कभी भी इंसानों की जगह नहीं ले सकता। एआई कला नहीं बना सकता, इसमें मानवीय स्पर्श की कमी है। एसओएफ के संस्थापक निदेशक महावीर सिंह ने ओलंपियाड परीक्षाओं के आयोजन के 26 साल पूरे होने पर गर्व से घोषणा की। उन्होंने कहा, "2023-24 के शैक्षणिक वर्ष में, 70 देशों के 91,000 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया, जिसमें लाखों छात्र शामिल थे। 7000 स्कूलों के 1,30,000 से अधिक छात्रों ने शीर्ष राज्य-स्तरीय रैंक के लिए पुरस्कार प्राप्त किए और 1,000,000 से अधिक छात्रों को अपने स्कूलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्कृष्टता के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

# वूमेन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल कल




जबलपुर। विआना स्पोर्ट्स अरेना के सौजन्य से जबलपुर शहर में पहली बार वूमेन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्वारीघाट स्थित ललपुर रोड में 10 जून से किया जा रहा है जिसमें शहर के 10 प्रतिष्ठित वूमेंस क्लब ने आयोजन में भाग लिया है। क्रिकेट में महिलाओं की सहभागिता और विश्व के पटल में भारतीय महिला क्रिकेट के बढ़ते कदमों में शहर की प्रतिभाओं को निकालने के लिए यह अभिनव पहल है। अभी तक दो दिवस में चार मैच का आयोजन किया गया है जिसमें प्रथम मैच शक्ति स्टार्ट क्लब एवं जबलपुर कोर क्लब के मध्य हुआ जिसमें शक्ति क्लब ने 21 रनों से विजय प्राप्त की। दूसरा मैच तिलहरी टाइगर्स एवं रॉयल विश्वकर्मा के मध्य खेला गया जिसमें रॉयल विश्वकर्मा ने 7 विकेट से विजय प्राप्त की। दूसरे दिवस दो प्रथम मैच डेंटल डिवाइस और पंजाबी स्ट्राइकर के मध्य खेला गया जिसमें डेंटल डिवाइस ने 33 रनों से विजय प्राप्त की द्वितीय मैच गोई जॉइंट्स एवं ओमजी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें ओमजी क्लब ने 38 रनों से विजय प्राप्त की। उक्त मैच माला राकेश सिंह, यामिनी सिंह, कीर्ति अभिलाष पांडे, श्वेता सिंह ठाकुर, मधु यादव, भावना श्रीवास्तव, अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी अदिति बेचारे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के अधीन में संपन्न हुआ। फाइनल मैच 15 जून को खेला जाएगा।

# पेंशनरों ने लंबित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कमिश्नर को सौंपा मांग पत्र



जबलपुर। प्रमुख पेंशनर एसोसियेशन के तत्वावधान में 11 जून को विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने कमिश्नर जबलपुर के कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी लंबित 6 सूत्रीय मांगों के संबंध में अपना एक विस्तृत ज्ञापन मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम सौंपकर त्वारित न्याय दिलाने की मांग की। जिसमें विशेष रूप से छत्तीसगढ राज्य पुर्नगठन अधिनियम वर्ष 2000 की धारा 49 (6) को विलोपित कराने, राज्य के पेंशनर को 4 प्रतिशत मंहगाई राहत जुलाई 2023 से प्रदाय करने, केन्द्र के समान राज्य के पेंशनर को जनवरी 2024 से चार प्रतिशत महंगाई राहत के आदेश जारी करने सहित अन्य मांगें समाहित की गईं। डिप्टी कमिश्नर ने ज्ञापन को यशाशीघ्र मध्यप्रदेश शासन को भेजे जाने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से अध्यक्ष एच.पी. उरमलिया, शेषमणि पाण्डेय, गौरीशंकर पाण्डेय, मोहन अग्रवाल, अशोक तिवारी, जीपी सराठे, लखन राही, आरएस सक्सेना, आरपी चौबे, शारदा प्रसाद शुक्ला, दिनेश चौधरी, आनंद कुमार शुक्ला, डॉ. एसपी सिंह, आरके श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अभा अंतर विवि रोलिंग स्कैटिंग प्रतियोगिता आज से

जबलपुर। शारीरिक शिक्षण विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रोलिंग स्कैटिंग अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 17 जून के मध्य भंवरताल गार्डन स्कैटिंग रिंक में होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 07:00 बजे दिग्विजय सिंह सचिव मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ, जगत बहादुर सिंह (अन्नू) महापौर के विशिष्ट आतिथ्य तथा प्रो. राकेश बाजपेई प्रभारी, कुलपति रादुविवि की अध्यक्षता एवं कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा की उपस्थिति में होगा। प्रतियोगिता में भारत के 35 विश्वविद्यालय दलों से लगभग 150 खिलाड़ियों के भाग लेने की सम्भावना है।

# संकुल स्तर पर जीपीएफ स्लिप उपलब्ध कराई जाए

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की शिक्षा विभाग में कार्यरत लोकसेवकों की सालाना जारी की जाने वाली जीपीएफ स्लिप प्रत्येक संकुल के माध्यम से मिलनी चाहिये, परन्तु देखा जा रहा है कि लोकसेवकों को अपनी जीपीएफ स्लिप खुद डाउनलोड करके निकालना पड़ती है। कई बार कर्मचारियों से गलती के कारण स्लिप मिस हो जाती है या फिर गुम जाती है, तो दुबारा प्राप्त करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में यदि संकुल के माध्यम से लोकसेवकों को जीपीएफ स्लिप मिलेगी तो लोकसेवकों को जरूरत पड़ने पर स्लिप आसानी से उपलब्ध हो सकती है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्ररहीम, दिनेश गोंड, हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, विनोद सिंह, सुधीर अवधिया, एनोस विक्टर, आसाराम झारिया, फिलिप एंथोनी, गोपी साह, मनीष मिश्रा, संतोष चौरसिया, रेवा प्रसाद चौबे, खुशी लाल झरिया, धनराज पिल्ले, सुरेंद्र चौधरी, राजकुमार यादव, रऊफ खान, उमेश ठाकुर, नितिन तिवारी, महेंद्र प्रधान, देवेंद्र भट, अफरोज खान, सुनील झरिया, नीरज मरावी, नेतराम, रवि जैन, विनय रामज़े, आशीष कोरी आदि ने महालेखाकार अधिकारी ग्वालियर से मांग की है कि संकुल स्तर पर जीपीएफ स्लिप उपलब्ध कराई जाए।




**श्रीमती दर्शन महले-** बेदी नगर गुरुदेव कॉलोनी निवासी श्री छोटा महले की धर्मपत्नी श्रीमती दर्शन महले (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लेखराम चेतवानी-** चंद्रिका अपार्टमेंट कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री लेखराम चेतवानी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती आशा विनोदिया-** बागड़ी मोहल्ला सदर निवासी श्री मूलचंद विनोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती आशा विनोदिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ध्रुव कुमार हरयानी-** चिमनी प्लाट महानद्दा रोड निवासी श्री ध्रुव कुमार हरयानी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री एसएन चटर्जी-** मानेगांव रांझी सुभाष नगर निवासी श्री एसएन चटर्जी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीरा बाई अग्रवाल-** शुक्रवारी बजरिया खेरमाई वार्ड निवासी श्री रामनाथ अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा बाई अग्रवाल (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ललिता बाई मालवीय-** खिरिया नरसिंहपुर निवासी श्री नानक लाल मालवीय की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता बाई मालवीय (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता बाई चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी ठक्कर ग्राम निवासी श्री कल्लू चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई चौधरी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा प्रकाश राय-** राणे बिल्डिंग ईस्ट मुम्बई निवासी श्री प्रकाश राय की धर्मपत्नी श्रीमती आशा प्रकाश राय (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नितिन विश्वकर्मा-** छोटी ओमती निवासी श्री नितिन विश्वकर्मा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंद्रप्रभा शुक्ला-** विकास नगर संजय नगर कॉलोनी निवासी श्री विश्वनाथ शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रप्रभा शुक्ला (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# हिरण नदी घाट पर की सफाई



पाटन। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जबलपुर के पाटन विकास खंड में जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर नूपुर खरे के मार्गदर्शन में सकरा सेक्टर की अनीता बाई जनकल्याण सेवा समिति नवांकुर संस्था के माध्यम से जल गंगा संरक्षण अभियान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिसमें आज हिरण नदी के इमलिया घाट की सफाई कर श्रम दान किया एवं नदी किनारे वृक्ष लगाया गया जिसमे अनीता बाई जनकल्याण सेवा समिति से उमाकांत यादव ब्रजभान यादव सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मादा के सदस्य एवम परामर्श दाता रामराजा यादव उपस्थित रहे।

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर
भवन लीज नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यू आनंद नगर जबलपुर में स्थित भवन क्र. EWS-27 श्री अब्दुल गफूर पति श्री अब्दुल सकूर के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 19.01.2001 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन क्र. EWS-27 श्री अब्दुल गफूर पति श्री अब्दुल सकूर ने इस कार्यालय से बैंक लोन की NOC पत्र क्र 2237 दिनांक 21.06.2001 से प्राप्त कर बैंक से लोन लिया था। जिसका भुगतान बैंक को नहीं किये जाने पर बैंक द्वारा Debts Recovery Tribunal-Jabalpur Ministry of Finance, Government of India, द्वारा श्री नईम खान पिता श्री अब्दुल अजीज खान को विक्रय-विलेख दिनांक 28.02.2024 के माध्यम से विक्रय कर दिया है श्री नईम खान पिता श्री अब्दुल अजीज खान द्वारा उक्त भवन क्रं. EWS-27 उनके नाम लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

## खबर संक्षेप

### भारत ने यूएई को किया अनानास का निर्यात



**नई दिल्ली।** भारत ने देश के फल निर्यात को बढ़ावा देने के मकसद से संयुक्त अरब अमीरात को उच्च गुणवत्ता वाले 8.7 टन अनानास की पहली खेप निर्यात की है। वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एमडी2 किस्म का अनानास को 'गोल्डन रिप' या 'सुपर स्वीट' के नाम से भी पहचाना जाता है।

### सोने में 50 रु. की गिरावट चांदी 550 रुपए टूटी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 550 रुपये लुढ़ककर 90,950 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

### ओमेगा सेकी ईवी ने की ऑर्बिट्सिस से करार


**मुंबई।** इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता ओमेगा सेकी मोबिलिटी (ओएसएम) ने अपने दैनिक ईवी डीलरशिप परिचालन की दक्षता बढ़ाने के लिए प्रबंधन कंपनी ऑर्बिटसिस टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी की है। सभी इलेक्ट्रिक यात्री तथा वाणिज्यिक वाहन श्रेणियों में ओमेगा सेकी मोबिलिटी के बिक्री से पूर्व व उसके बाद के 'टचपॉइंट्स' का समर्थन करेगी।

### पीएलआई योजना से आएगा चार लाख करोड़ का निवेश




**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर, सौर मॉड्यूल और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों में बड़ी परियोजनाएं शुरू होने की उम्मीदों के बीच उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना से अगले चार साल में तीन से चार लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने और दो लाख रोजगार के अवसरों का सृजन होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के एक शीर्ष अधिकारी ने यह अनुमान जताया है।

### सितंबर-दिसंबर में होगी 21वीं पशुधन की गणना



**नई दिल्ली।** सरकार सितंबर-दिसंबर की अवधि में मोबाइल प्रौद्योगिकी का उपयोग करके 21वीं पशुधन गणना करेगी। पशुधन गणना में सभी गांवों और शहरी वार्डों को शामिल किया जाएगा। इसमें मवेशियों, भैंसों, याक, भेड़, बकरी, सुअर, घोड़े, टट्टू, खच्चर, गधे, ऊंट, कुत्ते, खरगोश और हाथी सहित पशुओं की विभिन्न प्रजातियों की गणना की जाएगी।

### नेस्ले इंडिया मूल कंपनी को रॉयल्टी जारी रखेगी




**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के इस्तेमाल के उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया ने अपनी मूल कंपनी को शुद्ध बिक्री के 4.5 प्रतिशत की मौजूदा दर पर रॉयल्टी का भुगतान करना जारी रखेगी। नेस्ले इंडिया ने बयान में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में सोसायटी डेस प्रोड्यूट्स नेस्ले एसए (लाइसेंसकर्ता) को 4.5 प्रतिशत की मौजूदा दर पर सामान्य लाइसेंस शुल्क (रॉयल्टी) का भुगतान जारी रखने को मंजूरी दी है और कंपनी के सदस्यों से उनकी मंजूरी के लिए सिफारिश की।

# सैटेलाइट इंटरनेट की रेस में मुकेश अंबानी ने मारी बाजी, पीछे छूट गए मस्क

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी ने सैटेलाइट इंटरनेट की रेस में बाजी मार ली है।

- इन-स्पेस ने सैटेलाइट ऑपरेट करने के लिए हरी झंडी दी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के जियो प्लेटफॉर्म्स और लक्जमबर्ग की कंपनी एसईएस के जॉइंट वेंचर को देश में गीगाबिट फाइबर इंटरनेट प्रदान करने के लिए सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी मिल गई है।

एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि स्पेस रेगुलेटर ने इन कंपनियों के जॉइंट वेंचर ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को भारत के आकाश में सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी दे दी है। ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को तीन तरह की मंजूरियां दी गई हैं। कंपनी को ये मंजूरियां ऐसे समय मिली हैं जब जेफ बेजोस की अमेजॉन डॉट कॉम से लेकर एलन मस्क की स्टारलिंक जैसी कंपनियां भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए हरी झंडी का इंतजार कर रही हैं।

## जियो प्लेटफॉर्म ने लक्जमबर्ग की कंपनी के साथ बनाया है संयुक्त उपक्रम

### कौन-कौन हैं रेस में

इन-स्पेस के चेयरमैन पवन गोयनका ने बताया कि एक और कंपनी इनमारसेट को भी भारत में सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी मिल गई है। दो अन्य कंपनियों एलन मस्क की स्टारलिंक और अमेजॉन की कुईपर ने भी इसके लिए आवेदन किया है। यूटेलसैट की भारती एंटरप्राइजेज के निवेश वाली कंपनी वनवेब को पिछले साल के अंत में सभी तरह की मंजूरियां दे दी गई थीं।



*श्रीलंका ने स्टारलिंक को दी मंजूरी : पिछले हफ्ते श्रीलंका ने स्टारलिंक को इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए शुरुआती मंजूरी दे दी थी। गोयनका ने कहा कि भारत में इस क्षेत्र में जितनी अधिक कंपनियां शामिल होंगी, उपभोक्ताओं के लिए उतना ही बेहतर होगा। भारत में कम्युनिकेशंस सर्विसेज दूसरे देशों से सस्ती हैं। इसलिए वैश्विक कंपनियों को अपनी कीमतें कम करने के लिए इनोवेशन का सहारा लेना होगा।*

### पांच वर्षों में 36 फीसदी की दर से बढ़ेगी

डेलॉइट के अनुसार भारत का सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस मार्केट अगले पांच वर्षों में सालाना 36% की दर से बढ़ने और 2030 तक 1.9 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। वैश्विक स्तर पर स्पेस-बेस्ड इंटरनेट के जरिए ग्रामीण इलाकों को जोड़ने की दौड़ तेज हो रही है। अमेजॉन के कुईपर ने 10 अरब डॉलर के निवेश करने की योजना बनाई है। इसकी घोषणा 2019 में की गई थी। उसी साल स्पेसएक्स ने अपने पहले ऑपरेशनल स्टारलिंक सैटेलाइट्स को तैनात करना शुरू किया था।

### ऑर्बिट कनेक्ट को अप्रैल जून में मिली मंजूरी

ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को सैटेलाइट आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अप्रैल और जून में जरूरी मंजूरी दी गई। इन-स्पेस ने कंपनी को यह अनुमति दी है। इससे कंपनी भारत के आकाश में सैटेलाइट्स को ऑपरेट कर सकती है लेकिन परिचालन शुरू करने के लिए उसे देश के दूरसंचार विभाग से और अधिक मंजूरियों की जरूरत है।

## वित्त मंत्री सीतारमण की अध्यक्षता में होगी बैठक

# जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को गेमिंग पर कर की समीक्षा की संभावना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर 28 प्रतिशत जीएसटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सकती है।

जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ' जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नयी दिल्ली में होगी। परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हुए थे।

### चुनाव के बाद परिषद की पहली बैठक

बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी परिषद के सदस्यों को नहीं दी गई है। लोकसभा चुनाव के बाद यह परिषद की पहली बैठक होगी। जीएसटी परिषद ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए दांव के पूर्ण मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के फैसले की समीक्षा कर सकती है। यह कर एक अक्टूबर, 2023 से लागू हुआ था।

## गेमिंग पर किए गए मूल्यांकन की समीक्षा जरूरी

हालिया मुकदमों के कारण विभिन्न दर-संबंधी स्पष्टीकरण भी अपेक्षित हैं। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के भागीदार रजत बोस ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान और अक्टूबर, 2023 में पेश किए गए मूल्यांकन नियमों की समीक्षा जैसे प्रमुख उद्योग मुद्दों पर गौर करने की जरूरत है।

- गेमिंग क्षेत्र में 28 फीसदी जीएसटी की समीक्षा संभव
- परिषद की 53वीं बैठक 22 जून को नई दिल्ली में
- बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी सदस्यों को नहीं दी गई



### उपकर भी लगाया जाता है

जीएसटी परिषद अपनी 22 जून की बैठक में प्रक्रिया को तेज करने और समिति द्वारा अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समयसीमा निर्धारित करने का निर्णय ले सकती है। जीएसटी व्यवस्था में वर्तमान में 0, 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के पांच कर स्लैब हैं। विलासिता और अहितकर वस्तुओं पर उच्चतम 28 प्रतिशत कर दर के अलावा उपकर भी लगाया जाता है।

### दरों को तर्कसंगत बनाने की जरूरत

डेलॉयट इंडिया की भागीदार एम एस मणि ने कहा कि परिषद को बहुप्रतीक्षित दरों को तर्कसंगत बनाने की चर्चा करनी होगी। उन्होंने कहा, '' इसके अलावा, प्राकृतिक गैस जैसे कम प्रभाव वाले पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में शामिल करने का प्रारंभिक प्रयास व्यवसाय के लिए अत्यधिक लाभकारी होगा।''

### पूरे दांव मूल्य पर 28 फीसदी कर लगेगा

जुलाई और अगस्त में अपनी बैठकों में जीएसटी परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ को कर योग्य दावों (बेट) के रूप में शामिल करने के लिए कानून में संशोधन को मंजूरी दी थी। साथ ही स्पष्ट किया था कि ऐसी आपूर्तियों के मामले में पूरे दांव मूल्य पर 28 प्रतिशत कर लगेगा।

### अप्रैल के बाद से कोई बैठक नहीं हुई

उस समय कहा गया था कि कार्यान्वयन की समीक्षा छह महीने बाद यानी अप्रैल, 2024 में की जाएगी। चूंकि अप्रैल के बाद से जीएसटी परिषद की कोई बैठक नहीं हुई है, इसलिए परिषद की 22 जून की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र के कराधान की समीक्षा की उम्मीद है।

### कर देयता पर विचार जारी

केपीएमजी इन इंडिया के साझेदार एवं प्रमुख (अप्रत्यक्ष कर) अभिषेक जैन ने कहा कि अक्टूबर से पहले ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र के लिए कर देयता, ईएसओपी की कर देयता, कॉरपोरेट गारंटी कर देयता सहित कई स्पष्टीकरणों पर विचार किया जा रहा है।

# देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार : सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- फिलहाल आयात शुल्क में बदलाव की कोई योजना नहीं
- बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए पर्याप्त भंडार

सरकार ने कहा है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने, कीमतों को स्थिर रखने के लिए और दयदि जरूरी हो, तो बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार है। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि अभी उसका इन अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है। विभाग ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, 'यह सुनिश्चित करने के लिए कि बेईमान तत्वों द्वारा कोई जमाखोरी न हो और कीमतें स्थिर रहे, आवश्यकतानुसार उचित हस्तक्षेप किया जाएगा।' रबी विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन अनाज खरीदा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अनुमानित 1.84 करोड़ टन की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, जरूरत पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त गेहूं स्टॉक उपलब्ध होगा।

### तिमाही बफर स्टॉक मानदंडों से नीचे नहीं गया

तिमाही बफर स्टॉक साल भर अलग-अलग होता हैं। एक जनवरी, 2024 तक, गेहूं का स्टॉक 1.38 करोड़ टन के निर्धारित बफर मानदंड के मुकाबले एक करोड़ 63.5 लाख टन था। बयान में कहा गया है, 'गेहूं का स्टॉक कभी भी तिमाही बफर स्टॉक मानदंडों से नीचे नहीं गया है। इसके अलावा, वर्तमान में, गेहूं के आयात पर शुल्क संरचना को बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।'

- बकाया के रूप में 2458करोड़ रुपए की हिस्सेदारी लेगी

# वोडाफोन आइडिया में हिस्सेदारी लेंगी नोकिया और एरिक्सन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया (वीआईएल) ने अपने विक्रेताओं नोकिया इंडिया और एरिक्सन इंडिया को आंशिक बकाया चुकाने के लिए 2,458 करोड़ रुपये के शेयर आवंटित करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

वोडाफोन आइडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने कंपनी के अनुवर्ती निर्गम मूल्य की तुलना में करीब 35 प्रतिशत अधिक कीमत पर तरजीही शेयर आवंटन को मंजूरी दे दी है। यह छह महीने की 'लॉक-इन' अवधि के साथ आता है।

*वृद्धि यात्रा पर नोकिया आगे बढ़ रही वीआईएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अक्षय मूंदड़ा ने कहा, '' वीआईएल अपनी यात्रा पर आगे बढ़ रही है...ऐसे में प्रमुख हितधारकों से समर्थन महत्वपूर्ण है।*

*दोनों की दीर्घकालिक साझेदारी: शेयर बाजार को दी सूचना के अनुसार, '' नोकिया और एरिक्सन दोनों की वीआईएल के साथ दीर्घकालिक साझेदारी में है, क्योंकि वे नेटवर्क उपकरणों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं। इस तरजीही आवंटन से वीआईएल को अपने बकाया का कुछ हिस्सा चुकाने में मदद मिलेगी।''*

## पंच और नेक्सॉन ईवी को मिली पांच सितारा रेटिंग



**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स की पंच.ईवी और नेक्सॉन.ईवी पांच सितारा भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत-एनसीएपी) रेटिंग पाने वाली पहले बिजलीचालित वाहन बन गए हैं। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'पंच.ईवी और नेक्सॉन.ईवी को पांच सितारा भारत एनसीएपी रेटिंग के लिए टाटा मोटर्स को बधाई। इस प्रकार वे भारतीय वाहन बाजार में पहली पांच सितारा रेटिंग वाली ईवी बन गईं। गडकरी ने कहा कि चूंकि इलेक्ट्रिक वाहन भारत में परिवहन के भविष्य की अगुवाई कर रहे हैं, इसलिए मजबूत भारत एनसीएपी रेटिंग उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित वाहनों का चयन करने में एक अमूल्य माध्यम के रूप में कार्य करती है, और यह वाहन में बैठे लोगों को प्रदान की जाने वाली उच्च स्तर की सुरक्षा का प्रमाण है।

# भारत का पाम तेल आयात मई में 74 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- आयात बढ़कर 7 .63 लाख टन पर
- भारत दुनिया का सबसे बड़ा वनस्पति तेल खरीदार

भारत का पाम तेल आयात इस साल मई में 74 प्रतिशत बढ़कर 7,63,300 टन पर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 4,39,173 टन था।

आयात बढ़ने की वजह दुनिया के इस सबसे बड़े वनस्पति तेल खरीदार द्वारा बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के लिए इस जिंस (पामतेल) का स्टॉक करना था। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस साल मई में कुल वनस्पति तेल आयात बढ़कर 15.29 लाख टन हो गया, जो मई, 2023 में 10.58 लाख टन था। पाम तेल आयात का एक बड़ा हिस्सा है। इस साल मई में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का आयात एक साल पहले की समान अवधि के 3,48,118 टन से बढ़कर 5,32,555 टन हो गया। हालांकि, कच्चे पाम कर्नेल तेल (सीपीकेओ) का आयात एक साल पहले के 5,850 टन से घटकर 4,999 टन रह गया।

सूरजमुखी तेल का आयात 2,95,206 टन से बढ़कर 4,10,727 टन हो गया और सोयाबीन तेल का आयात 3,18,887 टन से बढ़कर 3,24,016 टन हो गया।

### वैश्विक खाद्य तेल की कीमतों में उछाल

एसईए ने कहा कि अर्जेंटीना, ब्राजील, रूस और यूक्रेन जैसे प्रमुख निर्यातक देशों से आपूर्ति व्यवधान के कारण पिछले महीने वैश्विक खाद्य तेल की कीमतों में उछाल आया। सोयाबीन और सूरजमुखी तेल की बढ़ती कीमतों ने घरेलू सरसों की कीमतों को सरकार के समर्थन स्तर 5,650 रुपये प्रति क्विंटल से ऊपर पहुंचा दिया।

# सेंसेक्स, निफ्टी ने छुआ नया रिकॉर्ड स्तर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से नीतिगत ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ने के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी का माहौल रहा और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी ने दिन में कारोबार के दौरान नए रिकॉर्ड स्तर को छू लिया।

कारोबारियों ने कहा कि पूंजीगत उत्पाद, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और औद्योगिक शेयरों में भारी खरीदारी ने भी सूचकांकों को आगे बढ़ाने में मदद की। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो एक साल का निचला स्तर है। दिन में कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 538.89 अंक उछलकर 77,145.46 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। बाद में यह 204.33 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,810.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 75.95 अंक की बढ़त के साथ 23,398.90 अंक पर बंद हुआ।



- महंगाई में नरमी से बाजार उत्साहित
- पूंजीगत उत्पाद, टिकाऊ उपभोक्ता सामान में खरीदारी बढ़ी

### लाभ के साथ बंद हुए ये शेयर

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और नेस्ले सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

### ये शेयर रहे नुकसान में

दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.89 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मिडकैप में 0.79 प्रतिशत की तेजी रही।

### बाजार पूंजीकरण 431.67 लाख करोड़ रुपये

बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इससे बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का सामूहिक बाजार पूंजीकरण (एमकैप) भी 431.67 लाख करोड़ रुपये के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। इससे बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,31,67,541.81 करोड़ रुपये (5.17 लाख करोड़ डॉलर) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। दो दिनों में निवेशकों की संपत्ति में 4.72 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

# अंबुजा सीमेंट्स ने किया पेन्ना सीमेंट का अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने बृहस्पतिवार को 10,422 करोड़ रुपये के उपक्रम मूल्य पर पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीसीआईएल) का अधिग्रहण करने की घोषणा की।

कंपनी ने बयान में कहा कि इस अधिग्रहण के लिए दोनों कंपनियों ने एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत अंबुजा सीमेंट्स पीसीआईएल के मौजूदा प्रवर्तक समूह पी प्रताप रेड्डी एवं परिवार से कंपनी के 100 प्रतिशत शेयर खरीदेगी। हैदराबाद स्थित पेन्ना सीमेंट के अधिग्रहण से अडाणी समूह की सीमेंट उत्पादन क्षमता में 1.4 करोड़ टन सालाना की बढ़ोतरी होगी।

- अधिग्रहण 10,442 करोड़ रुपए में किया गया

इसके साथ ही अडाणी समूह की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता 8.9 करोड़ टन प्रति वर्ष हो जाएगी।

*अधिग्रहण से अदाणी समूह की हिस्सेदारी बढ़ी: बयान के मुताबिक, इस अधिग्रहण से सीमेंट बाजार में अडाणी समूह की अखिल भारतीय हिस्सेदारी दो प्रतिशत और दक्षिण भारत में आठ प्रतिशत बढ़ जाएगी।*

*अदाणी के लॉजिस्टक्स को मिलेगी मजबूती : इस अधिग्रहण से अडाणी समूह के समुद्री परिवहन लॉजिस्टिक्स को भी मजबूती मिलेगी। इसके तहत प्रायद्वीपीय भारत में सेवा देने के लिए कोलकाता, गोपालपुर, कराईकल, कोच्चि और कोलंबो में पांच बल्क सीमेंट टर्मिनल खोले जाएंगे।*

## विशेषज्ञों ने व्यवस्था में बदलाव की वकालत की

# देश को विकसित बनाने कर दरें कम करने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर निर्धारण को लेकर अपने रुख में बदलाव करते हुए कर दरों में कटौती और आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है। उन्होंने कर दरों को कम करने, कर-भुगतान आधार को बढ़ाने और इस प्रकार भारत की निवेश तथा विकास आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए साधन बनाने पर ध्यान देते हुए कर दरों से राजस्व की ओर बढ़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

- आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि की

*मध्यम कर दरों की वकालत की गई : ईवाई इंडिया के वरिष्ठ साझेदार सुधीर कपाड़िया ने कहा, 'पारंपरिक उच्च कर दरों के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कर उछाल नहीं आया है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भारत में 1991 के बाद से सरकारों ने स्पष्ट रूप से मध्यम कर दरों की वकालत की है जिससे अधिक पारदर्शिता तथा अनुपालन को बढ़ावा मिलता है।'*




### प्रति व्यक्ति आय कम होने से आयकरदाता कम

सेंटर फॉर डेवलपमेंट इकनॉमिक्स के पुलिन बी. नायक ने कहा, 'भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में है। प्रति व्यक्ति आय कम होने के कारण आयकरदाता कम हैं। कर की दरें बहुत अधिक रखना भी एक अनुचित विचार है क्योंकि इससे कर चोरी को बढ़ावा मिलेगा ...।'

### असंगठित क्षेत्र का योगदान 30 से 35 फीसदी

थॉट आर्बिट्रेज रिसर्च इंस्टिट्यूट के निदेशक कौशिक दत्ता ने 'थिंक चेंज फोरम' द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि भारत का कर-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात एक संपन्न असंगठित क्षेत्र की उपस्थिति से प्रभावित है, जो अब भी अर्थव्यवस्था में 30 से 35 प्रतिशत का योगदान देता है।

*कर चोरी भी एक बड़ी चुनौती*
*दत्ता ने कहा, 'सरल जीएसटी व्यवस्था से वे औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल हो सकेंगे, 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' ले सकेंगे और प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। वर्गीकरण के मुद्दों के साथ-साथ कर चोरी भी एक बड़ी चुनौती है...एक अन्य क्षेत्र जिसमें जीएसटी सफल नहीं हो पाया है, वह है ई-कॉमर्स... चुनौतियां हैं और उनका समाधान किया जाना चाहिए।'*

*कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बड़ी प्राथमिकता : नायक ने कहा कि कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बहुत बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि इससे सरकार सार्वजनिक वस्तुओं, बुनियादी ढांचे और सामाजिक क्षेत्र पर खर्च करने में सक्षम होगी। थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्निर ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कराधान में सुधार समय की मांग है।*

## चिंतन

# प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता आवश्यक

प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता, शुचिता और एकरूपता जरूरी है। किसी भी क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रतिभा को उचित अवसर मिले, यह कोशिश परीक्षा नियंत्रकों, भर्ती बोर्डों और आयोगों की ओर से होनी चाहिए, होती भी रही है, लेकिन साथ में भ्रष्टाचार की दीमक भी है। देश में अक्सर पेपर लीक के मामले सामने आते रहते हैं, परीक्षा माफिया के सक्रिय होने और उसके साथ सरकारी मशीनरी के कुछेक लोगों की मिलीभगत होने से मेडिकल, इंजीनियरिंग जैसे प्रवेश परीक्षाओं और नौकरियों के लिए आयोजित परीक्षाओं में धांधली की खबरें आती रहती हैं। भर्ती व प्रवेश परीक्षाओं में कदाचार के चलते परीक्षाओं का रद होना, मामला कोर्ट तक जाना आम होने लगे हैं। इस बार नीट-यूजी परीक्षा में जिस तरह केवल कुछेक केंद्रों के 1563 अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क देने का मनमाना फैसला परीक्षा आयोजक नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने किया, वह हैरान करने वाला था। क्योंकि, एग्जाम के पहले एनटीए की तरफ से जारी इन्फॉर्मेशन बुलेटिन में भी ग्रेस मार्क्स देने के प्रावधान का जिक्र नहीं था। नीट-यूजी परीक्षा में चुनिंदा अभ्यर्थियों को ग्रेस देने का यह पहला मामला था। इस ग्रेस का नतीजा यह हुआ कि जहां 67 छात्रों को सर्वोत्तम 720 अंक मिले, वहीं एक ही सेंटर से 6-6 टॉपर हुए, 2 छात्रों को, जिनकी रैंक भी 68 और 69 आई, 718 और 719 नंबर दिए गए, जोकि नीट की मार्किंग स्कीम के हिसाब से संभव नहीं हैं। आंसर सीट में गड़बड़ी से लेकर परीक्षा परिणाम में धांधली तक के आरोप सामने आए, विरोध प्रदर्शन से शुरू होकर मामला उच्चतम अदालत तक पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने ग्रेस मार्क को निरस्त कर ग्रेस पाने वाले छात्रों को दुबारा परीक्षा देने का फैसला करने के बारे में कह कर, नीट-यूजी की साख जरूर बचाने की कोशिश की है, लेकिन एनटीए अभी भी सवालों के घेरे में है। जब से एनटीए गठित हुई है, उसकी कार्यप्रणाली संदिग्ध रही है। आखिर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय किस प्रकार से काम कर रहा है, उसे एनटीए के काम करने के तरीके के बारे में कैसे नहीं पता है, चुनिंदा अभ्यर्थियों को मनमाना ढंग से ग्रेस देने का फैसला किस आधार पर किया गया, प्रश्न पत्र देने में लेट होने पर समय बढ़ाया जा सकता था, पहले भी लेट होते रहे हैं, फिर ग्रेस नियम इसी बार क्यों बनाया गया, जबकि करीब 24 लाख छात्रा-छात्राओं ने मेडिकल में प्रवेश के लिए परीक्षा दी थी। एनटीए ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने ग्रेस मार्क्स देने के लिए क्या तरीका अपनाया? ग्रेस मार्क अब नहीं दिया जाएगा, पर एनटीए की कार्यप्रणाली पर दाग लग गए हैं। गेशक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सफाई दें कि एनटीए पर भ्रष्टाचार के आरोप निराधार है, इससे एनटीए का ग्रेस मार्क देने का फैसला सही नहीं हो जाएगा, फैसला सही होता तो रद क्यों करना पड़ता। अब ग्रेस पाए 1563 अभ्यर्थियों को फिर से 23 जून को परीक्षा देनी होगी, 30 जून को परिणाम आएगा, इनमें से जो परीक्षा नहीं देना चाहते, उसका परिणाम बिना ग्रेस अंक के जारी किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी की समूची परीक्षा को रद नहीं किया है, कालेजों में नामांकन के लिए काउंसलिंग जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है, इसलिए एनटीए को नोटिस जारी कर जवाब मांगना बनता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए, इसकी गरिमा पर दाग नहीं लगना चाहिए। ग्रेस मार्क देने के चलते हुई गड़बड़ी की जिम्मेदारी से एनटीए बच नहीं सकती।


## सारा संसार



गणेश टोंक गंगटोक में टीवी टॉवर के पास एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर है जिसकी गिनती भारत के प्रमुख गणेश मंदिर में की जाती है। हरी-भरी घाटियों और माउंट खंगचेंदज़ोंगा के सुंदर दृश्यों को प्रस्तुत करता हुआ यह मंदिर पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## विश्व रक्तदाता दिवस


अरुण कुमार कैहरबा



# मानवता के अनूठे सिपाही रक्तदाता

खून के रिश्तों की सीमाएं जाति, धर्म-संप्रदायों की श्रेष्ठता को जन्म देते हुए अनेक संकीर्णताओं को जन्म देती हैं। इस श्रेष्ठता ग्रंथि का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। फिर भी इसके कारण इतिहास में अनेक युद्ध हुए हैं। हिटलर जैसे कट्टर लोगों ने फासीवाद जैसे क्रूर विचार को आगे बढ़ाते हुए लाखों यहूदियों को मौत के घाट उतार दिया। दूसरों का खून खून बहाने की भावना के विपरीत रक्तदान अहिंसा और सत्य के विचार को आगे बढ़ाता है। रक्तदाता दुनिया को बांटने-तोड़ने की बजाय जोड़ने का संदेश देता है। मानवता के अनूठे सिपाही बनकर रक्तदाता रक्त नालियों या सड़कों पर बहने की बजाय मनुष्य की नाड़ियों में बहाने का संदेश देते हैं। रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदाताओं का सम्मान करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2004 में हर वर्ष 14 जून को रक्तदाता दिवस मनाने का निर्णय लिया था। सवाल यह है कि आखिर रक्तदाता दिवस के लिए यही दिन क्यों चुना गया। दरअसल यह दिन प्रसिद्ध जीव विज्ञानी एवं भौतिकीविद कार्ल लैंडस्टाइनर का जन्मदिन (14 जून, 1868) है। लैंडस्टाइनर ने रक्त का ए, बी, एबी और ओ अलग-अलग रक्त समूहों में वर्गीकरण कर चिकित्सा विज्ञान में अहम योगदान दिया था। शरीर विज्ञान में उनके योगदान के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। उनके जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए यह दिन रक्तदाता दिवस के रूप में चुना गया। मकसद यही था कि रक्त का व्यापार ना हो। इसके साथ ही स्वास्थ्य संगठन ने शत-प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान नीति की नींव डाली, लेकिन अब तक लगभग 49 देशों ने ही इस पर अमल किया है। तंजानिया जैसे देश में 80 प्रतिशत रक्तदाता पैसे नहीं लेते। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ही भारत में प्रतिवर्ष 1करोड़ यूनिट रक्त की ज़रूरत होती है, लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल कितने ही मरीज दम तोड़ देते हैं। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी दिल्ली में हर साल 3 लाख 50 हजार रक्त यूनिट की आवश्यकता रहती है, लेकिन स्वैच्छिक रक्तदाताओं से इसका महज 30 फीसदी ही जुट पाता है। जो हाल दिल्ली का है वही शेष भारत का है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत में कुल रक्तदान का केवल 59 फीसदी रक्तदान स्वैच्छिक होता है। भारत में अनेक शख्सियतें हैं, जो रक्तदान की अलख जगा रही हैं। भारतीय सेना में ऑनरेरी कैप्टन के पद से सेवानिवृत्त हुए हरियाणा के सुरेश सैनी 144 बार रक्तदान कर चुके हैं। यही नहीं उन्होंने 97 बार प्लेटलेट और एक बार प्लाज्मा भी दान किया है। रक्तदान, प्लेटलेट और प्लाज्मा दान के मामले में 242 का आंकड़ा छूने वालों में वे देशभर के गिने-चुने नामों में से एक हैं। उन्होंने अपनी बेटी के विवाह में कन्यादान करने से पहले रक्तदान की रस्म अदा की। पुलिस अधिकारी डॉ. अशोक वर्मा, रैडक्रॉस करनाल में जिला प्रशिक्षण अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए एमसी धीमान भी ऐसे ही व्यक्ति हैं, जो खुद रक्तदान करते हुए भी रक्त की जरूरत पूरी करने में लोगों का स्वैच्छिक सहयोग करते हैं। संकट के समय तो रक्तदान की अहमियत और बढ़ जाती है। चाहे कोरोना के संकट का समय है या युद्ध या कोई अन्य प्राकृतिक एवं मानवीय आपदा। उस समय रक्तदाता की अहमियत और ज्यादा बढ़ जाती है। हम सभी को मिलजुल कर विश्व शांति, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए रक्तदान को प्रेरित करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



बजट उम्मीद

डॉ. ब्रजेश कुमार तिवारी

# समावेशी विकास पर देना होगा जोर

मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में भारत वैश्विक स्तर पर 11वीं से 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, नई सरकार की नजर भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में ले जाने पर होगी। जल्द ही नया बजट पेश होगा ऐसे में सरकार को कुछ क्षेत्र में ज्यादा ध्यान देने की ज़रूरत है। मौजूदा समय में भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती महंगाई और बेरोज़गारी है। स्टार्टअप इंडिया योजना को और अधिक महत्व व बल देना होगा। देश के 85% स्टार्टअप फेल हो रहे हैं। ऐसे में हमें उन्हें ज्यादा समर्थन की ज़रूरत है। नई सरकार को कुछ श्रेणी में जीएसटी को भी युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है।

नई सरकार को भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कई आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाना होगा। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में भारत वैश्विक स्तर पर 11वीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, नई सरकार की नजर भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में ले जाने पर होगी। जल्द ही नया बजट पेश होगा ऐसे में सरकार को कुछ क्षेत्र में जयदा ध्यान देने की ज़रूरत है।

मौजूदा समय में भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती महंगाई और बेरोज़गारी है। तीव्र आर्थिक विकास के बावजूद ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोज़गारी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। भारत में 94 प्रतिशत कर्मचारी असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं और देश का 35 फ़ीसदी उत्पादन इसी में होता है। कई सालों से असंगठित क्षेत्र में लगातार गिरावट आ रही है। आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस (एआई) का आगमन भारत में सेवा क्षेत्र के रोजगार के लिए एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि सेवा क्षेत्र भारत की जीडीपी में 50 फीसदी से अधिक का योगदान देता है। अगर बेरोजगारी रहेगी और आय नहीं बढ़ेगी तो चीजें कैसे खरीदी जाएंगी, इससे अर्थव्यवस्था में उपभोग और निवेश का स्तर प्रभावित हुआ है तथा सरकार के लिए कर राजस्व कम हो गया है, इसलिए सबसे पहले सरकार को बेरोजगारी की समस्या पर ध्यान देना होगा तभी जाकर समस्याएं कम होंगी। स्टार्टअप इंडिया योजना को और अधिक महत्व व बल देना होगा। आज देश के 85 प्रतिशत स्टार्टअप फेल हो रहे हैं। ऐसे में हमें उन्हें ज्यादा समर्थन देने की ज़रूरत है। अग्निवीर सेना भर्ती की पुनर्विचार की ज़रूरत के साथ ही सरकारी भर्तियों में तेजी लानी होगी। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र को हाशिए पर धकेलने वाली मौजूदा नीतियों में भी बड़े पैमाने पर बदलाव की जरूरत होगी। आज भारत में प्रति व्यक्ति आय 2,601 डॉलर है और 197 देशों में प्रति व्यक्ति इनकम के मामलों में भारत 142वें पायदान पर है। मुद्रास्फीति देश में एक और महत्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है। वास्तव में किसी समस्या का समाधान यह स्वीकार करने से शुरू होता है कि समस्या मौजूद है और बेरोजगारी व महंगाई केवल राजनीतिक विषय नहीं हैं। पिछले कुछ समय से रसोई का बजट अनियंत्रित और असंतुलित हुआ है। मुद्रास्फीति में वृद्धि को मुख्य रूप से भोजन और ईंधन की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। आम लोगों पर महंगाई की मार के दूरगामी असर होते हैं, याद रहे महंगा भोजन स्वास्थ्य के लिए खतरा होता है। आज हमें जीडीपी से ज्यादा ह्यूमन डेवलेपमेंट इंडेक्स पर फोकस करना चाहिए जिसमे शिक्षा व स्वास्थ्य सबसे ऊपर है। यूएनडीपी के मानव विकास सूचकांक में भारत 191 देशों में से 132वें स्थान पर है, जो चिंताजनक है। आज देश के सामने बड़ी चुनौतियाँ में अच्छी शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवा हैं। स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बहुत अच्छी नहीं है। दूसरी ओर, उच्च शिक्षा के केवल कुछ संस्थान ही उन्नत अनुसंधान में शामिल हैं। भारत में शुरू से शिक्षा पर तुलनात्मक रूप से



सार्वजनिक व्यय कम रहा है। वहीं अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत का अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) व्यय-जीडीपी अनुपात में मात्र 0.7% है और 1.8% के विश्व औसत से भी बहुत कम है।


सरकार के विभिन्न प्रयासों के बावजूद आज भी अगर देश के 80 करोड़ लोग को निःशुल्क अनाज दिया जा रहा है तो निश्चित ही ये जनसंख्या अकुशल है। 'स्किल इंडिया' कई कारणों से अपेक्षित सफलता नहीं पा सका, जिसका मुख्य कारण प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे की कमी और निजी क्षेत्र की सीमित भागीदारी है। आज भी प्रशिक्षित, प्रमाणित और अंततः प्लेसमेंट पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या के बीच एक बड़ा बेमेल है। याद रहे एक कुशल और शिक्षित श्रम बल देश को उच्च विकास दर ले जाता है। कौशल व शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जहां निवेश के कई प्रभाव होते हैं। जब कार्यबल अधिक कुशल बनेगा, तब आर्थिक विकास की गति को बल मिलेगा, सामाजिक बुराइयां कम होंगी और महिलाएं भी सुरक्षित होंगी। परिणामस्वरूप देश का तेजी से विकास होगा। भारत चालू खाता घाटे से लगातार जूझता रहा है, जिसका अर्थ है कि भारत का आयात इसके निर्यात से अधिक है। पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद, भारत दुनिया के निर्यात में बमुश्किल 1.6 प्रतिशत योगदान देता है। 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक प्राथमिक उद्देश्य 2022 तक भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत तक बढ़ाना था हालांकि पिछले 9 सालों में यह 14 से 16 प्रतिशत के बीच बना हुआ है। पीएम गति शक्ति, नेशनल सिंगल विंडो क्लीयरेंस, जीआईएस-मैप्ड लैंड बैंक, उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना जैसी हालिया नीतियों के कार्यान्वयन से विनिर्माण क्षेत्र को लाभ होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था के बढ़ते आकार के बीच भारत के लिए आर्थिक असमानता को पाटने की बड़ी चुनौती है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्टः द इंडिया स्टोरी के अनुसार, भारत में सबसे अमीर 1 फीसद आबादी के पास देश की कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भले भारत की स्थिति पांचवीं हो गई हो, मगर विकास का हिस्सा बहुतों तक अभी पहुंच नहीं रहा है। पूंजीगत व्यय बढ़ने के बावजूद विश्व बैंक के अनुसार भारत का अवसंरचनात्मक अंतराल लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर के होने का अनुमान है। खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने, आय बढ़ाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए कृषि की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण बनी रहेगी। 2025 तक भारतीय एग्रीटेक बाजार की क्षमता 22 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जिसमें से अब तक बमुश्किल 2% पर ही हम पहुंच पाए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, कृषि आधारित औद्योगीकरण द्वारा संचालित होना चाहिए। सरकार के निवेश प्रोत्साहन पर निजी क्षेत्र की प्रतिक्रिया अपर्याप्त रही है, फिर भी इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं पर सरकारी खर्च जारी रहना चाहिए वहीं नई सरकार को बॉण्ड बाज़ार, बीमा बाज़ार और पेंशन बाज़ार का विकास भी करना चाहिए।

नई सरकार को कुछ श्रेणी में जीएसटी को भी युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है। दूसरी तरफ, सरकार अगर चाहे तो कर राजस्व बढ़ाने के लिए कॉरपोरेट कर, संपत्ति कर जैसे कर बढ़ा सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ता क़र्ज़ भी ऐसी चुनौती है जिसका भविष्य में समाधान निकालना ही होगा। साइबर अपराध के मामलों में तेजी से वृद्धि ने आम लोगों को बहुत आर्थिक चोट पहुंचाई है। निजी निवेश में सुधार अर्थव्यवस्था में तरक्की का सबसे अहम कारक होगा और अगली सरकार को इस पर खास जोर देना चाहिए। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान करने का ऐलान किया है। सरकार को इस धन को शिक्षा व रोजगार निर्माण में लगाना चाहिए।

(लेखक जेएनयू में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व




संकलित

दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

# स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## सटाका




## आज की पाती

### जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की आग कब बुझेगी?

हाल ही में जम्मू के रियासी जिला में आतंकियों ने श्रद्धालुओं से भरी बस पर जो कायरतापूर्ण हमला किया, वो बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है। इससे पता चलता है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। किसी भी धर्म में हिंसा का जिक्र नहीं है। इस आतंकी हमले पर कुछ बुद्धिजीवी और अन्य लोग यह तर्क भी दे रहे हैं कि यह हमला तब हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। कुछ राजनीतिक दल इस हमले पर राजनीति की रोटियां सेंकने की भी कोशिश कर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने में पाकिस्तान का सबसे बड़ा हाथ है। सवाल यह कि इस राज्य में आतंकवाद की आग कब बुझेगी?

*-सुरेश देवांगन, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

# अर्जेंटीना की सीनेट ने दी प्रमुख सुधारों को मंजूरी

अर्जेंटीना की सीनेट ने राष्ट्रपति जेवियर मिलेई द्वारा प्रस्तावित प्रमुख राज्य सुधार और कर विधेयकों को मंजूरी दे दी है, जिससे उदारवादी नेता को क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के अपने वादों को पूरा करने के प्रयासों में प्रारंभिक विधायी जीत मिली है। सांसदों ने 11 घंटे की चर्चा के बाद बुधवार देर रात 36 के मुकाबले 37 मतों से सुधार विधेयक को मंजूरी दे दी। इस कानून के प्रति तीव्र प्रतिक्रिया और अर्जेंटीना की कांग्रेस (संसद) में विधेयकों को लेकर पक्ष और विरोध में समान मत पड़ने के बाद उप राष्ट्रपति और सीनेट की सभापति विक्टोरिया विलारुएल ने मेइली के एजेंडे के पक्ष में निर्णायक मतदान किया। यह कानून ऊर्जा, पेंशन, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रपति को व्यापक अधिकार प्रदान करता है। इसमें कई ऐसे उपाय शामिल हैं जिन्हें विवादास्पद माना जाता है, जिसमें विदेशी निवेशकों के लिए एक उदार प्रोत्साहन योजना, अघोषित संपत्ति वाले लोगों के लिए कर माफी और अर्जेंटीना की कुछ सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के निजीकरण की योजना शामिल है। संसद के उच्च सदन सीनेट के सदस्यों को इस विधेयक के प्रत्येक अनुच्छेद को भी स्वीकृति देनी होगी।



## ऑफ बीट

# ओजान परत को नुकसान पहुंचाने वाले रसायन घट रहे

1985 में ओजोन परत में छेद की खोज के बाद से देशों ने इसकी बहाली में सहायता के लिए संधियों पर सहमति व्यक्त की है और उनमें संशोधन किया है।



इनमें सबसे उल्लेखनीय ओजोन परत को ख़राब करने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल है, जिसे व्यापक रूप से अब तक का सबसे सफल पर्यावरण समझौता माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य देश द्वारा अनुमोदित और पहली बार 1987 में अपनाए गए मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का उद्देश्य वायुमंडल में ओजोन-घटाने वाले पदार्थों की रिलीज को कम करना था। इनमें से सबसे प्रसिद्ध क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) हैं। 1989 से शुरू होकर, प्रोटोकॉल ने 2010 तक सीएफसी के वैश्विक उत्पादन को चरणबद्ध कर दिया और रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर और इंसुलेटिंग फोम जैसे उपकरणों में उनके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। क्रमबद्ध रूप से इन रसायनों को हटाने से कम स्थापित अर्थव्यवस्था वाले देशों को विकल्पों में बदलाव के लिए समय दिया और उन्हें प्रोटोकॉल के नियमों का अनुपालन करने में मदद करने के लिए धन उपलब्ध कराया। आज, रेफ्रिजरेटर और एयरोसोल के डिब्बे में प्रोपेन जैसी गैसें होती हैं।

## ट्रेंड

### पुनः कार्यभार संभाला



मैंने रक्षा मंत्रालय का कार्यभार पुनः ग्रहण कर लिया। रक्षा मंत्रालय रक्षा में आत्मनिर्भरता की दिशा में काम करना जारी रखेगा। हमारे सशस्त्र बल भारत की बाहरी सुरक्षा बनाए रखने में सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा मंत्री

### सावधानी के साथ तैनाती



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को थोड़ी सावधानी के साथ तैनात किया जा रहा है। सरकारों, उद्योग, शिक्षा जगत और नागरिक समाज को मिलकर एआई सुरक्षा के लिए नियम विकसित करने चाहिए, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### यही खेल चल रहा



उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के स्तर पर आउटसोर्सिंग से भर्तियों पर विचार किया जा रहा है। जिलों के अधिकारियों को पत्र भेजा गया था जो कि सोशल मीडिया पर वायरल है। भाजपा ने अग्निपथ स्कीम लाकर सेना को कमजोर किया। अब यूपी पुलिस में यही खेल चल रहा है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### स्टारशिप सर्वाधिक शक्ति वाली



स्टारशिप अब तक बनाई गई सबसे अधिक शक्ति वाली उड़ने वाली वस्तु है। वर्तमान में सैटर्न वी के दोगुने से अधिक जोर और, भविष्य के उन्नयन के साथ, तीन गुना जोर (10,000 टन बल)।

-एलोन मस्क, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप




### ई-रिक्शा चालकों ने यातायात डीएसपी को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** इंदौर में ई-रिक्शा चालक ने ट्रैफिक पुलिस की अवैध वसूली से परेशान होकर आत्महत्या का प्रयास करने के विरोध में राजधानी के ई-रिक्शा चालकों ने बुधवार को आंबेडकर पार्क में धरना देकर प्रदर्शन किया। ई-रिक्शा चालक संघ के प्रदशाध्यक्ष अरूण पांडे ने बताया कि चालकों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन यातायात डीएसपी को सौंपा। चालकों ने चेतावनी दी है कि अगर उनके साथ की जा रही अवैध वसूली को रोका नहीं गया तो वह आंदोलन करेंगे।

### चीतों के लिए कूनो में 1500 चीतल को शिफ्ट करने की तैयारी

**भोपाल।** प्रदेश के पालपुर कूनो नेशनल पार्क में बसे चीतों को भोजन की तलाश में पार्क से बाहर जाने से रोकने के लिए 1500 चीतल शिफ्ट किए जाएंगे। इसके लिए पेंच एवं बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व तथा माधव नेशनल पार्क से ये चीतल ट्रांसलोकेट होंगे तथा प्रत्येक वन्यप्राणी क्षेत्र से 500 चीतल लिए जाएंगे। इसके लिए वन विभाग ने अनुमति प्रदान कर दी है। अब वन मुख्यालय की वन्यप्राणी शाखा शिफ्टिंग की तैयारी करेगा। चीतों की खुराक के लिए इस शिफ्टिंग को प्रे-बेस बढ़ाना कहा जाता है।

### सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करेंगे दैनिक वेतनभोगी श्रमिक

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पत्र भेजकर दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों का एक अप्रैल से बढ़ाया गया वेतन जो माह जून में कम कर दिया गया है, उसे पुनः बढ़ाने की गुहार लगाई है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा पर प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी श्रमिको का वेतन 2225 रुपए प्रतिमाह बढ़ाया गया था, लेकिन टैक्सटाइल एसोसिएशन की याचिका पर इंदौर हाईकोर्ट ने वेतन बढ़ोतरी के आदेश पर स्थगन आदेश जारी कर दिया है। यदि शीघ्र दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों का वेतन पूर्व अनुसार नहीं बढ़ाया गया तो श्रमिक मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में हजारों की संख्या में शिकायत दर्ज कराकर वेतन वृद्धि की मांग करेंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कबीर उईके के शहीद होने पर किया दुख व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के सीआरपीएफ जवान कबीर उइके के जम्मू-कश्मीर में आतंकी मुठभेड़ में शहीद होने पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से शहीद जवान की पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने और परिजनों को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। छिंदवाड़ा ज़िले के ग्राम पुलपुलडोह थाना बिछुआ के कबीर उईके जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ में तैनात थे। मंगलवार की रात कठुआ में आतंकी मुठभेड़ में गोली लगने से वे घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, परंतु उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### डिप्टी सीएम शुक्ल ने राही को अर्पित की श्रद्धांजलि

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विंध्य क्षेत्र के प्रख्यात कवि, सीधी जिले के भंवरसेन में महाकवि बाणभट्ट समारोह के संरक्षक एवं रीवा विवि के पूर्व उप कुलपति रामदर्शन मिश्रा राही के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह साहित्य एवं शिक्षा जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। शुक्ल ने राही को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# तालाबों की गाद, मिट्टी, कीचड़ के विभागीय उपयोग पर नहीं लगेगी रॉयल्टी

**परिवहन और जल संवर्धन के निर्देश जारी**

**मध्यप्रदेश के सभी कलेक्टरों को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के सभी कलेक्टरों को तालाबों के गहरीकरण से प्राप्त कीचड़, गाद, मिट्टी के बिना रॉयल्टी भुगतान के परिवहन-जल संवर्धन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

इसमें स्पष्ट किया गया है कि ग्राम स्तरीय संगठनों अथवा कृषकों की ओर से कीचड़, गाद, मिट्टी का उपयोग संबंधित शासकीय विभाग अथवा ग्राम पंचायत से अनुमति प्राप्त कर किया जा सकता है। इसमें भी किसी प्रकार की रॉयल्टी भुगतान अथवा परिवहन अनुज्ञा प्राप्त करने की जरूरत नहीं होगी।

## ग्राम स्तरीय संगठनों और ग्राम पंचायत से अनुमति प्राप्त कर कर सकेंगे किसान

### विक्रय करने की अनुमति किसी को नहीं



खनिज संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव निकुंज श्रीवास्तव ने निर्देश में कहा कि विभाग की अनुमति से तालाब, बांध, नहर, स्टाप-डैम, जल निकाय से कीचड़, गाद, मिट्टी निकाली जाती है। ऐसी निकाली गई कीचड़, गाद, मिट्टी का उपयोग संबंधित शासकीय विभाग की ओर से स्वयं के विभागीय कार्यों में पूर्णतः उपयोग किया जाता है, तो ऐसी कीचड़, गाद, मिट्टी पर कोई रॉयल्टी देय नहीं होगी और ऐसी निकाली गई कीचड़, गाद, मिट्टी के परिवहन के लिए नियमों के अधीन कोई परिवहन अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि ग्राम पंचायत की ओर से निर्मित अथवा संधारित किसी तालाब, स्टॉप-डेम, जल निकाय से कीचड़, गाद, मिट्टी निकाली जाती है और उसका उपयोग ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं के विभागीय कार्यों में पूर्णतः किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में कोई रॉयल्टी देय नहीं होगी और न ही परिवहन अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि संबंधित शासकीय विभाग या ग्राम पंचायत इसका विक्रय नहीं कर सकेंगे और न ही विक्रय करने की अनुमति किसी को देंगे।

### कृषकों को न कोई रॉयल्टी देय होगी और न ही परिवहन अनुज्ञा की जरूरत

प्रमुख सचिव ने बताया कि जल-स्रोतों से निकाली गई कीचड़, गाद, मिट्टी की स्थानीय ग्रामीणों, ग्राम स्तरीय संगठनों, कृषकों को यदि गैर-व्यवसायिक प्रयोजन के लिए जरूरत है, तो उनके आवेदन पर संबंधित विभाग एवं ग्राम पंचायत निःशुल्क कीचड़, गाद, मिट्टी की अनुमति दे सकेंगे और इसके परिवहन के लिए स्थानीय ग्रामीणों के ग्राम स्तरीय संगठनों, कृषकों को न कोई रॉयल्टी देय होगी और परिवहन अनुज्ञा की आवश्यकता नहीं होगी। प्रमुख सचिव ने निर्देश में यह स्पष्ट किया है कि ग्राम स्तरीय संगठनों अथवा कृषकों द्वारा कीचड़, गाद, मिट्टी का उपयोग संबंधित शासकीय विभाग अथवा ग्राम पंचायत से अनुमति प्राप्त कर किया जा सकता है। इसमें भी किसी प्रकार की रॉयल्टी भुगतान अथवा परिवहन अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

## सामूहिक प्रयास और श्रमदान से बदली नदियों-तालाबों की

### स्वच्छता के साथ-साथ स्थानों पर पौधरोपण को किया जा रहा प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता के साथ-साथ इन स्थानों पर पौधरोपण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जल संवर्धन पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन नदी एवं तालाबों के घाट पर किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरचनाओं को व्यवस्थित करना, तालाबों, कुण्डों, बावडी के पानी का संरक्षण एवं घाटों की सफाई करना है।

### 2 लाख घन मीटर गाद निकाली

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र के सभी 413 नगरीय निकायों में रंगोली, वॉल पेंटिंग, बावड़ियों का रंग-रोगन, विद्यार्थियों की ओर से निबंध लेखन, स्लोगन लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता तथा नाले-नालियों की साफ-सफाई के साथ ही उनके आस-पास के अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया जा रहा है। 5 जून से 12 जून तक प्रदेश में लगभग एक लाख 80 हजार नागरिकों के श्रमदान से जल संरचनाओं के किनारे लगभग 36 लाख पेड़ लगाए गए। जल संरचनाओं में 30 लाख घन मीटर पानी का क्षमतावर्धन किया गया। जल संरचनाओं से 2 लाख घन मीटर गाद भी निकाली गई।

# जल संसाधन विभाग में सभी अधिकारियों इंजीनियरों की छुट्टियों पर 4 माह तक बैन



**अति वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश**

**जल संसाधन मंत्री सिलावट ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल संसाधन विभाग ने सभी मैदानी अधिकारियों से कहा कि अति वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। विभाग के 33 वृहद परियोजनाओं, 115 मध्यम सिंचाई परियोजना और 5693 लघु सिंचाई परियोजनाओं के तहत आने वाले सभी जल स्त्रोतों की तुरंत जरूरी मरम्मत और रखरखाव किया जाए। सभी स्तरों पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष बनाए जाएं और संबंधित विभागों के समन्वय से आपदा प्रबंधन की तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। आगामी चार माह में अनिवार्य कार्य के अलावा जन संसाधन विभाग में किसी को भी छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाए।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट बुधवार को जल संसाधन भवन में बैठक ले रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, विभाग के प्रमुख अभियंता सभी कछारों के मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण यंत्री मौजूद थे। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अधिक से अधिक सिंचाई का रकबा बढ़ाने का संकल्प है।

### जलस्रोतों से अतिक्रमण हटाया जाना बेहद जरूरी

पिछले वर्षों में प्रदेश में सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जलस्रोतों से अतिक्रमण हटाए जाना, उनका गहरीकरण और सौंदर्यकरण के कार्य किए जा रहे हैं। इसे जन आंदोलन बनाया गया है। हर व्यक्ति को जल संवर्धन और संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जलस्रोतों के आसपास पौधरोपण भी किया जा रहा है।

### सूखे पड़े तालाबों को पुनर्जीवित किया जाए: सिलावट

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि प्रदेश के कितने तालाब सूखे पड़े हैं और कितने जीवित हैं तथा सूखे पड़े तालाबों को किस तरीके से पुनर्जीवित किया जा सकता है, इस संबंध में योजना बनाकर प्रस्तुत की जाए। प्रदेश की सभी कच्ची नहरों को पक्का किए जाने के लिए भी योजना बनाई जाए। जिन नहरों में मरम्मत की आवश्यकता हो, उनकी तुरंत मरम्मत की जाए। अधिक व कम वर्षा वाले क्षेत्र के लिए अलग-अलग कार्य योजना बनाई जाए। विभिन्न संचालित योजनाओं को समय पर पूर्ण किया जाना भी आवश्यक है। विभागीय कार्यों की एक, दो एवं पांच वर्ष की कार्य योजना बनाई जाए।

## मध्यक्षेत्र के 20 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-1' का समापन

# घर से बनाना होगा समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण नागरिक कर्तव्य व कुटुम्ब प्रबोधन का वातावरण

**क्षेत्र संघचालक डॉ. सक्सेना ने कहा-**

- छत्तीसगढ़, महाकौशल, मालवा और मध्यभारत प्रांत के 382 स्वयंसेवक हुए थे शामिल
- शारदा विहार आवासीय विद्यालय के परिसर में हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य क्षेत्र के 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-1' के समापन कार्यक्रम में क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदू सक्सेना ने कहा कि हमें पंच परिवर्तन' की सीख घर से प्रारंभ होनी चाहिए। सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी, पर्यावरण और कुटुम्ब प्रबोधन का वातावरण घर से बनाना होगा। विभिन्न जाति समाज के लोग आपस में संवाद करके आगे की राह बनाएं। शारदा विहार आवासीय विद्यालय के परिसर में आयोजित समापन कार्यक्रम में मंच पर मुख्य अतिथि पूर्व कमांडर इन चीफ अंडमान और निकोबार कमांड वाइस एडमिरल बिमल वर्मा और वर्ग के सर्वाधिकारी सोमकांत उमालकर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने 20 दिन के प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया। उन्होंने संचलन, घोष, समता, योग, आसन, नियुद्ध, पदविन्यास और राष्ट्रभक्ति गीत की सामूहिक प्रस्तुति दी। वर्ग कार्यवाह रवि अग्रवाल में अतिथियों वर्ग का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया।

### भारत की चेतना का आधार है सबको साथ लेकर चलना

डॉ. पूर्णेन्दू सक्सेना ने कहा कि संघ आगे की ओर देखकर चलने वाला संगठन है। साम्प्रदायिक आधार भारत की चेतना नहीं है। भारत का आधार सबको साथ लेकर चलने का है। देश में जब साम्प्रदायिकता के आधार पर बंग भंग किया गया तो इस देश ने उसे अस्वीकार कर दिया। विचार करने की बात है कि जिस समाज ने 1910 तक साम्प्रदायिक विभाजन स्वीकार नहीं किया, उसी ने 1947 में साम्प्रदायिक आधार पर विभाजन स्वीकार कर लिया। हम अपना स्व भूल गए। इसलिए यह परिस्थिति बनी। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना करते समय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने यही सोचा कि स्वतंत्र होने के बाद देश फिर से परतंत्र न हो। इस देश को अपना समझने वाले समाज में राष्ट्रीयता का भाव भरने के लिए उन्होंने 1925 में संघ की स्थापना की।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए करें ध्यान और योग: वर्मा



वाइस एडमिरल बिमल वर्मा ने कहा कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं में धर्म और जाति का भेद नहीं है। सेना का अपना ही धर्म है। सेना की यूनिटें अलग–अलग प्रान्त से आती हैं। सेना की हर यूनिट में सर्वधर्म स्थल का निर्माण किया जाता है। एक ही छत के नीचे सभी धर्मों के श्रद्धा केंद्र रहते हैं। उन्होंने कहा कि अपने देश की सेना के प्रति आरएसएस को बहुत प्यार है। स्वयंसेवकों को सेना की संस्कृति के बारे में आम लोगों को भी बताना चाहिए। उन्होंने भ्रष्टाचार पर भी अपने विचार रखे। हमें भ्रष्टाचार के प्रति कठोरता लानी होगी। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में समाज ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने शिक्षार्थियों के योग प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हम सबको नियमित योग करना चाहिए।

### 4 प्रांतों के 382 स्वयंसेवकों ने लिया प्रशिक्षण

कार्यकर्ता विकास वर्ग-1 में कुल 382 शिक्षार्थी आए थे, जिनमें छत्तीसगढ़ से 78, महाकौशल से 85, मालवा से 118 और मध्यभारत से 97 चयनित स्वयंसेवक शामिल हुए। म्यांमार (ब्रह्मदेश) से भी 4 स्वयंसेवक वर्ग में आए थे। संचालन के लिए 19 अधिकारियों की संचालन टोली बनाई गई। प्रत्येक प्रांत से शिक्षक आए हैं। इस दौरान उन्हें संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सह-सरकार्यवाह केसी मुकुंद का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।

### स्मृति-चिह्न के तौर पर भेंट किए आम के 'सीड बॉल'

वर्ग में शामिल 382 शिक्षार्थियों, शिक्षकों, पालकों एवं अधिकारियों को स्मृति चिह्न के तौर पर आम के बीज से तैयार किए गए 'सीड बॉल' भेंट किए गए। वर्ग में ही कार्यकर्ताओं ने लगभग 1000 सीड बॉल तैयार किए थे। इन्हें रखने के लिए कागज के हस्तनिर्मित थैले भी बनाए। इन थैलों पर लिखा 'आम के आम-गुठलियों के भी दाम' महत्वपूर्ण संदेश देता है। सभी शिक्षार्थी एवं अन्य लोग सीड बॉल को अपने स्थान पर जाकर रोपेंगे। सीड बॉल से उगनेवाला आम का पेड़ कार्यकर्ता विकास वर्ग-1 की उनकी स्मृतियों को सदैव जीवंत रखेगा। संघ ने इस प्रयोग से शिक्षार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है।

**पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया**

# युवक का अपहरण कर की पिटाई आरोपी ने थाने में किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग-भिलाई

दुर्ग के जामुल थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड में युवक का अपहरण कर पिटाई के मामले में मुख्य आरोपी कांग्रेसी नेता विक्की शर्मा ने थाने में सरेंडर किया है। पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है।

केवल देवांगन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि युवक विक्की शर्मा के लिए ऑनलाइन महादेव एप सट्टा का संचालन करता था। उसकी रकम की वसूली के लिए कांग्रेसी नेता और उसके बेटे जय शर्मा ने उसका अपहरण कर उसकी जमकर पिटाई की। पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने विक्की शर्मा और उसके बेटे समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस पहले ही जय शर्मा को गिरफ्तार कर चुकी है, जिसके बाद विक्की शर्मा ने थाना पहुंचकर सरेंडर किया है। पुलिस ने विक्की शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। जामुल थाना प्रभारी केशव कोसले ने बताया कि युवक का अपहरण कर पिटाई के मामले में विक्की शर्मा और उसके बेटे जय शर्मा समेत अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

### 15 साल की बेटी के साथ फांसी के फंदे पर लटकी मां

**धमतरी।** धमतरी जिले में एक मां और बेटी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, धमतरी शहर के बनियापारा वार्ड निवासी खुशबू शर्मा की शादी दुर्ग में हुई थी। शादी के बाद पति से अनबन हो गई और वह अपने मायके वापस आ गई। पांच-छह वर्षों से वह अपने 13 साल की बेटी के साथ मायके में ही रह रही थी। दोनों ने बुधवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि अभी आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया है। मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# पति ने पत्नी और बेटे-बेटी पर किया कुल्हाड़ी से हमला, तीनों गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा के करतला में एक शख्स ने अपनी पत्नी, बेटे और बेटी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के वार से मां, बेटी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार देने के बाद कोरबा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी दो शादियां कर रखी हैं, जिसकी वजह से उसका पहली पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था।

आरोपी शरद दास महंत की पहली पत्नी टीका बाई है, जिससे उसकी बेटी टिंकी (22) और बेटा पवन दास (25) है। वहीं दूसरी पत्नी के चक्कर में शरद का पहली पत्नी से अक्सर विवाद होता था, जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पहली पत्नी का आरोप है कि पति उसे घर



खर्च नहीं देता, जिसके कारण उसका जीना दुश्वार हो गया है। इस मामले को लेकर कोर्ट ने भी आरोपी को फटकार लगाई है। बस इसी बात को लेकर शरद का पत्नी से विवाद हुआ और हिंसक घटना घट गई। आरोपी है कि शरद लॉकडाउन के समय अपनी पहली पत्नी, बेटी-बेटे को छोड़कर किसी दूसरी महिला के साथ रहने लगा था।

### पुलिस जांच में जुटी

घायल महिला ने बताया कि पति जब से दूसरी पत्नी के साथ रहने लगा है तब से कुछ भी खर्चा नहीं देता। किसी तरह वह अपनी बेटी और बेटे का भरण-पोषण करते आ रही है। घायल महिला ने बताया कि जब वह अपनी बेटी और बेटे के साथ किसी काम से जा रही थी तो इसी दौरान शरद ने उनपर हमला कर दिया। किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई, लोगों ने उसे पकड़ा। नहीं तो उनकी जान जा सकती थी। इस घटना के बाद आरोपी ने खुद को करतला पुलिस के हवाले किया और घटना की जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कोरिया में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग, योजना का नहीं हुआ असर

## झिरिया के पानी से प्यास बुझा रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरिया

एक ओर जहां केंद्र और राज्य सरकार आमजन के लिए मूलभूत सुविधाओं को उन तक पहुंचाने को लेकर प्रयासरत है। वहीं, दूसरी ओर जिले में जिस विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई है वे मजे से वातानुकूलित कमरे में बैठे हैं और नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत को चरितार्थ करते नजर आ रहे हैं। सरकार की महत्वपूर्ण योजना में से एक जल जीवन मिशन का कोरिया जिले में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ।

जिले में आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे गांव हैं, जहां पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को काफी मशक्कत और लंबी दूरी तय करनी होती है, तब



कहीं जाकर उनकी प्यास बुझती है और उन्हें पीने के लिऐ पानी उपलब्ध हो पाता है। जिले के सोनहत ब्लॉक में स्थित गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अन्दर बसा एक गांव तुर्री पानी है, जहां आज भी लोग तुर्रे का पानी पीकर अपनी गुजर बसर कर रहे हैं। इस तुर्रे से ही इस गांव का नाम तुर्री पानी पड़ा। यह तुर्रा किसी समतल स्थान पर नहीं है, बल्की तुर्रे तक पहुंचना बहुत ही संघर्ष पूर्ण है और तुर्री पानी की ग्रामीण महिलाएं और पुरुष यह कार्य रोज करते हैं। यह तुर्रा घने जंगल में पहाड़ों के नीचे स्थित है। जहां प्रतिदिन महिलाएं पहाड़ी चट्टानों से होते हुऐ सैकड़ों फीट नीचे जाकर तुर्रे से पानी भरकर वापस लौटती हैं।

### जगली जानवरों और खतरनाक सांपों का रहता है डेरा, बावजूद जाते हैं ग्रामीण

तुर्रे के पास ही खतरनाक सांपों का डेरा रहता है तो वहीं जंगली जानवरों का भी भय हर समय बना रहता है। बावजूद इसके ग्रामवासी आज भी इस तुर्रे पर ही निर्भर हैं और यहीं से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते हैं। कहने को तो गांव में तुर्रे से पानी के लिए सोलर पंप और पाइप भी बिछाया गया है और उसमें पानी भी आता है, लेकिन वह पानी ग्राम वासियों के लिए पर्याप्त नहीं होता तो वहीं गर्मी के दिनों मे पानी गर्म आता है और पीने में स्वाद भी अच्छा नहीं लगता, जिस कारण ग्रामीणों को मजबूरन तुर्रे से ही पानी लाना पड़ता है। वहीं प्रशासन ग्रामीणों की इस समस्या को दूर करने में असफल साबित हुई, जिसके कारण लोगों को रोज खतरे से गुजरना पड़ रहा है।

### जल जीवन मिशन फेल, न टंकी है न ही पानी


गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन का कार्य और नल के बेस तो बने हैं, लेकिन न ही टंकी का पता है और न ही पानी का। दो साल से ये योजना ग्रामवासियों के लिए सिर्फ सफेद हाथी साबित हो रही है। वहीं, संबंधित लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के ईई सीबी सिंह ने कहा कि वहां भू-जल की समस्या है और ट्यूबवेल असफल हो जाता है। हालंकि दो सौ फीट से दो स्टेज में पानी लाते हैं। हाथियों ने कुछ स्थान पर पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है तो कुछ जगह ग्रामीणों ने नुकसान कर दिया। पाइप से इसलिए अभी एक ही जगह पानी गिर रहा है।

**हत्या और आगजनी की घटना में रहा शामिल**


# कुटरू के पेठा से एक लाख रुपए का इनामी नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

भैरमगढ़ एरिया जैगुर आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष एक लाख के इनामी नक्सली को कुटरू के पेठा से पकड़ा गया है। उस पर दो स्थाई वारंट लंबित हैं। पुलिस ने बताया कि जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत बुधवार को कुटरू पुलिस ने ग्राम पेठा से भैरमगढ़ एरिया जैगुर आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष पायकु तेलम (38) पुत्र आयतु तेलम निवासी पेठा थाना कुटरू को पकड़ा गया। पकड़े गये नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम है। वह वर्ष 2005 से संगठन में सक्रिय है। उस पर दो स्थाई वारंट लंबित हैं तथा 10 हजार का इनाम उद्घोषित है।



पकड़ा गया इनामी नक्सली पायकु तेलम कुटरू थाना क्षेत्र के मंगा पेटा भैसाबाड़ा के पास 3 मार्च 2022 को हाईवा वाहन में आगजनी, 31 दिसंबर 2022 को दरभा निवासी चैतु माड़वी की हत्या, 20 जून 2023 को पाता कुटरू में सहायक आरक्षक संजय बेड़जा की हत्या व 11 मार्च 2024 को तेलीपेंटा निवासी पुसू तेलम का अपहरण कर हत्या करने की घटना में शामिल था।



# करन ने नए सितारों को दी ये सलाह ...

**नई दिल्ली।** करण जौहर बुधवार को मुंबई में अपनी आने वाली प्रोडक्शन किल के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल हुए। फिल्म मेकर ने इंडस्ट्री में बढ़ती हुई एन्टोरेज लागत के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 'एन्टोरेज लागत हमारी समस्याओं में सबसे छोटी है। यह कलाकारों का मुख्य पारिश्रमिक है जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि सभी एक्टर्स के लिए यह समझना बहुत अहम है कि समय कैसा है। हमारी फिल्मों का माहौल कैसा है, किसी भी साइज की बड़ी मोशन पिक्चर बनाना कितना कठिन और मुश्किल है। फिल्म निर्माण की प्रक्रिया में शामिल अतिरिक्त लागतों के बारे में विस्तार से बताते हुए केजेओ ने कहा, 'यह बहुत मुश्किल है।

लाइफ Style

# तापसी
## इतना भाव क्यों खाती है!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी पन्नू बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस है, जो फिल्मों और अपने काम से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती है। खासतौर से अपने बर्ताव के लिए। उन्हें अक्सर पपाराजी पर चिल्लाते या गुस्सा करते हुए देखा जा चुका है।

इस बार भी वो इसी कारण फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। उनका एटिट्यूड देख यूजर्स उन्हें जमकर खरी-खोटी सुना रहे हैं। एक ने लिखा, 'मुझे समझ में नहीं आता कि आप भी स्वघोषित सेलिब्रिटी के साथ सेल्फी क्यों लेना चाहते हैं।' दूसरे ने कॉमेंट किया, 'क्या है यार ये... अपने फैंस की रिक्वेस्ट करो उनकी वजह से हो।' अन्य लिखते हैं, 'ये इतना भाव क्यों खाती है, कुछ फिल्में करके।'

वीडियो में तापसी पन्नू अपनी बहन शगुन के साथ आती हुई दिख रही हैं। उन्हें देखते ही पपाराजी उन्हें रुककर पोज देने की रिक्वेस्ट करते हैं। कुछ फैंस भी हैं, जो सेल्फी लेने के लिए बेकरार दिखे। सभी 'मैम मैम...' कहते हुए उनसे तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश कर रहे हैं, लेकिन तापसी किसी की एक नहीं सुनती हैं। कार का दरवाजा खोलते हुए तापसी कहती हैं, 'हट जाइये, प्लीज हट जाइये। आप मेरे बहुत पास आ रहे हैं।' इसके बाद वो गुस्से में अपनी कार में जाकर बैठ जाती हैं। तापसी का ये बर्ताव देखने के बाद यूजर्स गुस्से से तमतमा गए हैं। कुछ लोग तो ये भी कह रहे हैं कि कोई इसका फैन कैसे हो सकता है!



हॉलीवुड मसाला



# अपने नाम से 'पिट' हटाएंगी...

**लॉस एंजिलिस।** एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की सबसे बड़ी बायोलॉजिकल बेटी शिलोह जोली-पिट ने 18 साल की होने के तुरंत बाद अपने आखिरी नाम (सरनेम) से 'पिट' हटाने के लिए कानूनी कागज कार्रवाई दायर की है। कभी हॉलीवुड के फेमस स्टार कपल रहे एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के रिश्ते खराब हो चुके हैं। अब उनसे जुड़ी एक बड़ी रिपोर्ट सामने आई है। बताया जा रहा है कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की सबसे बड़ी बेटी शिलोह जोली-पिट ने कथित तौर पर अपने आखिरी नाम से 'पिट' हटाने के लिए कानूनी कागजी कार्रवाई दायर की है।



# प्रैक्टिकल मैजिक के सीक्वल में नजर आएंगी सैंड्रा-निकोल

**लॉस एंजिलिस।** साल 1998 में आई वार्नर ब्रदर्स के बैनर तले बनी फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक के सीक्वल को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। हाल ही में स्टूडियो ने जानकारी दी है कि फिल्म के दूसरे भाग में सैंड्रा बुलॉक और निकोल किडमैन दोबारा नजर आ सकती हैं। सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी के अनुसार दोनों से इस फिल्म को लेकर बातचीत चल रही है। रॉबिन स्विकॉर्ड और एडम ब्रूक्स के साथ मूल फिल्म लिखने वाले अकीवा गोल्ड्समैन इस फिल्म की भी पटकथा लिखेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सैंड्रा और निकोल फिल्म से निर्माता के तौर पर मूल फिल्म के प्रोड्यूसर डेनिस डि नोवी के साथ जुड़ सकती हैं। फिलहाल, सीक्वल की कहानी के बारे में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।



# दिलीप कुमार को याद कर हुईं भावुक

**मुंबई।** अभिनेत्री फरीदा जलाल अपने करियर में राजेश खन्ना की हीरोइन रह चुकी हैं। राजेश खन्ना के अलावा उन्होंने दिलीप कुमार के साथ फिल्म 'गोपी' में काम किया था। दिलीप कुमार के बातें करते हुए अभिनेत्री कहती हैं, 'दिलीप साहब का दिल सोने का था। उनकी शालीनता की मैं क्या मिसाल दूं। उन जैसा कोई हो ही नहीं सकता है। सेट पर आप उनको देखकर कह ही नहीं सकते थे कि ये सुपर स्टार हैं'। 'मुझे अच्छी तरह से याद है जब मुझे 'गोपी' फिल्म ऑफर की गई थी तब मैंने दिलीप कुमार और मीना कुमारी के साथ काम करने के लिए तुरंत हां कर दिया था। एक कलाकार और इंसान के तौर पर मुझे दोनों से काफी कुछ सीखने को मिला था। मैं आज भी दिलीप कुमार और मीना कुमारी की फैन हूं'।



# बॉर्डर के पूरे हुए 27 साल मनाया जश्न...

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा की कल्ट फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर' ने गुरुवार को अपनी रिलीज के 27 साल पूरे कर लिए। इस खास मौके पर फिल्म के सीक्वल का भी ऐलान हो चुका है। सनी देओल ने सोशल मीडिया पर फिल्म की आधिकारिक घोषणा गुरुवार (13 जून) को कर दी। इस अवसर पर अभिनेता जैकी श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर खास अंदाज में फिल्म के 27 साल पूरे होने का जश्न मनाया है। दरअसल, अभिनेता ने फिल्म में अपने अभिनय को याद करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सीन की एक क्लिप पोस्ट की है। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों को टैग किया। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ ने वायु सेना के अधिकारी विंग कमांडर आनंद बाजपेयी का किरदार निभाया था।

टीवी मसाला




# 'बिग बॉस ओटीटी 3' के घर में होगी मीका सिंह की एंट्री?

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी' का तीसरा सीजन जल्द ही दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए तैयार है। हर कोई यह जानने के लिए उत्साहित है कि इस बार रियलिटी शो में कौन भाग लेगा, वहीं अब खबर आई है कि गायक मीका सिंह को भी अनिल कपूर के शो के लिए अप्रोच किया गया है। कथित तौर पर, निर्माता शोबिज की दुनिया से एक लोकप्रिय नाम को लाने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल उनके पास अभिनेत्री-निर्माता पूजा भट्ट थीं, अब वे मीका सिंह को शो में लाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि मीका की मेकर्स के साथ डील फाइनल हुई है या नहीं। 'बिग बॉस ओटीटी 3' का प्रीमियर 21 जून को जियो सिनेमा पर होगा और इसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। शो की मेजबानी के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए, अनिल कपूर ने पहले कहा था, "बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं! हम दोनों दिल से जवान हैं; लोग अक्सर मजाक में कहते हैं कि मैं उल्टा बूढ़ा हो रहा हूं, लेकिन बिग बॉस वाकई अच्छा शो है। यह कुछ हद तक स्कूल वापस जाने जैसा लगता है, कुछ नया और रोमांचक करने की कोशिश करना।


## मोना सिंह ने ठुकरा दिया था करण ओबेरॉय से शादी का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** करण ओबेरॉय और मोना सिंह की मुलाकात साल 2006 में टीवी शो 'जस्सी जैसी कोई नहीं' की शूटिंग के दौरान हुई थी। सेट पर एक दूसरे के साथ ज्यादा समय बिताने के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थीं। हालांकि, कुछ समय तक डेट करने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया था। हाल ही में एक साक्षाकार के दौरान अभिनेता ने अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वह मोना से शादी करना चाहते थे, लेकिन अभिनेत्री ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया था। उस समय को याद करते हुए करण ने मोना को बेपरवाह और खुलकर हंसने वाली शख्सियत बताया, जिसकी वजह से वह उनकी ओर आकर्षित हुए थे। उन्होंने कहा कि भले ही दोनों का रिश्ता टूट गया हो, लेकिन उनके मन में मोना के लिए कोई भी बुरी भावना नहीं है। करण ने स्वीकार किया कि उस समय वह इस दृष्टिकोण को नहीं समझ पाए थे।



# फिल्म फसल के सॉन्ग 'बलमु के हिपिया' ने मचाई धूम...

**नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्म फसल की जोरदार धूम है। फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला और इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे लीड रोल में है। मरून कलर सडिया गाना इसका यूट्यूब पर जमकर धूम मचा रहा है। इस गाने में भोजपुरी की यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे और जुबली स्टार निरहुआ नजर आ रहे है। लेकिन आप जानते हैं कि मरून कलर सडिया और फसल में जान बसल गानों की खूब धूम है। इन भोजपुरा गानों में निरहुआ और आम्रपाली दुबे की केमेस्ट्री को जमकर पसंद किया जा रहा है। लेकिन भोजपुरी फसल का एक और गाना भी है जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। हम बात कर रहे हैं फसल फिल्म के गाने बलमु के हिपिया को खूब पसंद किया जा रहा है। भोजपुरी सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे के गाने और फिल्में जब भी आती हैं तो बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा देती है। ऐसा ही कुछ फसल के बारे में भी कहा जाता है। लेकिन इसके गाने भी कम धूम नहीं मचा रहे है। बलमु के हिपिया (यहां हिपिया से अर्थ हिप्पी कट हेयर स्टाइल से है)।



# 15 अगस्त को रिलीज नहीं होगी फिल्म 'पुष्पा 2'

**नई दिल्ली।** टी सीरीज की फिल्म 'खेल खेल में' के इस साल 15 अगस्त को रिलीज होने की बात तय होते ही अब ये भी तय हो चला है कि इस दिन फिल्म 'पुष्पा 2' रिलीज नहीं हो रही है। फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज 15 अगस्त को होनी है, ये तय होने के बाद से तमाम हिंदी और दूसरी भाषाई फिल्मों ने अपनी फिल्मों की रिलीज डेट आगे पीछे कर ली थी। सबसे पहले इस तारीख पर फिल्म रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' उर्फ 'सिंघम 3' आने का एलान हुआ था लेकिन 'पुष्पा 2' के इसी तारीख को आने की घोषणा के बाद एक सुपरहिट फिल्म की सख्त जरूरत महसूस कर रहे निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म 'सिंघम अगेन' को खिसकाकर दिवाली के पास कर लिया था। फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज टलने के बाद भी अजय देवगन की इस फिल्म के अब 15 अगस्त को वापस रिलीज होने की संभावना नहीं है। अजय देवगन ने इस बारे में पूछे जाने पर गुरुवार को भी इससे इनकार ही किया।



जानकारी के मुताबिक फिल्म 'पुष्पा 2' में मुख्य विलेन बने मलयालम सिनेमा के अभिनेता फहद फासिल इन दिनों कई फिल्में एक साथ कर रहे हैं और फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए मिली उनकी तारीखों का उपयोग किया भी जा रहा था।

# जब हेलेन संग रिलेशनशिप में आए सलीम खान, अरबाज सलमान को किया घर से दूर



**मुंबई।** अरबाज खान के पॉपुलर पॉडकास्टर 'द इनविंसिबल्स' पिछले साल यूट्यूब शुरू हुआ। इस चैट शो के पहले एपिसोड में उन्होंने अपने पिता, स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान का इंटरव्यू लिया था। यह टॉक शो काफी चर्चित रहा। इसमें सलीम ने अपनी पर्सनल लाइफ, शादीशुदा होत हुए हेलेन से संग रिलेशनशिप और शादी और बच्चों के साथ उनके व्यवहार के बारे में बात की थी। अब इस इंटरव्यू का एक अनकट वर्जन जारी किया गया है। इस इसमें सलीम खान को दूसरी शादी और बच्चों को बोर्डिंग स्कूल के बारे में बात करते हुए देखा जा सकता है। अरबाज खान ने अपने पिता से सलमा खान से शादी के बारे में पूछा। उन्होंने ये भी पूछा कि चुनौती के दौरान उन्होंने दोनों तरफ की फैमिली को कैसे एक साथ लाकर खड़ा किया? अरबाज ने सलीम खान से पूछा कि हेलेन के रिलेशनशिप में रहने के दौरान उन्हें (अरबाज) और सलमान खान को बोर्डिंग स्कूल में क्यों भेजा गया? सलीम खान ने कहा कि वह नहीं चाहते थे कि अरबाज और सलमान की एजुकेशन में किसी भी तरह की बाधा न आए। उन्होंने कहा, 'जाहिर है, तुम दोनों परेशान होते, जिसका असर तुम्हारी पढ़ाई पर पड़ता। लेकिन मैं तुम्हें 2 साल बाद वापस ले आया।'

## सलमा खान ने सबसे पहले हेलेन को एक्सेप्ट किया

अरबाज खान ने फिर पिता से पूछा कि उन्होंने बिना किसी फैमिली को छोड़े इस स्थिति को कैसे संभाला। सलीम ने जवाब दिया, 'उस समय, यह बहुत ज़रूरी था कि मेरी मंशा सभी को समझ में आए, मेरे बच्चे, घर के सदस्य, सभी जानते थे कि मैं परिवार या हेलेन को नहीं छोड़ना चाहता। तुम्हारी मां सलमा ने सबसे पहले हेलेन को स्वीकार किया और धीरे-धीरे सभी ने मिलजुलकर रहना शुरू कर दिया।'


## सलीम ने बताया कठिन चुनौती

सलीम खान ने यह भी कहा कि कई लोगों ने फिल्मों और असल जिंदगी में इस तरह के रिश्ते को दिखाने की कोशिश की है, लेकिन दोनों तरफ के लोगों को एक जैसी इम्पोर्टेंस देना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा, 'यही बात इसे इतना चुनौतीपूर्ण बनाती है।' सलीम खान ने 1964 में सुशीला चरक से शादी की, जिन्होंने बाद में अपना नाम सलमा खान रख लिया। उनके तीन बेटे हैं - सलमान खान, अरबाज खान और सोहेल खान। सलीम खान ने 1981 में हेलेन से शादी की थी।

# 1976 की सुपरहिट फिल्म, स्क्रिप्ट सुनते-सुनते ही सो गए थे शत्रुघ्न सिन्हा

*हिंदी सिनेमा का दिग्गज सितारा, जिन्होंने अपने करियर की शुरुआत में कई छोटे-छोटे रोल किए दमदार आवाज वाले वो स्टार हैं शत्रुघ्न सिन्हा। साल 1976 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था, जिसके लिए वह पहली पसंद ही नहीं थे। लेकिन, इसी फिल्म ने उन्हें रातोंरात स्टार बनाया था। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। देखते ही देखते वह लीड एक्टर्स की जमात में खड़े हो गए। लेकिन यहां तक आने के लिए उन्हें काफी कुछ झेलना पड़ा था। तब जाकर एक्टर की नैया पार लगी थी।*

**नई दिल्ली।** आज इंडस्ट्री के दिग्गज कहलाने वाले स्टार शत्रुघ्न सिन्हा को साल 1976 में फिल्म कालीचरण में काम करने का मौका मिला था। इसी फिल्म के बाद उनकी किस्मत का सितारा चमका था। इससे पहले उन्होंने जिन फिल्मों में काम किया, उनसे उन्हें वो पहचान नहीं मिली, जो इस फिल्म से मिली। फिल्म कालीचरण में शत्रुघ्न सिन्हा को पहली बार लीड रोल में अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिला था। फिल्म में बतौर स्टार उनकी जिंदगी बदल दी। वह रातोंरात स्टार बन गए थे। फिल्म इतनी बड़ी हिट साबित हुई थी कि फिल्म के डायलॉग लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगे थे।



## राजेश और सुनील को ऑफर हुई थीं फिल्म

शत्रुघ्न सिन्हा से पहले ये फिल्म राजेश खन्ना और सुनील दत्त जैसे स्टार्स को भी ऑफर हुई थी। लेकिन बात नहीं बनी। क्योंकि फिल्म से किस्मत तो राजेश खन्ना की चमकने वाली थी, फाइनली फिल्म उनके हिस्से में आई और देखते ही देखते वह मेकर्स की पहली पसंद बन गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के लिए सुभाष घई ने ही डायरेक्टर सिप्पी साहब को शत्रुघ्न सिन्हा का नाम दिया था। लेकिन जब सुभाष घई उनके पास स्क्रिप्ट लेकर गए तो कहानी सुनते -सुनते शत्रुघ्न सिन्हा सो गए थे। फिर भी उन्होंने फिल्म के लिए एक्टर को राजी कर लिया था और यही फिल्म उनके लिए मील का पत्थर साबित हुई थी। बता दें एक समय ऐसा भी था जब फिल्म 'खिलौना' से तो शत्रुघ्न सिन्हा को बाहर ही कर दिया गया था। तब इस फिल्म की लीड एक्टर मुमताज ने डायरेक्टर से झगड़कर एक्टर को फिल्म में दोबारा से काम दिलाया था। दोनों कॉलेज टाइम से ही अच्छे दोस्त रहे हैं।